फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 85 प्रभात जयपुर, गुरुवार 27 अक्टूबर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**The Pickpocket** — Before I could restrain him, he lunged forward with a cry of, "Stop thief!" and caught hold of a young man standing a couple of feet ahead of us.

**AI To Protect Teen Privacy**

**DHuman Garbage In Space** — One of the ways to deal with trash and waste is to compact it

# सोनिया व राहुल गांधी ने ''स्ट्रॉंग मैसेज'' दिया खड़गे के लिये आयोजित ''फंक्शन'' में

## मैसेज था, सोनिया व राहुल, दोनों की गहलोत से उतनी ही नाराजगी बरकरार है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर। मल्लिकार्जुन खड़गे ने 26 अक्टूबर को सुबह कांग्रेस के नए अध्यक्ष का पद भार संभाल लिया और फोकस एक बार फिर राजस्थान पर आ गया है तथा चर्चा है कि अब क्या होगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री सुबह दिल्ली आए और देर शाम जयपुर लौट गए। सुबह ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर हुए समारोह में सचिन पायलट भी मौजूद थे और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा सहित राजस्थान के कई नेता भी उपस्थित थे।

- गहलोत ने दो बार राहुल से बात करने का प्रयास किया, पर, दोनों ही बार, उन्हें अवहेलना ही मिली।
- ए.आई.सी.सी. में आयोजित इस ''फंक्शन'' के बाद मुख्यमंत्री व ए.आई.सी.सी. के पदाधिकारी खड़गे के निवास पर एकत्रित हुए, जहां खड़गे ने उन सब के लिये भोज आयोजित किया था। गहलोत, पवन बंसल आदि नेतागण भोज में शामिल हुए।
- उल्लेखनीय बात यह थी कि, एक तरफ तो गहलोत को अवहेलना मिली सुबह के फंक्शन में, दूसरी ओर, अजय माकन को काफी भाव मिला, उदाहरण के लिये उन्हें, पार्टी द्वारा सोनिया गांधी के प्रति आभार व्यक्त करने व धन्यवाद देने वाले प्रस्ताव को सार्वजनिक रुप से पढ़ने की जिम्मेवारी दी गई। चर्चा है कि, माकन की पदोन्नति होगी।

रोचक बात यह रही कि सोनिया व राहुल दोनों ने ही कड़ा संदेश दिया कि इससे स्पष्ट हो गया कि वे मुख्यमंत्री से कितने ज्यादा नाराज़ हैं।

गहलोत ने दो बार राहुल से बात

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## खड़गे कर्नाटक के दूसरे नेता हैं जो कांग्रेसाध्यक्ष बने

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर। वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे अधिकृत रुप से सोनिया गांधी से कांग्रेस अध्यक्ष का पद ग्रहण कर लिया। सोनिया ने इस दौरान कहा कि वे बहुत हल्का महसूस कर रही हैं साथ ही कहा कि खड़गे ने

- कर्नाटक के एस. निजलिंगप्पा पहले पार्टी अध्यक्ष बने थे 1968 में।

एक मुश्किल समय में पार्टी की जिम्मेवारी ली है क्योंकि पार्टी इस समय अजेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की तरफ से मुश्किल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# खड़गे ने 47 सदस्यीय ''स्टिअरिंग कमेटी'' गठित की: पुराने विद्रोही आनन्द शर्मा को भी शामिल किया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यू.सी.) को बुधवार को भंग कर अपनी खुद की 47 सदस्यीय संचालन कमेटी का गठन किया जो सी.डब्ल्यू.सी. के स्थान पर कार्य करेगी। यह जानकारी ए.आई.सी. सी. महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में दी गई है।

उन्होंने प्रमुख विद्रोही नेता आनंद शर्मा को भी अपनी टीम में शामिल किया है। साथ ही अधिकांश निवर्तमान

- सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के अलावा लगभग सभी निवर्तमान महासचिवों, जैसे वेणुगोपाल, अजय माकन, जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, रणदीप सुरजेवाला, तारिक अनवर, पवन बसंल व अधीर रंजन चौधरी को स्टिअरिंग कमेटी का सदस्य बनाया।

महासचिव भी टीम में लिए गए हैं जिनमें वेणुगोपाल, अजय माकन, जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, प्रियंका गांधी वाड्रा, रणदीप सिंह सुरजेवाला और तारिक अनवर शामिल हैं। पार्टी कोषाध्यक्ष पवन बंसल और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी टीम में लिया गया है।

संचालन कमेटी के अध्यक्ष खड़गे हैं। इस कमेटी में 47 अन्य सदस्य भी हैं। वे हैं: सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, ए.के. एंटनी, डा. अभिषेक मनु सिंघवी, अजय माकन, अम्बिका सोनी, आनंद शर्मा, अविनाश पांडे, गखम्बम, हरीश राव, जयराम रमेश,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## केजरीवाल का हिन्दुत्व यू. टर्न

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने राजनैतिक हल्कों में एकबार फिर नया शगूफा छोड़ दिया, उन्होने माँग की है कि करेंसी नोटों पर लक्ष्मी एवं गणेश के चित्र भी छापे जायें।

आप प्रमुख कुछ समय से भाजपा को, उसके द्वारा हिन्दू कार्ड खेलने के मामले में पछाड़ने की कोशिश में लगे हुये हैं। वर्ष 2020 के दिल्ली-चुनावों से पहले, उन्होंने एक सार्वजनिक मंच पर हनुमान चालीसा पढ़ी थी, तथा पार्टी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजस्थान को लेकर अजय माकन का फीडबैक और रिपोर्ट आलाकमान की नजर में सही है

## समानान्तर बैठक बुलाने वाले शांति धारीवाल और महेश जोशी के माकन पर लगाए गए आरोप आलाकमान ने झूठे माने

जयपुर, 26 अक्टूबर (का.प्र.)। कांग्रेस में नए अध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने के साथ ही एक बार फिर सबकी नजर राजस्थान पर लग गई है, जहां का निर्णय फिलहाल अटका हुआ है। राजस्थान वह प्रदेश है जहां मल्लिकार्जुन खड़गे पर्यवेक्षक बनकर कांग्रेस आलाकमान की ओर से विधायक दल की बैठक लेने आए थे। उस दौरान जो भी घटनाक्रम हुआ, वह ना सिर्फ मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए, बल्कि पूरी कांग्रेस के लिए ही पहला कटु अनुभव था।

ऐसे में अब खड़गे अध्यक्ष बनकर जो निर्णय लेंगे, वह उनके अध्यक्ष पद के दौरान किए जाने वाले फैसलों की झलक दिखाएगा।

देखना महत्वपूर्ण यह भी होगा कि राजस्थान के प्रभारी महासचिव अजय माकन का स्थान, अब किसे मिलता है। लेकिन जिस तरह से मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यभार ग्रहण समारोह में

- यही कारण है कि, खड़गे के पदभार ग्रहण समारोह में पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का आभार जताने का मौका माकन को दिया गया।
- अब नए प्रभारी महासचिव बनेंगे, लेकिन राजस्थान को लेकर होने वाले फैसलों में आगे भी माकन की भूमिका से इन्कार नहीं किया जा सकता।

अजय माकन को पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का आभार जताने का मौका दिया गया, वह संकेत है कि अजय माकन महासचिवो में महत्वपूर्ण स्थान हासिल करने वाले हैं। वही उन्हें यह मौका देकर कांग्रेस आलाकमान और नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने एक बात और स्पष्ट कर दी है कि जिस तरह से राजस्थान में 25 सितंबर को जो कुछ भी हुआ और उसके बाद में मंत्री शांति धारीवाल सहित महेश जोशी और अन्य नेताओं ने माकन को लेकर जो आरोप लगाए या बयानबाजी की, वह कांग्रेस आलाकमान की नजर में झूठी थी। यदि अजय माकन पर लगाए गए आरोप सही माने जाते तो खड़गे के कार्यभार ग्रहण करने के मौके पर उन्हें सर्वाधिक तवज्जो नहीं मिलती। ऐसे में एक बात तो बहुत स्पष्ट है कि प्रभारी महासचिव के रूप में अजय माकन ने राजस्थान को लेकर जो कुछ भी फीडबैक और रिपोर्ट पार्टी की तत्कालीन अध्यक्ष सोनिया गांधी को दी थी, उन फीडबैक और रिपोर्ट को सही माना गया है।

भले ही अब अजय माकन के स्थान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एक लाख छात्रवृत्तियाँ

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर। केन्द्र सरकार ने नैशनल स्कॉलरशिप पोर्टल

- केन्द्र सरकार ने जारी 1 लाख गरीब छात्रों के लिए मैरिट स्कॉलरशिप के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी है।

(एन.एस.पी.) पर नैशनल मीन्स-

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

**चापलूस आपको हानि पहुंचा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। –हरिऔध**

# वीआईपी संस्कृति राजनेताओं के सिर चढ़ी है

आज़ादी की लड़ाई सामंती व्यवस्था के खिलाफ भी उतनी ही थी जितनी अंग्रेजों के साम्राज्यवादी शासन के खिलाफ। संविधान सभा ने जब भारत को गणतांत्रिक राष्ट्र घोषित किया तब संविधान निर्माताओं की यही भावना थी कि देश के सभी नागरिक बराबर हों। सबको सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय मिले। उनमें प्रतिष्ठा और अवसर की समानता हो। प्रत्येक नागरिक की गरिमा हो। मगर दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मौजूदा सांसदों के इलाज के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं तय करने वाली उसके निदेशक की चिट्ठी, जो बाद में वापस ले ली गई, ने आज़ादी के अमृत महोत्सव के दौरान एक जरूरी बहस जरूर छेड दी है। हालांकि यह मामला चिकित्सा के इस प्रमुख संस्थान में वर्तमान सांसदों के इलाज की विशेष व्यवस्था को लेकर है किन्तु इसके बहाने देश और समाज में अति विशिष्ठ व्यक्ति संस्कृति यानी 'वीआईपी कल्चर' पर जरूरी बहस की भूमिका बन गई है। क्या संविधान की भावना को ठेस पहुंचाने वाली सामंती समाज की इस विरासत को ढोना इस देश के नागरिकों की नियति है? एम्स में सांसदों के इलाज के लिये अलग से विशेष व्यवस्था का जिस आधार पर संस्थान के रेजिडेंट चिकित्सकों के संगठन ने विरोध किया है और निंदा की है वह अन्य सभी सेवाओं पर लागू होती है। इन चिकित्सकों का कहना है कि किसी भी मरीज को दूसरे के विशेषाधिकारों की कीमत पर नुकसान नहीं उठाना चाहिए। उन्होंने यह महत्वपूर्ण सवाल उठाया है। किन्हीं के विशेषाधिकारों की कीमत देश के आम नागरिक क्यों चुकाये।

वीआईपी कल्चर हमारे शासन तंत्र में सर्वत्र फैला हुआ है। अब्राहम लिंकन की लोकतान्त्रिक सरकार की यह अवधारणा कि निर्वाचित सरकार लोगों की, लोगों द्वारा, लोगों के लिए होती है की आजादी के बाद बड़े गर्व से घोषणा की जाती थी। अब उसे कोई याद नहीं करता। अब तो निर्वाचित सरकार विशेष लोगों की, विशेष लोगों के द्वारा, विशेष लोगों के लिए की हो कर रह गई है। सब अपने और अपनों के लिए हो गये हैं और लगभग सभी सामंती मूल्य फिर से हम परभारी पद रहे हैं। जॉर्ज ऑरवेल ने बीसवी सदी के शुरू में लिखे गये उपन्यास 1984 के मूल में यही था कि पूंजीवादी लोकतन्त्र सभी बराबर होते हैं मगर कुछ अधिक बराबर होते हैं। यह प्रतीकात्मक उपन्यास 1970 के दशक में उदयपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विषय में पाठ्यपुस्तक के रूप में पढ़ाया जाता था। आज इस उपन्यास के प्रतीक हम धरातक प्रत्यक्ष अनुभव कर रहे हैं। कुछ लोग जो विशेष होते हैं हर कहीं आम नागरिक से आगे या ऊपर की हैसियत ही नहीं, विशिष्ठ सेवा भी पाते हैं। यह संस्कृति लोकतंत्र में सार्वजनिक संस्थानों को कमजोर करती है और उन्हें राजनेताओं की निजी जागीरें जैसी बना देती है। शासन और आम नागरिक के बीच दूरी बना देती है। लोगों में इसके प्रति तिरस्कार की भावना और विरोध तथा क्रोध होता है मगर वे उसे सहन करते हैं। राजस्थान जैसे प्रदेश में हर पांच साल के बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में सरकार बदलती सबने देखी हैं। मतदाताओं का यह व्यवहार उनकी नाराज़गी ही परिलक्षित करता है। मगर दीवार पर लिखी यह बड़ी लिखाई राजनेता पढ़ना नहीं चाहते। उन्हें लगता है कि क्योंकि लोगों का कोई आक्रोश सड़कों पर नहीं नज़र आता इसलिए ऐसा कुछ नहीं है। सरकार राजनैतिक नियुक्तियां करके तथा लोकलुभावने कार्यक्रमों पर राजकोष का पैसा बहा कर मतदाताओं को खुश कर देने की आशा करने वाली सरकारों को चुनाव में परास्त हुए अनेक बार देखा गया है।

**वीआईपी संस्कृति का बढ़ती समृद्धि के साथ भी सीधा संबंध देखा जा सकता है। दो पीढ़ी पहले, लोग ईश्वर से डरने वाले, मोटे तौर पर अनुशासित और शिष्टाचार वाले होते थे लेकिन जैसे-जैसे आजादी के बाद की पीढ़ियां समृद्ध तथा सक्षम हुई पालन-पोषण की शैली बदल गई। लोग अचानक बुनियादी जिम्मेदारियों से छूट गए।**

किसी के अति विशिष्ट होने का अर्थ है भारत के अन्य नागरिक दोयम दर्जे के हैं। भारत का संविधान बनाने वाले लोगों की भावना ऐसा नया राष्ट्र बनाने की नहीं थी जिसमें कुछ लोग औरों से ऊपर हों जिनकी सेवा वैसे ही पहले की जाय जैसी रियासती जमाने में सामंतों की होती थी। उन्होंने ऐसे देश और समाज की कल्पना की थी जिसमें सब बराबर हों। यदि लाइन लगी हो तो किसी के लिए वह लाइन नहीं टूटे। भारतीय समाज में घुसपैठ कर गई कुछ ऐतिहासिक गैरबराबरी को खत्म करने के लिए एक निश्चित समय के लिए संविधान ने जरूर उपाय किये। आज़ादी की सुबह सभी ने ऐसी कल्पना की थी कि राजनीति सेवा के लिए होगी और राजनेता अपनी हैसियत बनाने नहीं बल्कि सेवा करने के लिए आएंगे। महात्मा गांधी ने इसी सेवा भाव को देकर राजनीति को पवित्र बनाने का प्रयत्न किया। आजादी के तुरन्त बाद के कुछ काल में जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री एवं बाद में मोरारजी देसाई जैसे लोगों ने सादगी भरा जीवन जिया जो महात्मा गांधी के मन–वचन–कर्म से अनुप्रेरित था। इन नेताओं का जीवन शासन के व्यवहार में भी झलकता था। इसलिए वे लोग अपनी सीधी–सादी जीवन प्रणाली के लिये आज भी दंत कथाओं की तरह याद किये जाते हैं। दुर्भाग्य से यह शैली लम्बे समय तक बरकरार नहीं रही और अब तो वीआईपी कल्चर हमारे सामाजिक–राजनैतिक जीवन में किसी असाध्य बीमारी की तरह अपना घर बना चुका है जो सम्पूर्ण लोकतांत्रिक व्यवस्था को ही लील लिया है। अब राजनीति में प्रवेश सेवा करने के लिए नहीं अपना और अपनों का हित साधने के लिए किया जाता है। शासन के संविधान प्रदत्त सभी स्तरों पर राजनीति का प्रपंच का बोलबाला है। ऐसा निर्वाचित राजनैतिक नेतृत्व प्रशासन तंत्र को अपनी सेना मानता है जिसके जरिये वह लोगों पर राज करता है। इससे दरबारी संस्कृति नये–नये रूपों में पल्लवित हो चली है। इन हालात ने आम नागरिक को भी मजबूर किया है कि यदि वह मदद चाहता है या खरोंचों से बचना चाहता है तो उसे इस दरबारी संस्कृति का हिस्सा बनना पड़ता है। उधर नेता हों या बाबू, सभी में यही होड लगी रहती है कि वे आम लोगों से श्रेष्ठ कैसे बनें। उन्हें यह श्रेष्ठता शासन के बल पर मिलती है। वीआईपी संस्कृति धीरे–धीरे नौकरशाही और राजनेताओं के मानस में इस हद तक प्रवेश कर गई है कि वे खुद को व्यवस्था से ऊपर मानने लगे हैं।

विशिष्ठ व्यवहार पाने की ब्रिटिश–युग की प्रथा को छोड़ना राजनेताओं और वरिष्ठ नौकरशाहों मुश्किल लगता है। उनके विशेषाधिकार अब अनौपचारिक प्रोटोकॉल जैसे ही बन गये हैं। इसके चलते राज की चिप्पी लगा विशेषाधिकार चाहने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। उनके इस चाहत की दीवानगी की कोई हद नहीं है। विशेषाधिकार से हैसियत, रसूख और पैसा बनता है। व्यक्ति कायदे कानूनों से ऊपर हो जाता है। वीआईपी कल्चर जहां एक तरफ समानता के संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन करता है वहीं दूसरी तरफनागरिक स्वतंत्रता की भी अवमानना करता है। मगर सरकार या राजनैतिक दलों से इस फलती फूलती व्यवस्था समाप्त करने की उम्मीद करना बेकार है क्योंकि सारी सियासत इसी संस्कृति का पोषण करती है और उसे बचाए रखती है। सामंती दौर में मसखरों और लुटेरों से घिरे राजाओं, महाराजाओं और सुल्तानों की सनक ही इंसाफ हुआ करती थी। आजादी के इतने वर्षों बाद लगता है हम उसी तरफ झुकते नज़र आ रहे हैं। अब राजनेताओं के रूप में नए अमीर और हाकिम तैयार हो गये हैं। इस संस्कृति से परेशान तो सब हैं लेकिन इसे बनाए रखने वाली ताकतें इसे किसी भी कीमत पर छोड़ना नहीं चाहती। हां कभी–कभी दिखावे के लिए जरूर इस पर प्रहार होता नज़र आता है किन्तु फिर वही ढाक के तीन पात।

भारत की चरम विविधता ने एक ऐसे समाज की रचना की हुई है जहां सार्वजनिक संस्थानों और पदों को निजी लाभ के सहज मार्ग के रूप में देखा जाता है, या उन समूहों के पक्ष में अवसर के रूप में देखा जाता है। इसमें जाति, धर्म, और जातीय समुदाय औजार के रूप में प्रयुक्त होने लगे हैं। कानून का शासन इस बात पर निर्भर करता है कि इसे कौन संचालित कर रहा है। यह देख कर कोई आश्चर्य नहीं होता कि कोई भी कानून का सम्मान नहीं करता है या तभी कर्ता है जब वह सुविधाजनक हो। शासन में ही क्यों वीआईपी संस्कृति आराधना के स्थल मंदिरों में भी पसरी पड़ी है। जितना बड़ा मंदिर उतनी बड़ी वीआईपी संस्कृति। कोई कितना बड़ा वीआईपी है वह मंदिर की प्रमुख मूर्ति के उतना ही अधिक नजदीक जाने का हक पा जाता है। आश्चर्यजनक रूप से यह संस्कृति जेलों तक में फैली हुई मिलती है। वीआईपी गिरफ्तार होकर जेल नहीं जाता अस्पताल के निजी वार्ड में जाता है। वीआईपी संस्कृति का बढ़ती समृद्धि के साथ भी सीधा संबंध देखा जा सकता है। दो पीढ़ी पहले, लोग ईश्वर से डरने वाले, मोटे तौर पर अनुशासित और शिष्टाचार वाले होते थे लेकिन जैसे–जैसे आजादी के बाद की पीढ़ियां समृद्ध तथा सक्षम हुईं पालन–पोषण की शैली बदल गई। लोग अचानक बुनियादी जिम्मेदारियों से छूट गए। वे यह उम्मीद करने लगे कि स्कूल या कोई और उनकी तरफ से काम करेगा। करियर, लक्जरी उत्पादों और अपने लिए अच्छे जीवन की दौड़ शुरू हो गई और उसके साथ ही विलासितापूर्ण जीवनशैलीबढ़ती गई। इसमें राज से नजदीकी लाभदायक बन गई और उसके साथ ही मरजीदानों तथा एक दूसरे को लाभ पहुंचने वालों का गठजोड की नई संस्कृति भी। वीआईपी संस्कृति शून्य में विकसित नहीं होती। वह उस दृष्टिकोण से आती है जो हम अपने बच्चों और युवा वयस्कों में पैदा करते हैं। सच तो यह है कि माता–पिता ही अपने बच्चों में शिष्टाचार, अच्छा नागरिक व्यवहार और बुनियादी अनुशासन सिखाने के लिए कुछ भी नहीं करते हैं।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# त्योहारी सीज़न पर मिलावट का जहर

राजस्थान में मिलावट का व्यापार धड़ल्ले से चल रहा है। दिवाली पर्व पर मिठाई का अपना अलग ही क्रेज है। लगभग सभी घरों में मिठाइयां खरीदी जाती हैं। मगर अधिकांश लोगों को यह पत्ता ही नहीं है की वे जो रंग बिरंगी और चमकीली मिठाइयां खरीद रही है वे मिलावटी है या नहीं। यहां असली और नकली की पहचान करना बेहद मुश्किल है। मिलावट खोर पनीर दूध व मिलावटी मिठाइयों का जमकर कारोबार कर रहे हैं और लोगों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ कर रहे हैं।

प्रदेश में आये दिन लाखों करोड़ों रुपयों की धनराशि के खाद पदार्थ, ड्राई फ्रूट और मिठाइयां पकडी जा रही है। एक अनुमान के अनुसार देश में मिठाइयों का सालाना कारोबार 75 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का है। राजस्थान में भी करोड़ों की मिलावटी मिठाइयों का व्यापार खुलेआम चल रहा है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर एक विशेष अभियान शुरू किया है, जिसके तहत राज्य में मिलावटी भोजन की जानकारी देने वाले को 51,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुद्ध खाद्य उत्पाद प्राप्त करना नागरिकों का अधिकार है और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। राज्य के लोग मिलावट की शिकायत हेल्पलाइन नंबर 181 पर कर सकते हैं।

आज आम आदमी महंगाई के साथ खाद्य पदार्थो में हो रही मिलावट खोरी से खासा परेशान रहता है। हमारे बीच यह धारणा पुख्ता बनती जा रही है कि बाजार में मिलने वाली हर चीज में कुछ न कुछ मिलावट जरूर है। लोगों की यह चिंता बेबुनियाद नहीं है। आज मिलावट का कहर सबसे ज्यादा हमारी रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर ही पड़ रहा है। खाने पीने के पदार्थो में मिलावट कोई नयी समस्या नहीं है। मिलावट और खराब उत्पाद बेचे जाने की खबरें आम हो चुकी हैं। साल–दर–साल इसका दायरा व्यापक होता जा रहा है।



बाल मुकुन्द ओझा

देश भर में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए शुद्ध के लिए युद्ध अभियान समय–समय पर संचालित किये जाते है। बताया जाता है मिलावट और जमाखोरी रोकने के लिए कानून तो है, मगर वे इतने प्रभावशाली नहीं हैं, जो मिलावटखोरों में खौफ पैदा करें। सरकार को चाहिए कागजी कार्यवाही की खानापूर्ति के बजाय जनता को विश्वास में लेकर अभियान चलाये ताकि मिलावटियों में कानून के प्रति भय उत्पन्न हो और मिलावट को सख्ती से रोका जा सके। देखा जाता है मिलावट खोरों को पकड़ने के लिए सरकारी संसाधन पर्याप्त नहीं है। मिलावटिये गली गली और नगर नगर में सक्रीय होकर आम आदमी की सेहत को खराब करने में जुटे है मगर इनको पकड़ने वाली टीमें काफी कम संख्या में होने के कारण शुद्ध के लिए युद्ध अभियान अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रहा है। आज स्थिति यह है कि सरकारी तंत्र की लापरवाही और मिलीभगत, संसाधनों का अभाव, केन्द्र–राज्य मे परस्पर सहयोग का अभाव, लचर दंड व्यवस्था का खामियाजा उपभोक्ता को चुकाना पड रहा है। आज मिलावट का कहर सबसे ज्यादा हमारी रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर ही पड़ रहा है। संपूर्ण देश में मिलावटी खाद्य–पदार्थों की भरमार हो गई है। आजकल नकली दूध, नकली घी, नकली तेल, नकली चायपत्ती आदि सब कुछ धड़ल्ले से बिक रहा है। सच तो यह है अधिक मुनाफा कमाने के लालच में नामी कंपनियों से लेकर खोमचेवालों तक ने उपभोक्ताओं के हितों को ताख पर रख दिया है। अगर कोई इन्हें खाकर बीमार पड़ जाता है तो हालत और भी खराब है, क्योंकि जीवनरक्षक दवाइयाँ भी नकली ही बिक रही हैं।

मिलावट का अर्थ है महँगी चीजों में सस्ती चीज का मिलावट। मुनाफाखोरी करने वाले लोग रातोंरात धनवान बनने का सपना देखते हैं। अपना यह सपना साकार करने के लिए वे बिना सोचे–समझे मिलावट का सहारा लेते हैं। सस्ती चीजों का मिश्रण कर सामान को मिलावटी कर महंगे दामों में बेचकर लोगों को न केवल धोखा दिया जाता है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया जाता है। मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से प्रतिवर्ष हजारों लोग विभिन्न बीमारियों का शिकार होकर जीवन से हाथ धो बैठते हैं।

मिलावट का धंधा हर तरफ देखने को मिल रहा है। दूध बेचने और मिलावट करने वाले से लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ने मिलावट के बाजार पर अपना कब्जा कर लिया है।

एक सर्वे के अनुसार भारत में खुले में जितनी चीजें बिकती हैं, उनमें करीब 64 प्रतिशत खाने–पीने की चीजों में मिलावट होती है। कई चीजों में तो हानिकारक केमिकल तक मिलाया जाता है। इनमें दूध, खाद्य तेल, दाल और सब्जियां शामिल हैं। इस सर्वे ने एक बार फिर ये साबित कर दिया है कि भारत में मिल रहे खाद्ध पदार्थों में मिलावट बहुत ही साधारण सी बात हो गई है।

सामान्य तौर पर एक परिवार अपनी आमदनी का लगभग 60 फीसदी भाग खाद्य पदार्थों पर खर्च करता है। खाद्य अपमिश्रण से अंधापन, लकवा तथा ट्यूमर जैसी खतरनाक बीमारियाँ हो सकती हैं। सामान्यत: रोजमर्रा जिन्दगी में उपभोग करने वाले खाद्य पदार्थों जैसे दूध, छाछ, शहद, हल्दी, मिर्च, पाउडर, धनिया, घीं, खाद्य तेल, चाय–कॉफी, मसाले, मावा, आटा आदि में मिलावट की सम्भावना अधिक है। मिलावट एक संगीन अपराध है। मिलावट पर काबू नहीं पाया गया तो यह ऐसा रोग बनता जा रहा कि समाज को ही निगल जाएगा। मिलावट के आतंक को रोकने के लिए सरकार को जन भागीदारी से सख्त कदम उठाने होंगे।

**–बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# पैंथरों की आवाजाही से राहगीरों में भय का माहौल

**बौंली,** (निसं)। क्षेत्र के अरावली पर्वत श्रंखला में स्थित लाखनपुर घाटी व मैहसूर जयगढ़ किले के आसपास पैंथरों की आवाजाही वर्षों से अक्सर बनी रहती है। अरावली पर्वत श्रंखला के इस घाटी क्षेत्र में अच्छा वन होने के कारण एवं जयगढ़ किले सहित अनेकों गुफा टाइगरों की शरण स्थली होने के कारण यह पैंथरों के लिए सबसे सुरक्षित वन क्षेत्र माना जाता है। इस को लेकर वन विभाग ने भी लेपर्ड पार्क का प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भेज रखा है।

दीपावली के दिन 9:30 बजे ही लाखनपुर से बौंली जाने वाली घाटी में ग्रामीणों को पैंथरों की आवाजाही देखने को मिली जिसे उन्होंने वीडियो व फोटो बनाकर पत्रकारों को भेजा। ग्रामीण सूरजमल वैष्णव ने बताया कि जयगढ़ किले व लाखनपुर घाटी में हमेशा से ही पैंथरों के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान रहा है और इनके द्वारा कभी आमने सामने होने पर भी उन्होंने किसी को जन हानि नहीं पहुंचाई। लेकिन वन विभाग द्वारा इनके लिए पर्याप्त भोजन पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण अक्सर यह वन्य प्राणी बौंली उपखंड मुख्यालय या फिर लाखनपुर ग्राम पंचायत के आसपास आबादी क्षेत्र में आराम से देखे जा सकते हैं। पैंथर भोजन पानी के लिए आबादी क्षेत्र के आसपास घूमते हैं एवं कभी कभी यह मवेशियों का भी शिकार कर लेते हैं। इनके जान माल का भी खतरा बना रहता है सड़क मार्ग क्रॉस करते समय यह किसी वाहन की चपेट में आ जाते हैं या फिर शिकारियों द्वारा इन्हें हमेशा खतरा बना रहता है।



**लाखनपुर से बौंली जाने वाली घाटी में ग्रामीणों को पैंथरों की आवाजाही देखने को मिली।**

# डूंगरपुर में गायों की दौड़ सफेद रंग की गाय ने जीती

- **इससे आने वाला साल 2023 सामान्य रहने का अनुमान लगाया गया**
- **पशुपालकों ने अपने-अपने मवेशियों को रंग बिरंगे कलर और कतरानों से सजाया**

**डूंगरपुर,** (निसं)। दीपावली के दूसरे दिन जिले में कई प्रकार की परम्पराओं का निर्वहन होता है जिसमे मेरयू, अन्नकूट, भाईदूज का मेला तथा गोवर्धन पूजा के तहत छापी गांव में बुधवार को गाय दौड़ आयोजित हुई। इसमें 200 से अधिक गायों में से सफेद रंग की गाय ने रेस जीती। इसी से आने वाला साल 2023 सामान्य रहने का अनुमान लगाया गया है।

सुबह के समय पशुपालकों ने अपने–अपने मवेशियों को रंग बिरंगे कलर और कतरानों से सजाया। गायों को माता मानकर उनकी पूजा अर्चना की गई। दोपहर के समय छापी, बिछीवाडा, कनबा, भेहणा, घडमाला, नवलश्याम, चंद्रवासा, सामीतेड, धामोद, देवपुरा सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लोग छापी पंचायत भवन के पास मैदान में इकट्ठे हुए। पशुपालन अपने साथ सजी धजी गायों को लेकर पहुंचे। इसके बाद मैदान में सभी लोग चारों ओर खडे हो गए। गायों को भी अलग–अलग लाइनों में खडा कर दिया गया। पशुपालकों ने इन गायों को हांकते हुए दौडाना शुरू–शुरू कर दिया। पशुपालक गायों के पीछे भागते रहे। वहीं दोनों साइड में खडे लोग भी हो हल्ला करते रहे। गाय दौड में सफेद रंग की गाय रेस जीत गई। इसी से आने वाला साल 2023 सामान्य रहने का अनुमान लगाया गया है।

पंचायत समिति सदस्य अमृतलाल, सरपंच, उपसरपंच प्रकाश पटेल ने बताया कि अगले साल में सामान्य बारिश होगी। वहीं, गाय दौड में लोगों की भीड के चलते सुरक्षा के लिए बिछीवाडा थानाधिकारी, एसआई सहित कई पुलिसकर्मी भी तैनात थे।

# करौली के दुर्गेशी घटा क्षेत्र में टाइगर के पगमार्क मिले

- **सूचना पर वन विभाग की टीम और अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा पगमार्क उठाए**
- **क्षेत्र में पूर्व में भी टाइगर ने इसी जगह पर एक चरवाहे का शिकार बनाया था**
- **ग्रामीणों ने मांग की है कि टाइगर के मूवमेंट को देखते हुए यहां सुरक्षा के प्रबंध किए जाएं**

**करौली** (नि.सं)। करौली में शहर के नजदीक दुर्गेशी घटा क्षेत्र में एक बार फिर टाइगर के पगमार्क मिलने से दहशत फैल गई। टाइगर के मूवमेंट की सूचना पर वन विभाग की टीम और अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा पगमार्क उठाए है।

मंगलवार को टाइगर के मूवमेंट की सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी भी दिनभर टाइगर को ट्रैक करने का प्रयास करते रहे। साथ ही आसपास के लोगों को सचेत रहने की अपील की है। क्षेत्र में पूर्व में भी टाइगर ने इसी जगह पर एक चरवाहे का शिकार बनाया था। फिर से टाइगर के मूवमेंट की सूचना से क्षेत्र में दहशत फैली हुई है। किसान अपने खेतों में नहीं जा रहे। वही रोजमर्रा के कार्य के लिए भी नहीं निकल रहे हैं। इसको देखते हुए वन विभाग की टीम ने मौके पर 2 कैमरे लगाए हैं। वहीं 10 किलोमीटर आगे 5 कैमरे भी टाइगर के मूवमेंट के रास्ते में लगाए गए हैं। वन विभाग की पगमार्क कौन से टाइगर के है की पुष्टि का प्रयास कर रही है।

मण्डरायल रेंज वनरक्षक फूल सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे टाइगर का मूवमेंट क्षेत्र में है। ग्रामीणों को सचेत कर दिया है। यहां 5 कैमरे लगाए जा चुके हैं। दो कैमरे और लगाने हैं। टाइगर के मूवमेंट को देखा जा रहा है और दो टीमें क्षेत्र में काम कर रही है। टेरिटरी एरिया के रेंजर को भी मौके पर बुलाया गया है। हालांकि पगमार्क टाइगर के हैं। लेकिन यह पुष्टि उच्च अधिकारी ही कर सकते हैं। लेकिन यहां करौली जिला मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर की दूरी में टाइगर का मूवमेंट होने से ग्रामीणों में दहशत हैं। दहशत के चलते ग्रामीण महिला, पुरुष व बच्चे डरे हुए हैं। ऐसे में सभी ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि टाइगर के मूवमेंट को देखते हुए यहां सुरक्षा के प्रबंध किए जाएं और इसे सेंचुरी में ही पकड़ कर ले जाया जाए।

करौली उप वन संरक्षक सुरेश मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में टाइगर के पगमार्क मिले हैं। टाइगर को ट्रैक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। टीम लगातार सर्च अभियान चला रही है। साथ ही लोगों को भी सचेत रहने के निर्देश दिए हैं।

# 'भारत को इंडिया नहीं बोलें' को लेकर निकाली जा रही यात्रा का स्वागत

**नागौर** (निस)। अयोध्या से चलकर देश के 26 राज्यों में 15 हजार किलोमीटर चलने वाली श्रीराम दिग्विजय यात्रा मंगलवार को नागौर पहुंची, जहां शहरवासियों ने स्वागत किया। यात्रा के प्रभारी विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राजपुरोहित के अनुसार यात्रा दोपहर 12 बजे शहर के थांबोलाई नाडी स्थित डेह चौराहा पहुंची। चौराहे पर समाजसेवी जगराम गहलोत, सेवानिवृत्त तहसीलदार सूरजाराम चौधरी, नंदलाल सोनी, राजदीप बेनीवाल, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री रामनिवास झाड़वाल, पर्यावरण प्रेमी शिवनाथ सिद्ध, गणेश बुगासरा सहित विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं व शिव कॉलोनी की माता–बहनों ने स्वागत किया। डेह चौराहे से वाहन रैली बजरंग दल के जिला संयोजक देवेंद्र टाक के नेतृत्व में शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई केशवदास जी की बगीची पहुंची, जहां पर रामद्वारा के महंत जानकीदास के सान्निध्य में महिला श्रद्धालुओं तथा युवाओं ने रथ यात्रा और संत महात्माओं का स्वागत सत्कार किया गया। इसके बाद रामद्वारा में धर्म सभा का आयोजन डॉ. हापुराम चौधरी व विहिप के जिला अध्यक्ष रामेश्वर सारस्वत की अध्यक्षता में किया गया।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए महंत जानकीदास ने संपूर्ण हिंदू समाज को एकजुट होकर समाज के लिए कार्य करने का आव्हान किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय कार्यकर्ता रुद्रकुमार शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। संचालन व्याख्याता शरद जोशी ने किया।



**श्रीराम दिग्विजय यात्रा का नागौर पहुंचने पर स्वागत किया।**

इस अवसर पर यात्रा के साथ आए महर्षि शक्ति शांतानंद ने कहा कि अयोध्या से भारत और नेपाल को जोडकर देश के 26 राज्यों में 60 दिनों के अंतर्गत 15 हजार किलोमीटर की यह यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के माध्यम से जन जागरण में भारत सरकार से यह मांग की जा रही है कि भारत को इंडिया नहीं बोलें तथा भारतीय शिक्षा में रामायण सहित अन्य धर्म ग्रंथों को सम्मिलित किया जाए। साथ ही वास्तविक भारत के इतिहास को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करना तथा इंडिया को भारत घोषित करना जैसी इन प्रमुख मांगों को लेकर संत महात्माओं का यह काफिला जन जागरण करते हुए देश भर में भ्रमण कर रहा है।

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सारस्वत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर परिषद के प्रांत सह सत्संग प्रमुख पुखराज सांखला, जिला मंत्री मेघराज राव, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बांठिया, राधेश्याम टोगसिया, बाबूलाल टाक, जुगल तिवारी, बजरंग दल के सह संयोजक अनिल खदाव, समाज सेवी परमिल नाहटा, गणेश त्रिवेदी, कानाराम कुलरिया, छोथमल जांगिड़, कालूराम मेंबर, चेनाराम कच्छावा, रामदेव गहलोत, भजन गायक दिनेश माली, परिषद के प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद ओझा, बजरंग दल के हरिकिशन, जगदीश राम स्नेही, कैलाश शर्मा, सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नागौर से यात्रा कार्यक्रम संपन्न होने के बाद यात्रा खींवसर होती हुई जोधपुर के लिए रवाना हुई।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 27 अक्टूबर, 2022**

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2079, विशाखा नक्षत्र दिन 12:11 तक, आयुष्मान योग प्रात: 7:26 तक, कौलव करण दिन 12:46 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–मिथुन, बुध–कन्या, गुरू–मीन, शुक्र–तुला, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 12:11 से आरम्भ होगा। आज चन्द्र दर्शन, उत्तर श्रृंगोन्नति, भैया दूज, विश्वकर्मा दिवस, चित्रगुप्त पूजा, कलम दवाज पूजा, ग्रहण वैघ है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:00 तक, चर 10:47 से 12:11 तक, लाभ–अमृत 12:11 से 2:57 तक, शुभ 4:21 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:37, सूर्यास्त 5:44

### मेष
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

### वृष
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मिथुन
आर्थिक मामलों से संबंधित विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कर्क
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### सिंह
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है।

### कन्या
आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

### तुला
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

### वृश्चिक
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### धनु
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मकर
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### मीन
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्यों सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

# सूर्य ग्रहण के नजारे को लोगों ने कैमरे में किया कैद

**जयपुर** (कासं)। दीपावली के अगले दिन यानि 25 अक्टूबर को सूर्यग्रहण रहा। इस कारण गौवर्धन पूजा और अन्नकूट जैसे आयोजन भी एक दिन के लिए टल गए। सूर्य ग्रहण के नजारे को लोगों ने अपने कैमरे में कैद किया। उधर सूर्य ग्रहण के पृथ्वी पर विपरीत प्रभावों से बचाने के लिए श्रद्धालुओं ने कई मंदिरों में हवन किया। इस दौरान मंदिरों के पट बंद रहे। लोगों ने मंत्र जाप और हवन किया। ब्रह्मपुरी, वाटिका स्थित गायत्री शक्तिपीठ में परिव्राजकों ने सपरिवार सूर्य गायत्री मंत्र का जप और हवन किया। किरण पथ, मानसरोवर स्थित वेदना निवारण केन्द्र में भी जप-हवन किया गया।



आर्ष संस्कृति दिग्दर्शक ट्रस्ट की ओर से ग्रहणकाल में आगरा रोड खानिया स्थित हरिसिंह भौमियां जी मंदिर में विश्व शांति के लिए हुए हवन में गोनी महाराज, राजेन्द्र प्रसाद, धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडेय के साथ भक्तों ने भी यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की। प्रारंभ में आराध्य इष्ट देव का जाप किया। पूर्णाहुति के बाद गलताजी में स्नान कर गायों को चारा डाला। गलता गेट स्थित गीता गायत्री

- **ग्रहणकाल में मंदिरों के पट बंद रहे, लोगों ने किया हवन-यज्ञ**

मंदिर में पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में ग्रहणकाल में गायत्री महायज्ञ किया गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित की। मालवीयनगर के रामजीपुरा में कृष्ण नवयुवक मंडल की ओर से हवन किया गया। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने गायत्री मंत्र से आहुतियां अर्पित की। इस अवसर पर कृष्णा नवयुवक मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## डॉ. पूनिया ने शुभकामनाएं दीं

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने 24 अक्टूबर को अपने जन्मदिवस के अवसर पर दिन की शुरुआत अपनी मां परमेश्वरी देवी का आशीर्वाद लेकर की।

इसके बाद सतीश पूनिया ने सपरिवार मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर, शिला माता जी मंदिर, गोविंद देव जी मंदिर, काले हनुमान जी मंदिर, ताड़केश्वर जी मंदिर दर्शन एवं पूजन कर प्रदेश की खुशहाली और तरक्की की कामना की और सभी प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन और भाई दूज की शुभकामनाएं दी। इसके बाद पूनियां ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में लक्ष्मी जी पूजन किया, इस दौरान भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित प्रदेश पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जन्मदिन के अवसर पर सतीश पूनिया ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में जरूरतमंद बच्चों को कपड़े वितरित किए।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में शामिल होंगे श्रेष्ठ कहानीकार

**जयपुर**, (का.सं.)। कथा लेखन में वो ताकत होती है, जो पाठकों को तुरंत ही एक काल्पनिक जगत में ले जाती है। ये ताकत वास्तव में कहानी कहने की कला में ही निहित है। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 16वें संस्करण में शामिल होने वाले दुनिया के श्रेष्ठ कहानीकार आपको इसी कला से रुबरु करायेंगे।

फेस्टिवल का आयोजन 19-23 जनवरी 2023 को होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में किया जायेगा। फेस्टिवल में हम जहाँ देसी-विदेशी भाषाओँ के विविध लेखन का लुत्फ़ उठाते हैं, वहीँ इस साल दुनिया के जाने-माने कथाकार श्रोताओं को अपने लेखन के विषय, अपने रोचक किरदारों की पृष्ठभूमि, और रहस्य-रोमांच के तड़के के बारे में विस्तार से बताएँगे।

- **वक्ताओं की दूसरी सूची जारी**
- **फेस्टिवल में इंटरनेशनल बुकर प्राइम में सम्मानित लेखिका गीतांजलि श्री भी आएंगी**

आज जारी हुई वक्ताओं की दूसरी लिस्ट में दुनिया के कई लोकप्रिय कहानीकारों के नाम शामिल रहे, जिनमें इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित हुई लेखिका गीतांजलि श्री के साथ ही थे अमीश, अमित चौधरी, एंड्रू एल्टसुल, अनु सिंह चौधरी, अनुकृति उपाध्याय, चित्रा बनर्जी दिवाकरुनी, क्रिस्टोफर क्लोएब्ले और दीप्ति कपूर थी। लिस्ट में शामिल दूसरे प्रभावशाली वक्ता एलैन कैनिंग, इरा टाक, हन्नाह रोसचाइल्ड, तृप्ति पांडे, जमील जान कोची, जेनिस परिअट और कैथरीन रुन्डेल है।



शेहान करूनातिलक



अमीश

फेस्टिवल में शामिल होने वाले अन्य वक्ता इतिहासकार और कामयाब उपन्यासकार कैटी हिकमन; लेखिका किरण मनराल; पुरस्कृत इंटरनेशनल लेखिका मंजिरी प्रभु; लेखक मार्लोन जेम्स; लेखक मोइन मेरे; फेस्टिवल की को-डायरेक्टर व साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित लेखिका नमिता गोखले; अमेरिका में भारत के भूतपूर्व राजदूत और लेखक नवतेज सरना; द्विभाषी लेखिका सुधा मूर्ती और लेखिका व साहित्यिक अनुवादक टिफ़नी त्सो हैं।

इससे पहले प्रकाशित हुई लिस्ट में शामिल प्रसिद्ध वक्ता नोबेल प्राइज विजेता अब्दुल रज़ाक गुरनाह; 2022 में बुकर प्राइज से सम्मानित शेहान करुनातिलक और साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार से सम्मानित तनुज सोलंकी, साथ ही अशोक फेर्रे, अश्विन सांघी, अविनो किरे, बेर्नार्दिन एवारिस्तो, शिगोज़ी ओबिओमा, होवार्ड जैकबसन, नोवायलेट बुलावायो, जैरी पिंटो, उपन्यासकार व फिल्ममेकर रुथ ओज़ेकी, और लेखिका व पत्रकार वौहिनी वारा थे।

देश और दुनिया के साहित्य प्रेमियों के दिलों में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का एक अलग ही मुकाम रहा है। इस साल, फेस्टिवल के 16वें संस्करण में श्रोता फेस्टिवल के विशेष सत्रों, म्यूजिक स्टेज, फेस्टिवल बाज़ार, फ़ूड स्टाल के साथ शब्दों की ताकत का जश्न मनाएंगे।

## तलाकशुदा कोटे में नियुक्ति नहीं देने पर जवाब मांगा

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एलडीसी भर्ती-2013 में कट ऑफ से अधिक अंक लाने के बावजूद अभ्यर्थी को तलाकशुदा कोटे में नियुक्ति नहीं देने पर पंचायती राज सचिव और बाड़मेर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से जवाब मांगा है। वहीं अदालत ने एक पद याचिकाकर्ता के लिए रिक्त रखने के आदेश दिए हैं। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश मनीषा मीना की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने एलडीसी भर्ती-2013 में आवेदन किया था। इससे पूर्व उसका सामाजिक तलाक हो गया था। वहीं कोर्ट से तलाक की डिक्री आवेदन की अंतिम तिथि के बाद मिली। याचिकाकर्ता के भर्ती में तलाकशुदा कोटे की कट ऑफ से अधिक अंक आए थे। इसके बावजूद विभाग ने यह कहते हुए नियुक्ति देने से इनकार कर दिया कि उसकी तलाक की डिक्री आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद की है और सामाजिक रूप से दिया गया तलाक विधि मान्य नहीं है। याचिका में कहा गया कि वह एसटी वर्ग से है और इस वर्ग पर हिंदू विवाह अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। ऐसे में उसे सामाजिक रूप से दिए तलाक को विधि मान्यता देते हुए तलाकशुदा कोटे में नियुक्ति दी जाए।

# श्री स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में ठाकुरजी को लगाया 1111 व्यंजनों का भोग

**जयपुर**, (का.सं.)। वैशाली नगर, चित्रकूट स्थित श्री स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर में बुधवार को प्राचीन वैष्णव परंपरा के अनुसार गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान ठाकुरजी को 1111 से अधिक प्रकार के सात्विक व्यंजनों का

- **राज्यपाल ने की वेदोक्त पूजा अर्चना-गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव मनाया**

अन्नकूट अर्पित किया गया। व्यंजनों में मुख्यत: राजस्थानी, गुजराती, दक्षिण भारतीय, उत्तर भारतीय एवं अन्य क्षेत्रीय व्यंजनों के साथ दुग्ध पदार्थों, फलों, अनाजों से बने पारंपरिक भारतीय व्यंजनों की आकर्षक झांकी सजाई गई।

इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र भी श्री स्वामिनारायण मंदिर पहुंचे और ठाकुरजी के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर के कोठारी संत सर्वदर्शन स्वामी ने राज्यपाल को पुष्पहार एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने वेदोक्त विधि से गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट की मुख्य आरती की एवं प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि के लिए



**राज्यपाल कलराज मिश्र भी श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे और ठाकुरजी के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर के कोठारी संत सर्वदर्शन स्वामी ने राज्यपाल को पुष्पहार एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया।**

प्रार्थना की। उन्होंने अपने व्यक्तव्य में प्रमुखस्वामी महाराज के सनातन हिन्दू धर्म को विश्वव्यापी बनाने एवं इसका प्रचार-प्रसार करने के कार्य की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं को देखकर मंदिर प्रशासन एवं स्वयंसेवकों की प्रशंसा की।

अन्नकूट के इस पावन अवसर पर सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, भाजपा संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तथा जयपुर के अन्य कई लोगों ने गोवर्धन पूजा एवं गौ माता की पूजा सम्पन्न की। अन्नकूट की मनोरम झांकी के दर्शन का लाभ लिया।

यह वर्ष प्रमुख स्वामी महाराज के शताब्दी महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में मंदिर में विशेष झांकी सजाई गई। इस अवसर पर बाल मण्डल की ओर से व्यसन-मुक्ति के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें नशे से होने वाली बीमारियों तथा इससे होने वाले नुकसान के बारे में आगंतुकों को जानकारी देकर व्यसन त्यागने का मैसेज दिया।

# दीपावली पर कोविड जांच घटने से संक्रमितों का ग्राफ गिरा

**जयपुर** (कासं)। दीपावली पर प्रदेश में कोविड जांच नहीं होने का गहरा असर बुधवार को नये संक्रमितों की संख्या पर दिखा। बुधवार को प्रदेश में मात्र 3 करोना संक्रमित मरीज मिले, इनमें से एक रोगी जोधपुर में तथा 2 संक्रमित कोटा में मिले है। पिछले तीन दिनों में भी मात्र 28 संक्रमित सामने आए है। उधर रिकवरी में तेजी के कारण एक्टिव केस भी घटे है। बुधवार को 37 करोना संक्रमित रोगी रिकवर हुए है, ऐसे में अब मात्र 320 एक्टिव केस ही शेष बचे है।

चिकित्सा विभाग के अनुसार राज्य में दीपावली के दिन सोमवार को 12 नए संक्रमित मिले और 24 रिकवर हुए। मंगलवार को 13 नए मरीज मिलने के साथ ही 38 मरीज इस संक्रमण से मुक्त हुए। जबकि बुधवार को राज्य में मात्र 3 मरीज मिले हैं। इस दौरान कोटा में 2 और जोधपुर में एक संक्रमित मिला है। राहत की बात रही कि आज जयपुर में एक भी मरीज नहीं मिला है। इस बीच आज चिकित्सा विभाग ने राज्य में 714 मरीजों के सैम्पल की जांच भी की है।

- **प्रदेश में बुधवार को 3 करोना संक्रमित मिले, इनमें जयपुर में आंकड़ा शून्य पर रहा**
- **राज्य में बीते 3 दिनों में 28 संक्रमित रोगी पाए गए हैं, अब 320 एक्टिव केस शेष बचे**




# सांभर में स्टेशनरी की दुकान से भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद

## आरोपी अपने पिता की दुकान पर अवैध रूप से बेच रहा था पटाखे

**सांभरझील, (निसं)।** यहां के गोला बाजार में एक स्टेशनरी की दुकान से मुखबिर की सूचना पर सांभर थाना पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री (पठाखे) बरामद कर आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

आरोपी अपने दिव्यांग पिता के साथ दुकान पर बिना लाइसेंस जारी हुए विभिन्न प्रकार के पटाखे बेचते पाए जाने पर विस्फोटक अनुज्ञा अधिनियम के तहत मामला भी दर्ज किया है। मामले का अनुसंधान सहायक उप निरीक्षक दयाल सिंह कर रहे हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि सांभर के गोला बाजार स्थित मनीष बुक ड़िपो पर अवैध रूप से पटाखे बेचे जा रहे हैं, जिसकी सूचना मिलने पर एएसआई कैलाश चन्द पुलिस जाब्ते के साथ कांस्टेबल जितेंद्र सिंह को साथ लेकर मौके पर पहुंचे तो वहां पर आरोपी मनीष कुमार अग्रवाल पुत्र बनवारी लाल अग्रवाल उम्र 30 साल निवासी सांभर पटाखे बेचता पाया गया।

इस संबंध में पुलिस ने लाइसेंस मांगा तो लाइसेंस नहीं होना बताया गया। इस पर पुलिस ने दुकान, दुकान के ऊपर गोदाम व कूलर में रखे भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री (पटाखे) बरामद किए तथा आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए थाने ले गई। थाना अधिकारी पूरणमल यादव ने बताया कि 5/9 (ख), विस्फोटक अधिनियम 1884 में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा आरोपी

- **आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया, बाद में जमानत पर छोड़ा**
- **कलेक्टर ने वर्ष 2017 में परमानेंट लाइसेंस किया था निरस्त**

को जमानत पर छोड़ा गया है। बाद अनुसंधान पुलिस की ओर से सांभर न्यायालय में आरोपी के खिलाफ चालान पेश किया जाएगा।

कलेक्टर ने किया था परमानेंट लाइसेंस निरस्त : पूर्व में आरोपी के पिता के नाम से जारी स्थाई अनुज्ञा पत्र को सांभर तहसीलदार द्वारा जारी की गई रिपोर्ट क्रमांक राजस्व 2017/18 दिनांक 4 जनवरी 2017, पूर्व एसड़ीएम रामरतन शर्मा की ओर से जारी की गई रिपोर्ट क्रमांक न्याय/17/ 30 दिनांक 17 जनवरी 2017 व अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका सांभर हरिनारायण यादव द्वारा प्रोफार्मा में भिजवाई की सूचना/रिपोर्ट के आधार पर अति जिला मजिस्ट्रेट जयपुर शहर दक्षिण हरि सिंह मीणा ने स्थाई अनुज्ञा पत्र निरस्त करने हेतु जिला कलक्टर को वस्तुस्थिति से अवगत कराने के बाद आरोपी के पिता का लाइसेंस निरस्त किया गया था।

इसके बाद से आज तक उक्त स्थल पर जिला कलेक्टर की ओर से आरोपी या आरोपी के पिता के नाम से कोई भी स्थाई व अस्थाई लाइसेंस जारी नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि पुलिस की ओर से इस संबंध में आरोपी व आरोपी की पिता को अनेक दफा प्यार से समझाईश कर पटाखे नहीं बेचे जाने के लिए आगाह किया था लेकिन उसने पुलिस की इस बात को हल्के में लिया और लगातार पटाखे बेचने का काम जारी रखा। बता दें कि गत वर्ष भी आरोपी के पिता का पटाखे बेचने का वीड़ियो बनाते समय एक शख्स से मारपीट की थी।

# 11 हजार केवी लाइन का तार टूटकर गिरा, युवक की मौत

## खेतों में काम कर रहे युवक पर गिर गया था तार



आंतेला बिजली ग्रेड पर ग्रामीणों ने धरना दिया।

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती आंतेला गांव में करंट लगने से युवक की मौत हो गई जिस पर जनप्रतिनिधियों व गुस्साए ग्रामीणों ने शव लेने से इंकार करते हुए आंतेला बिजली ग्रेड़ पर धरना प्रदर्शन कर दिया।

मंगलवार को सुबह करीब 9 बजे अचानक 11 हजार केवी लाइन का तार टूट कर खेतों में काम कर रहे एक युवक पर गिर गया, जिससे युवक गंभीर रूप से झुलस गया। लोगों ने गंभीर हालत में पावटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक विक्रम सैनी पुत्र हरिराम सैनी मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे खेतों में अपने परिजनों पिता हरिराम सैनी, माता कृष्णा देवी, मौसी संती देवी, बड़े भाई राजू, राकेश के साथ खेतों में खाद ड़ालने का काम कर रहा था। तभी अचानक खेतों से होकर गुजर रही 11 हजार केवी लाइन का तार टूटकर विक्रम सैनी के उपर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। 11 हजार केवी का तार टूटने पर लोगों ने आंतेला जीएसएस में सूचना दी, लेकिन सूचना पर लाइन काटकर 15 मिनट बाद वापस चालू कर दी। वहीं परिजनों व ग्रामीणों ने गंभीर घायल को पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर

- **गुस्साए जन प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन**

गए जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जिससे आक्रोशित परिजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया। सूचना पर भाबरु थाना इंचार्ज अतर सिंह यादव मय जाप्ता पहुंच कर लोगों को समझाया, लेकिन लोग नहीं माने। वहीं जनप्रतिनिधियों विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर, पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप, आंतेला सरपंच जयराम, केरली सरपंच रामजीलाल, भाभरु सरपंच प्रतिनिधि रोशन सहित परिजनों व ग्रामीणों की आक्रोशित भीड़ ने आंतेला बिजली ग्रेड़ पर पहुंच कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

धरना प्रदर्शन को देखते हुए विराटनगर ड़ीएसपी संजीव चौधरी, भाभरू थाना इंचार्ज अतर सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। सूचना पर एसड़ीएम राजवीर सिंह, जेईएन कमल गुर्जर, एईएन धंजय मौके पर पहुंचे। आक्रोशित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर बुलाने तथा मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलवाने के लिए धरना प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से मांग मानने पर ही धरना प्रदर्शन समाप्त करने की जिद करते रहे तथा लोगों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ दंड़ात्मक कार्यवाही करने की मांग की।

वहीं विधायक इंद्राज गुर्जर ने ग्राम कैरली में बिजली के करंट लगने से हुई विक्रम सैनी की मृत्यु पर आंतेला ग्रेड़ में चल रहे धरने प्रदर्शन में पहुंच कर परिवारजनों को सांत्वना दी व धरने स्थल पर तत्काल ही विद्युत अधिकारियों को बुलाकर घटना की उच्च स्तरीय जांच करने, सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया एवं आवश्यक कार्यवाही करने के दिशा-निर्देश दिये।

संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर एसड़ीएम राजवीर सिंह ने पीड़ित परिवार को 11 लाख तक का हरसंभव मुआवजा दिलवाने का आश्वासन देने पर लोगों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। वहीं 4 साल पहले भी इस 11 हजार केवी लाइन के टूटने से पीड़ित परिवार को काफी नुकसान झेलना पड़ा था। विक्रम सैनी 4 भाई बहनों में सबसे छोटा पुत्र था व 8 वीं कक्षा में पढ़ता था।

# अवैध संबंधों के शक पर पत्नी की हत्या

**कोटपूतली, (निसं)।** एक ओर जहां लोग दीपावली पर्व धूमधाम से मना रहे थे वहीं कोटपूतली के सरूण्ड़ थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ब के निकट ढाणी सुलतान वाली में एक पति ने अवैध संबंधों के शक के चलते अपनी ही पत्नी को पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया। घटनाक्रम को लेकर सरूण्ड़ थाना पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार हत्या की वजह पत्नी के अवैध संबंध होना बतायी जा रही है।

बताया जा रहा है कि आरोपी पति ने अपनी पत्नी की हत्या व बिजली करंट लगाने के बाद अल सुबह अपने पिता को आकर कहा कि उसने उसकी पत्नी से मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गई, जिसके बाद वह फरार हो गया। पुलिस के अनुसार हत्या के आरोपित पति कमलेश गुर्जर को अपनी पत्नी उरमा देवी के अवैध संबंधों का शक कई दिनों से चल रहा था। थाना प्रभारी इंद्राज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 अक्टूबर की अल सुबह गश्त कर रहे पुलिसकर्मी को सूचना मिली कि खड़ब की ढाणी सुल्तान वाली में एक महिला की उसके पति ने ही हत्या कर दी। जिस पर पुलिस के आलाधिकारी वहां पहुंचे तो मृतका उरमा देवी (35) का शव उल्टा पड़ा



सरूण्ड पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

हुआ था। शरीर पर गहरी चोटे थी, टूटी हुई चूड़ियां व सिर के टूटे हुए बाल, बिजली का हीटर व बिजली की केबल घटना स्थल पर पड़ी हुई थी।

आरोपी पति के पिता बंशीधर गुर्जर ने आसपास के लोगों को बुलाकर पुलिस को सूचना दी और अचेत उरमा देवी को कस्बे के राजकीय बीड़ीएम जिला अस्पताल में भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत

- **पत्नी की हत्या के बाद पहाड़ी पर बने मन्दिर में पश्चाताप करने पहुंचा आरोपी**
- **सरूण्ड थाना पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव देखने के बाद यह साफ हो गया था कि महिला की गला घोंटकर हत्या की गई है। पुलिस ने आरोपी पति की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी, लेकिन वह घर पर नहीं था। पुलिस को मुखबीर से सुचना मिली की आरोपी कमलेश गुर्जर पहाड़ी पर बने हुए मंदिर में छिपा हुआ है। जिस पर पुलिस ने मंदिर में दबिश देकर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपनी पत्नी की हत्या करना स्वीकार कर लिया। घटनाक्रम में पुलिस ने मृतका के पीहर पक्ष के लोगों को भी सूचित किया, लेकिन उन्होंने कोई भी रिपोर्ट देने से इंकार कर दिया। इस पर थाना पुलिस ने आरोपित पति के पिता बंशीधर पुत्र धूडाराम गुर्जर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है। वहीं पुलिस की देखरेख में ही मृतका का पोस्टमार्टम करवाकर दाह-संस्कार भी करवाया गया।

# दो बाईक भिड़ी, पांच जने घायल

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा अजमेर सड़क मार्ग पर बुधवार को कांटोली मोड़ के पास दो बाइकों में हुई आमने-सामने की भिंड़त में पांच जने घायल हो गये। जिन्हें मालपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

बुधवार की दोपहर कांटोली मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार शिवराज कुमावत बेटा शैतान कुमावत व पत्नी विमला कुमावत सहित दूसरी बाइक पर सवार शास्त्री नगर मालपुरा निवासी मदन पुत्र बृजमोहन शर्मा व बाइक चालक की बहिन सुमन शर्मा घायल हो गई। दोनों बाइकों में हुई भिंड़त व धमाके की आवाज सुन दौड़े ग्रामीणों ने पांचों घायलों को मालपुरा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया जहां से ड़ॉ. यशवन्त चौहान ने स्वास्थ्य जांच कर प्राथमिक जांच के बाद घायल शैतान कुमावत को चिन्ताजनक हालत में जयपुर रैफर किया गया।

# नेमीचंद शर्मा के जेष्ठ पुत्र का निधन

## राष्ट्रदूत हिण्डौन क्षेत्र के प्रभारी शर्मा के पुत्र अस्वस्थ चल रहे थे

**करौली, (निसं)।** राष्ट्रदूत हिंड़ौन संस्करण के भरतपुर संभाग प्रभारी के पुत्र का निधन हो जाने पर लोगों ने संवेदना व्यक्त की है।

करौली जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं राष्ट्रदूत हिण्ड़ौन संस्करण के भरतपुर संभाग प्रभारी नेमीचंद शर्मा के जेष्ठ पुत्र लोकेश कुमार शर्मा (30) का गत 24 अक्टूबर को दीपावली के दिन अस्वस्थता के कारण निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार करौली के मासलपुर गेट स्थित मोक्षधाम में किया गया। पत्रकार नेमीचंद शर्मा के पुत्र के निधन पर उनके शुभचिंतकों, मित्रों और परिवार के अलावा राष्ट्रदूत समाचार पत्र परिवार के सदस्यों में शोक की लहर छा गई। लोकेश शर्मा के अंतिम संस्कार में जिले के चिकित्सक, एड़वोकेट, विभिन्न सामाजिक संगठनों और धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीड़िया के प्रतिनिधि, व्यापारी, कॉलोनीवासी सहित सर्व



लोकेश कुमार शर्मा

समाज के भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। वहीं प्रदेश के सीएम अशोक गहलोत ने पत्रकार नेमीचन्द शर्मा को शोक संवेदना पत्र भेजते हुए ईश्वर से मृतक की आत्मा की शान्ति की कामना की।

इसके अलावा क्षेत्रीय सांसद ड़ॉ. मनोज राजौरिया, पंचायत राज मंत्री रमेश मीणा, करौली विधायक लाखन सिंह कटकड़, नगर परिषद करौली की सभापति रशीदा खातून, उनके पुत्र अमीनुद्दीन खान, करौली के पूर्व विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक सुरेश मीणा, सपोटरा पंचायत समिति के पूर्व प्रधान राम कुमार बैरवा, भाजपा के वरिष्ठ नेता ड़ॉ. लोकेश चतुर्वेदी, अशोक सिंह धाबाई, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल ड़िकोलिया, विप्र फाउंड़ेशन के प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र मीणा, प्रहलाद सिंहल, कैलाश शर्मा, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवदयाल मीणा, खेल परिषद के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण माली, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा, प्रमुख उधोगपति अजय सिह, हाजी रूखसार अहमद सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एवं जिले भर के पत्रकारों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# पानी में डूबने से दो भाईयों की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** जिले के खारिया मीठापुर गांव में एक परिवार में दीपावली की खुशियों पर ठाहण लग गया। दो भाई की पानी में डूबने से मौत हो गई। गांव के तालाब पर घूमते समय एक किशोर पांव फिसलने से पानी में जा गिरा। उसे बचाने के प्रयास में उसका भाई भी अंदर कूद पड़ा। लेकिन वह न तो भाई को बचा पाया और न ही खुद को। पुलिस के अनुसार खारिया मीठापुर निवासी सम्पतलाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके दो बेटों सुनिल व मोहित की गांव के तालाब में डूबने से मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि दोनों भाई तालाब के पास घूम रहे थे। इस दौरान पंद्रह वर्षीय मोहित पांव फिसलने से तालाब में जा गिरा। उसे बचाने के प्रयास में 17 वर्षीय सुनिल ने भी पानी में छलांग लगा दी। दोनों को तैरना नहीं आता था। ऐसे में दोनों पानी में डूब गए। बाद में लोगों को इसकी जानकारी मिली तो मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। ठामीणों ने तालाब से शवों को बाहर निकाल पुलिस को सूचना दी। दीपावली के दिन एक ही परिवार के दो बेटों की मौत से गांव में माहौल गमगीन हो गया।

# बहरोड़ क्षेत्र में भारतीय सेना के दो जवानों की शहादत से छाया गम का माहौल

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** अलवर जिले के बहरोड़ क्षेत्र में एक तरफ जहां दीपावली का पर्व सामान्य जनता के लिए खुशियां लेकर आना चाहिए था वहीं पर्व क्षेत्र के दो जवानों की शहादत से फीका पड़ गया तथा क्षेत्र के लोगों की आंखों में आंसुओं की झड़ी लग गई।

अलवर जिले के मांढण थाना क्षेत्र के गांव ढीकवाड़ के शहीद हुए भारतीय सेना के जवान देवेंद्र सिंह चौहान पुत्र श्रीपाल सिंह चौहान का पार्थिव शरीर जब गांव में पहुंचा तो क्षेत्रीय लोगों सहित ग्रामीण तथा सम्पूर्ण आसपास के क्षेत्रवासियों में दुख की लहर छा गई तथा शहीद देवेंद्र सिंह चौहान अमर रहे के साथ शहीद का अंतिम संस्कार किया गया। देवेन्द्र सिंह एक बाइक दुर्घटना में गंभीर घायल हो गये थे जो दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती थे जहां दिपावली के दिन 24 अक्टूबर को निधन हो गया।

वहीं एक और भारतीय सेना के जवान नवीन यादव पुत्र वीरेंद्र यादव की 26 अक्टूबर को जयपुर के दुर्लभजी हॉस्पिटल में कोमा की स्थिति में ही मौत



बहरोड़ के ढीकवाड़ में जनप्रतिनिधियों ने शहीद को श्रद्धांजलि दी।

हो गई। बहरोड़ तहसील के गांव भीटेड़ा निवासी भारतीय सेना का जवान नवीन यादव दीपावली पर छुट्टी मनाने घर आया था जो 16 अक्टूबर को बाइक से कुंड़ रोड़ पर जाते समय भारी धूल, धुआं व मिट्टी की वजह से दो बाइकों की आपसी भिड़ंत में गंभीर रूप से सिर की चोट से घायल हो गया था। जिसको अचेत अवस्था में जयपुर के दुर्लभजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था तथा अचेतावस्था में ही 26 अक्टूबर को दोपहर में सेना के जवान ने आखिर दम तोड़ दिया जिसका राजकीय सम्मान के साथ सलामी देते हुए जन्मस्थली के गांव भीटेड़ा में अंतिम संस्कार किया गया।

इस दौरान ढीकवाड़ के शहीद देवेंद्र

- **गांव ढीकवाड़ के शहीद हुए भारतीय सेना के जवान देवेंद्र सिंह चौहान का किया अंतिम संस्कार**
- **वहीं गांव भीटेड़ा निवासी भारतीय सेना का जवान नवीन यादव का भीटेड़ा में अंतिम संस्कार किया**

सिंह का राजकीय सम्मान के साथ सलामी देकर अंतिम संस्कार करते समय अलवर उत्तर जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव सहित सरपंच अजीत यादव, गणमान्य लोगों सहित पूरा गांव उमड़ पड़ा था। वहीं भीटेड़ा के नवीन यादव के अंतिम संस्कार में भी राजकीय सम्मान के साथ सलामी देकर श्रद्धांजलि देते हुए शहीद के अंतिम संस्कार में गांव के सभी लोगों की आंखों में आंसू छल छला रहे थे।

# आहोर विधायक के समर्थकों का फायरमैन से हुआ विवाद

**जालोर, (कासं)।** दीपावली पर्व पर जालोर जिला मुख्यालय पर होटल गिटको के पीछे इन्द्रा कॉलोनी में आग लगने पर नगरपरिषद की फायरबिग्रेड गाडी आग बुझाने के लिए जा रही थी।

इस दौरान रास्ते में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित की गाड़ी खड़ी होने पर फायरबिग्रेड के चालक द्वारा हार्न बजाने के बावजूद नहीं हटाने पर विधायक व उनके कार्यकर्ताओं ने चालक व फायरमैन के साथ धक्का-मुक्की कर राजकार्य में बाधा पहुंचाई। वही फायरमैन पर कार्यकर्ता दंबगगिरी दिखाते नजर आये। ऐसे में थोडी देर ओर हो जाती तो बाग विकराल रूप धारण कर लेती। एक जनप्रतिनिधि द्वारा फायरबिग्रेड को रोक कर विवाद करना शहर भर में चर्चा का विषय बना रहा।

जालोर शहर के होटल गिटको के पीछे इन्द्रा नगर कॉलोनी में नगरपरिषद द्वारा डाला गया कचरा के ढेर में दीपावली पर्व पर आग लगने पर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। वही आसपास निवास कर रहे कॉलोनी के लोगो ने आग की सूचना फायरबिग्रेड की दी। जिस पर नगरपरिषद की फायर बिग्रेड गाड़ी तुरंत आग बुझाने के लिए फायरमैन टीम के साथ रवाना हुई। होटल गिटको के पास से जाने वाले संकरे रास्ते में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित की गाडी खडी थी। जिस पर फायरबिग्रेड के चालक ने काफी हार्न बजाये।

लेकिन विधायक द्वारा गाडी नही हटाने पर फायरबिग्रेड के चालक ने पास से गुजराने का प्रयास किया तो इतने में विधायक व उनके कार्यकर्ता वहा आ गये तथा फायरबिग्रेड के चालक को धमकाने लगे की। तेरी हिम्मत कैसे हुई हार्न बजाने की तथा मेरी गाडी के टच कैसे किया। जबकि फायरबिग्रेड टच नहीं हुई। लेकिन विधायक के कार्यकर्ता विधायक छगनसिंह की उपस्थिति में फायरबिग्रेड के चालक व फायरमैन टीम के साथ धक्का धुमी करने लगे। इतने में काफी लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

वही लोगों ने विधायक की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं द्वारा फायरबिग्रेड गाडी को काफी देर तक रोककर उनके साथ धक्का धुमी करने पर लोगों में चर्चा का विषय बना रहा है कि फायरबिग्रेड या एम्बुलेंस जैसे आपातकाली सेवा को कभी नही रोकना चाहिए। तथा एक जननिधि द्वारा इस प्रकार गाडी को रोकने से आग बडा विकराल रूप धारण कर सकती थी तथा शहर के पास ही आग लगने से दिपावली पर्व पर बडा हादसा भी हो सकता था। नगरपरिषद के आयुक्त महिपालसिंह ने बताया कि फायरबिग्रेड की टीम के साथ आहोर विधायक की उपस्थिति में उनके कार्यकर्ताओं द्वारा धक्की धुमी कर गाडी को रोकने की जानकारी नही है।

पुलिस कोतवाली जालोर के थानाधिकारी अरविन्द राजपुरोहित ने बताया कि फायरबिग्रेड की टीम के साथ आहोर विधायक द्वारा विवाद को लेकर मामला दर्ज करवाने आये थे। लेकिन उसके बाद अभी तक नहीं आये है।

फायरबिग्रेड के चालक व टीम ने बताया कि इन्द्रा नगर कॉलोनी जालोर में कचरे के ढेर में दीपावली पर्व पर आग लगने की सूचना पर फायर बिग्रेड की गाडी लेकर टीम के साथ आग बुझाने पहुंच रहे थे। इस दौरान गिटको होटल के पास रास्ते में आहोर विधायक की गाडी खडी होने पर हटाने को लेकर कई बार हार्न बजाये। लेकिन गाडी नही हटाने पर कार्यकर्ताओं ने आकर धक्का धुमी की। विधायक भी वही खडे वे भी कुछ बोल रहे थे। घटना की रिपोर्ट थाने में दी है।

आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित से इस सम्बंध में जानकारी लेना चाहा तो फाने रिसीव नही किया।

# दूल्हे की शक्ल दिखाई सचिन पायलट की और विवाह करा दिया अशोक गहलोत से : हरसाना

## पीसीसी सदस्य हरसाना ने कसा तंज, स्थानीय विधायक पर भी साधा निशाना

**बामनवास, (निसं)।** साचोली ग्राम पंचायत के गांव महरावड़ में आयोजित गुर्जर समुदाय के सामूहिक गोवर्धन पूजा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य शिवप्रताप हरसाना ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं पूर्व ड़िप्टी सीएम सचिन पायलट के बीच चल रहे मुख्यमंत्री के कुर्सी के विवाद को फिर से नई हवा दी है, साथ ही स्थानीय विधायक इंदिरा मीणा पर निशाना साधते हुए एक ही स्टैंड़ पर रहने की बात कही।

पीसीसी सदस्य शिवप्रताप हरसाना ने प्रतिभा सम्मान समारोह में मौजूद जन समुदाय को संबोधित करते हुए सार्वजनिक रूप से कहा कि राजस्थान प्रदेश को मुख्यमंत्री के दूल्हे के रूप में सचिन पायलट की तस्वीर पेश कर रिझाया गया, जब शादी की महफिल सजी तो अशोक गहलोत को दूल्हा बनाकर राजस्थान प्रदेश की कमान की बागड़ोर संभला कर सात फेरे करा दिए गए। पीसीसी सदस्य हरसाना ने कहा कि यह सचिन पायलट के साथ नाइंसाफी हुई है।



पीसीसी सदस्य शिवप्रताप हरसाना ( बीच में ) ने प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने 6 साल लगातार राजनीतिक वजूद में फिसड्डी पड़ी कंग्रेस पार्टी को मेहनत कर ऊपर उठाया एवं जब मेहनत के फल के रूप में मुख्यमंत्री पद का तोहफा मिलने वाला था कि बीच में ही अशोक गहलोत ने बाजी मारते हुए मुख्यमंत्री पद को हथिया लिया गया। पीसीसी सदस्य हरसाना ने तंज कसते हुए कहा कि पायलट की रगड़ाई का ही प्रतिफल कांग्रेस पार्टी को मिला जहां कांग्रेस पार्टी द्वारा राजस्थान प्रदेश में सरकार बनाई गई।

इस दौरान पीसीसी सदस्य हरसाना ने ईआरसीपी ईस्टर्न कैनाल परियोजना को लेकर आवाज बुलंद करते हुए कहा कि पूर्वी राजस्थान के सभी जिलों को इस परियोजना से जोड़ा जाए। चाहे राज्य सरकार हो या फिर केंद्र सरकार कोई भी सरकार आपसी कमियों को एक दूसरे पर ने ड़ालते हुए ईआरसीपी में रही खामियों को तुरंत पूरा कर किसानों को लाभान्वित करने का कार्य करे। दूसरी ओर पीसीसी सदस्य हरसाना ने किसानों के पक्ष में आवाज को और तेज बुलंद करते हुए उनके द्वारा पैदा की गई फसलों का दाम उनको ही तय करने के लिए सरकार से कानून बनाने की भी मांग की गई। इस दौरान सभा में सचिन पायलट जिंदाबाद के नारे युवाओं द्वारा लगाए गए।

- **गांव महरावड़ में गुर्जर समुदाय का सामूहिक गोवर्धन पूजा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित**

# सरिये-डंडों से हाथ-पैर तोड़कर युवक को मारने की कोशिश

## कालवाड़ रोड पर सोमवार देर रात हुई वारदात, पीड़ित अस्पताल में भर्ती

■ **बदमाशों ने हाथोज में पीड़ित की कार के आगे-पीछे कैंपर गाड़ी लगाकर रोकने की कोशिश भी की थी, लेकिन जैसे ही पीड़ित ने कालवाड़ पुलिस की मदद ली तो बदमाश भागे, देर रात लौटकर हमला किया**

**जयपुर** (कासं)। कालवाड़ रोड पर स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने एक युवक पर कातिलाना हमला किया। सरिए-पाइप से ताबड़तोड़ वार कर उसके हाथ-पैर तोड़ दिये। जान से मारने के लिए फायर भी किया गया। जानलेवा हमले के बाद हमलावर स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। घायल युवक को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। कालवाड़ थाना पुलिस ने पीड़ित के पर्चा बयान के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि बोली सवाई माधोपुर निवासी विरेन्द्र सिंह उर्फ बिजू कोलाडा (30) पर जानलेवा हमला हुआ है। वह कालवाड़ रोड पर सुशांत सिटी में पत्नी के साथ रहता है। सोमवार को वह गोकुलपुरा करधनी निवासी दोस्त सुरेन्द्र सिंह की गाड़ी लेकर गांव सवाई माधोपुर गया था। रात को पत्नी और दोस्त कमल के साथ वापस घर लौट रहा था।

तभी रिंग रोड के पास कलवाड़ा में कमल को छोड़कर पति-पत्नी घर जा रहे थे। रात करीब 10:30 कालवाड रोड पर एक कैम्पर गाड़ी उनके पीछे लग गई। कैम्पर गाड़ी में लक्की, शक्ति, आदित्य, श्याम, दिनेश जाखड़, जीतू सहित अन्य लोग बैठे थे। गाड़ी को पीछा करते देख रोड पर उसने पुलिस को सूचना दी। जैसे ही पुलिस की आई तो कैम्पर गाड़ी क्रॉस कर निकल गई।

जिसके बाद घर के लिए वह रवाना हो गया। हाथोज में दोबारा केम्पर गाड़ी आगे लगाकर उसे रोकने की कोशिश की।

गाड़ी को साइड से बचाकर वह कालवाड़ थाने में ले गया।जहां केम्पर गाड़ी से पीछा करने की शिकायत दी। पुलिस ने उन्हें सुरक्षित उन्हें उनके घर सुशांत सिटी छोड़ दिया। रात करीब 12:30 बजे गाडी लेकर विरेन्द्र दोबारा निकला। पत्नी को सहेली रितू के घर छोड़कर दोस्त सुरेन्द्र की गाड़ी देने चला गया।

पीड़ित ने पर्चा बयान में पुलिस को बताया कि सुरेन्द्र के घर गाड़ी खड़ी करते ही स्कॉर्पियो गाड़ी में लक्की, आदित्य, श्याम, दिनेश सहित तीन-चार जने आए। लोहे के पाइप और सरिए से ताबड़तोड़ वार कर उसे रोड पर गिरा दिया। दोनों पैर और दाए हाथ पर लगातार बार कर तोड़ दिए। इस दौरान एक ने पिस्टल निकालकर उसे मारने के लिए फायर किया, लेकिन निशान चूकने से उसकी जान बच गई। दोस्तों के बचाने आने पर हमलावर स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठकर भाग निकले। गंभीर हालत में पुलिस ने पीड़ित को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया।

## आमेर में हाथी ने युवक को सूंड से लपेटकर फेंका

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के आमेर में हाथी गांव से आमेर की ओर आ रहे एक हाथी का सोमवार सुबह गुस्सा इस कदर फूटा कि आमेर महल से कुछ ही दूरी पर आमेर बस स्टैंड के नजदीक से गुजरने के दौरान हाथी ने एक युवक को जमीन सुंघा दी। हाथी ने युवक को सूंड में पकड़कर खींचा, हवा में घुमाया और सड़क पर दे मारा। उसे पैर से कुलचने की कोशिश की। इस दौरान महावत और वहां मौजूद अन्य लोगों की सूझबूझ काम आई। कुछ ने हाथी को काबू किया और कुछ ने उसके पैरों के पास से सड़क पर गिरे युवक को खींच लिया। उसके कई जगहों पर चोटे आई हैं। घायल युवक को पहले निजी अस्पताल में भर्ती कराया फिर डॉक्टरों ने उसे एसएमएस रैफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह आमेर बस स्टैंड के नजदीक मिठाइयों की दुकान करने वाला एक व्यक्ति हर दिन हाथी को कचौरी या समोसा खिलाता था। आज भी यही रूटीन था, लेकिन कचोरी खाने के बाद हाथी को अचानक गुस्सा आ गया। उसने कचौरी खिलाने वाले युवक पर हमला कर दिया। हाथी को वापस हाथी गांव भेज दिया गया है। मेडिकल टीम उसकी फिटनेस जांचेगी।

# खाने के पैसे मांगने पर बदमाशों ने रेस्तरां संचालक पर फायरिंग की

■ **झोटवाड़ा में युवक पर फायरिंग करने के आरोप में पुलिस ने दो बदमाशों को दबोचा तो उन्होंने करणी विहार क्षेत्र में फायरिंग की वारदात स्वीकारी**

**जयपुर** (कासं)। करणी विहार थाना इलाके में एक रेस्टोरेंट पर खाने के पैसे मांगने पर बदमाशों ने रेस्टोरेंट में फायरिंग कर दी। जानकारी में सामने आया कि बदमाशों ने रेस्टोरेंट मालिक को धमकाया और पुलिस को सूचना देने पर बुरे अंजाम की धमकी दी।

इसके बाद बदमाशों ने झोटवाड़ा में एक युवक पर फायरिंग कर दी। जब युवक ने मामला दर्ज करवाया। जिसके बाद पुलिस ने दो बदमाशों को धर-दबोचा। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने रेस्टोरेंट फायरिंग की घटना भी स्वीकार ली।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) राम सिंह शेखावत ने बताया कि करणी विहार थाने में रेस्टोरेंट मालिक शक्तिसिंह की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है कि वह करणी विहार क्षेत्र में पांच्यावाला बाईपास पर दी ट्री टॉक फ्रुड के नाम कैफे चलाता है। जहां कैफे पर एक गाडी टाटा टियागो से तीन व्यक्ति आये। तीनों ने फ्रेंच फ्राइज, मैगी और कॉफ़ी ऑर्डर की। यह तीनों व्यक्ति आपस में एक-दूसरे को देवेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह व हर्षवर्धन नाम से बुला रहे थे। ऑर्डर के बाद जब आरोपी बिल के रुपये दिये बगैर जाने लगे तो पीड़ित ने तीनों को रोककर रुपए मांगे। इस पर बदमाशों ने रुपये देने से मना कर दिया और धमकाने लग गए। इसी बीच बदमाशों ने कैफे पर दहशत फैलाने के लिए देशी कट्टे से बारी बारी से 4-5 फायर किए।

आरोपित देवेन्द्र ने कहा कि वह उन्हें जानता नहीं क्या, उसे देवेंद्र चतरपुरा कहते है। तेरी हिम्मत कैसे हो गई हमारे से रुपये मांगने की। हम हमेशा ही फ्री में खाना खाते है। तुझे कैफे चलाना है तो हमें फ्री में खिलाना पड़ेगा।

अगर तूने आज की इस घटना के बारे में किसी को बताया तो तेरा काम तमाम कर देंगे। कैफे पर देवेन्द्र सिंह व पुष्पेन्द्र सिंह व हर्षवर्धन द्वारा देशी कट्टे से किए गये फायर के 2-3 कारतूस पड़े हुए है। डर की वजह से रेस्टोरेंट मालिक ने पुलिस को भी सूचना नहीं दी। इसके बाद 23 अक्टूबर को झोटवाड़ा इलाके में बदमाशों ने एक युवक प्रदीप सिंह पर फायरिंग कर दी। घायल ने बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। जब पुलिस ने इन बदमाशों को पकड़ा तो उन्होंने करणी विहार इलाके में भी फायरिंग की घटना स्वीकार की। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल झोटवाड़ा थाना पुलिस कर रही है।

गौरतलब हैं कि गत 23 अक्टूबर को आरोपी देवेन्द्र सिंह ने प्रदीपसिंह पर फायरिंग कर दी। इस पर घायल प्रदीप सिंह ने देवेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने जब प्रदीपसिंह के बयान लिए तो उसने कहा कि देवेंद्र सिंह ने उसके साथ मारपीट कर उस पर फायरिंग की जिसमें वह घायल हो गया। देवेन्द्र सिंह ने भी प्रदीप पर जबरन अपहरण करने का आरोप लगाया हैं। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ क्रॉस में मुकदमा दर्ज कराए है।

## हथियार समेत दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत दौलतपुरा थाना पुलिस ने अवैध हथियार लेकर घूमते दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक पिस्टल और पांच कारतूस बरामद किए गए है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि दौलतपुरा थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपित भवानी सिंह चारण (30) निवासी गोविन्दगढ़ जयपुर ग्रामीण हाल सुभाष कॉलोनी शास्त्री नगर और श्याम सिंह चारण (35) निवासी सेवापुरा दौलतपुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक पिस्टल, पांच कारतूस और स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त की है। गिरफ्तार आरोपित भवानी सिंह के खिलाफ सिंधीकैम्प, कोतवाली और भट्टाबस्ती थाने में छह आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस की टीमें दीपावली के त्यौहार को देखते हुए इलाके में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखे हुई थी। इस दौरान दौलतपुरा थाना इलाके में पुलिस को स्कॉर्पियो गाड़ी को संदिग्ध खड़ी देखकर चैक करने गए। पुलिस को देखकर स्कॉपियो सवार संदिग्ध गाड़ी को तेजी से भाग ले गए। शक होने पर पुलिस टीम ने पीछा किया। कुछ ही दूरी पर हादसा होने से स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्कॉर्पियो में बैठे दोनों युवक भागने लगे। पुलिस जवानों ने पीछा कर दोनों को धर-दबोचा।

# भगवान को लगाया अन्नकूट प्रसादी का भोग




**आराध्यदेव गोविंददेवजी के मंदिर में अन्नकूट पर विशेष पकवानों की झांकी सजाई गई। अक्षयपात्र मंदिर में भी गोवर्धन पर्वत की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।**

**जयपुर** (कासं)। छोटीकाशी में बुधवार को अन्नकूट महोत्सव की धूम रही। मंदिरों में देव विग्रहों को नवीन अन्न से तैयार भोग अर्पित किए गए। पारंपरिक रूप से चावल, मूंग, मोठ, बाजरा, कड़ी, गड़मड़ सब्जी और पकौड़ी का भोग लगाकर भक्तों में वितरण किया गया। आराध्य देव गोविंददेवजी के मंदिर में अन्नकूट उत्सव के अंतर्गत दोपहर को अन्नकूट झांकी के दर्शन हुए। सुबह राजभोग झांकी के दर्शन नहीं हुए। शेष अन्य झांकियों का समय यथावत रहा।

गोविंददेवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में मंदिर के पश्चिम द्वार पर गोवर्धन पूजा एवं गाय के बछड़े का पूजन किया गया। ठाकुरजी को सुनहरी जामा पोशाक धारण कराकर विशेष अलंकार से श्रृंगार किया गया। महल रोड जगतपुरा स्थित श्री कृष्ण बलराम मंदिर में अन्नकूट और गोवर्धन पूजा का आयोजन भक्तिभाव से किया गया। अपराह्नकाल में हरिनाम कीर्तन के बाद शाम को गौ-पूजन किया गया। इसके बाद गोवर्धन पर्वत का पारंपरिक ढंग से पूजन किया गया। इस मौके पर गोवर्धन पर्वत के अलावा उखल बंधन सहित विभिन्न झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। इसके बाद पालकी उत्सव हुआ। श्रद्धालुओं को अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया।

सीकर रोड ढेहर के बालाजी परसरामनगर स्थित श्रीमन्न नारायण धाम में श्री मन्न नारायण प्रंन्यास मंडल की ओर से भगवान श्री लक्ष्मी नारायणजी में गोवर्धन और अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। महामंडलेश्वर पुरूषोत्तम भारती के सान्निध्य में भगवान के चौंला, बाजरा, मूंग, हरी सब्जी, चावल सहित अन्य व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं को दोनों प्रसादी के रूप में प्रसाद वितरण किया गया। इससे पूर्व भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के श्रृंगार के दर्शन किए। मुरलीपुरा के विकास नगर बी स्थित हनुमान-शिव मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। पुजारी पं. महावीर उपाध्याय ने विग्रहों के भोग लगाया। विद्याधनगर के नया खेड़ा स्थित मंगलमुखी हनुमान मंदिर में भी अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। मानसरोवर के किरण पथ स्थित वेदना निवारण केंद्र पर 30 अक्टूबर को अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। केन्द्र के व्यवस्थापक नेतराम शर्मा ने बताया कि मां गायत्री और गुरू सत्ता की पूजा-अर्चना के साथ अन्नकूट महोत्सव का शुभारंभ होाग।

## सार-समाचार

### 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ कल से

**जयपुर** (कासं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में कालवाड रोड झोटवाड़ा, करधनी क्षेत्र के ई ब्लॉक पार्क में 28 से 30 अक्टूबर तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सत्प्रवृतियों के संवर्धन दुष्प्रवृतियों के उन्मूलन, मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण के लिए महिला मंडल करधनी की ओर से आयोजित यह महायज्ञ शांतिकुंज हरिद्वार की टोली संपन्न कराएंगी। महायज्ञ का शुभारंभ 28 अक्टूबर, शुक्रवार को दोपहर 2 बजे निकलने वाली कलश यात्रा और ज्ञान गंगा सद्ग्रंथ शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा करधनी के सेंट्रल पार्क से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचेगी। कलश शोभायात्रा में नशा मुक्ति, नारी जागरण सहित अनेक सजीव झांकियां भी होंगी। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया और स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज कलश यात्रा को रवाना करेंगे। दूसरे दिन 29 अक्टूबर, शनिवार को सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक देव पूजन, गायत्री महायज्ञ होगा। पुंसवन, अन्न प्राशन सहित विभिन्न संस्कार भी होंगे। शाम को 6 से 8 बजे तक दीपयज्ञ होगा तथा सर्व सुलभ गायत्री साधना पर प्रवचन होंगे। तीसरे एवं अंतिम दिन 30 अक्टूबर को सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। इस मौके पर विशेष रूप से दीक्षा संस्कार कराया जाएगा।

### अन्नकूट प्रसादी का भोग लगाया



**जयपुर**। जगन्नाथ पुरी काली का खाना सांगानेर में शिवकृष्ण मंदिर में अन्नकूट प्रसादी का भगवान भोलेनाथ को भोग लगाया गया। समाजसेवी अक्षय यादव ने बताया कि हर वर्ष भगवान महादेव के अन्नकूट प्रसादी का कार्यक्रम मोहल्ला वासियों द्वारा बड़े हर्षोल्लास से किया जाता हैं।सभी भक्त भोलेनाथ के भजनों का आनंद का लुप्त कर प्रसादी का आनंद लेते है। भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया।इस दौरान गुलाब चंद यादव, रमेश कुमावत, हीरा लाल शास्त्री, श्याम बाबू यादव, रामावतार शास्त्री, विष्णु यादव, नकुल मडेतवाल, अजय मंडल, जीतू कुमावत, हरिशंकर छीपा, बिट्टू कुमावत, लक्ष्मण यादव, संजीव चौहान, अंश चौहान, निखिल ठाकुर, विक्की मंडल, बजरंग एकता डीजे सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे ।

### 'बीमित बाइक के 18 लाख रु.अदा करें'

**जयपुर**, (का.सं.)। जिले की स्थाई लोक अदालत ने बीमा होने के बावजूद बाइक का बीमा क्लेम निरस्त करने पर बीमा कंपनी पर 11 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही अदालत ने बीमा कंपनी को आदेश दिए हैं कि वह बीमित बाइक की करीब 18 लाख रुपए की राशि ब्याज सहित अदा करे। अदालत ने यह आदेश अतेन्द्र पाल सिंह के परिवाद पर दिए। अदालत ने कहा कि बीमा कंपनी के अनुसार यदि बीमित वाहन मेल नहीं खा रहे थे तो उसका वैज्ञानिक परीक्षण कराना चाहिए था, लेकिन बीमा कंपनी ने ऐसा नहीं किया और ना ही क्लेम राशि अदा की। परिवाद में कहा गया कि अपनी बाइक सुजूकी हायाबूसा का यूनिवर्सल शैंपू जनरल इंश्योरेंस कंपनी से बीमा कराया था। बीमा अवधि के दौरान 14 मार्च 2021 को उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वहीं अधिकृत डीलर की वर्कशॉप पर निरीक्षण कराने पर कुल 11 लाख रुपए का एस्टीमेट बनाया गया और बीमा कंपनी को इसकी जानकारी भेजी गई। वहीं बीमा कंपनी के सर्वेयर ने भी एस्टीमेट के अनुसार वाहन क्षतिग्रस्त माना। परिवादी की ओर से सारी कागजी कार्रवाई करने के बाद बीमा कंपनी ने कोरोना के चलते वाहन को ठीक नहीं कराया और बाद में सितंबर 2021 में यह कहते हुए क्लेम खारिज कर दिया कि बीमा कराते समय और दुर्घटना के समय बाइक अलग-अलग थी। परिवाद में कहा गया कि बीमा कंपनी ने वाहन का संपूर्ण निरीक्षण कर बीमा किया था और घटना के नौ माह बाद गलत तरीके से क्लेम खारिज किया है। इस दौरान वाहन पार्किंग चार्जेज और री-एस्टीमेट के तौर पर करीब सात लाख रुपए और मांगे गए। ऐसे में परिवादी को 17 लाख 94 हजार रुपए का क्लेम दिलाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने बीमा कंपनी को आदेश दिए हैं कि वह करीब 18 लाख रुपए की बीमा राशि परिवाद दायर करने से सात फीसदी ब्याज सहित अदा करे।

### सैल्समेन को कार से रौंदने की कोशिश

**जयपुर** (कासं)। कालवाड़ रोड स्थित पेट्रोल पम्प पर कार सवार दो युवकों ने सैल्समेन से मारपीट की। तेज रफ्तार कार दौड़कर सैल्समेन को रौंदने की कोशिश की, फिर पत्थर फैंककर ऑफिस का शीशा तोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि रामला का बास कालवाड़ निवासी जगदीश प्रसाद निठारवाल (46) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि कालवाड़ रोड पर रामला का बास पर पिंकसिटी फ्यूट सेंटर पर कार सवार दो युवकों ने हमला किया। गत 23 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे कार सवार दो लड़के पेट्रोल डलवाने आए। उन्होंने 520 रुपए का पेट्रोल डलवाया, इसी दौरान सैल्समेन अजय से उनकी कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर कार लेकर वहां से चले गए। कुछ देर बाद वापस लौटकर आए और कार को तेज रफ्तार में दौड़ाते हुए पम्प पर 3-4 चक्कर लगाए। वहां खड़े सेल्समेन अजय पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। बचने की कोशिश में अजय इधर-उधर दौड़ा तो कार रोककर दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट की।

### भजन संध्या 6 नवम्बर को

**जयपुर**। श्री श्याम सेवा संघ मानसरोवर की 18वीं श्री श्याम भजन संध्या रविवार, 6 नवम्बर को दोपहर सवा से शाम सवा सात बजे तक शिप्रा पथ मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के दीप स्मृति ऑडिटोरियम में आयोजित होगी। संस्था के अध्यक्ष विमल कुमार सोनी ने बताया कि भजन संध्या में दिल्ली से शीतल पांडे, कोलकाता रवि बेरीवाल, लुधियाना की उषा शर्मा के अलावा स्थानीय भजन प्रस्तोता सुनील शर्मा, निशा-गोविंद, आयुष सोमानी, गोपाल सेन श्याम प्रभु के दरबार में हाजिरी देंगे।

# डाला छठ महापर्व कल से शुरू होगा



**जयपुर** (कासं)। उत्तर भारतीयों का महापर्व डाला छठ 28 से 31 अक्टूबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। राजधानी में इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। बिहार समाज के लोग बांस की टोकरी सहित अन्य सामान खरीद रहे हैं। चार दिवसीय महापर्व का शुभारंभ नहाय खाय के साथ शुक्रवार 28 अक्टूबर से होगा। छठ महापर्व का आरंभ नहाय खाय से आरंभ होता है। 28 अक्टूबर को तृतीया और चतुर्थी तिथि, अनुराधा नक्षत्र और ज्येष्ठा नक्षत्र रहेगा। रवियोग और सर्वार्थ सिद्धि योग नामक दो सिद्धिकारी योग भी विद्यमान रहेंगे। बिहार समाज संगठन के सदस्य जलेश्वर सिंह ने बताया कि नहाय-खाय के अंतर्गत व्रती महिलाएं में जल स्त्रोत में स्नान कर घर आकर खाना बनाएंगी। खाने में कद्दू और अरवा चावल बनाया जाएगा। इसे कद्दू भात कहा जाता है। व्रतियों के प्रसाद ग्रहण करने के बाद ही परिवार के अन्य लोग भोजन ग्रहण करेंगे। इसके बाद 29 अक्टूबर को 36 घंटे का खरना का व्रत आरंभ होगा। व्रती गलताजी और एनबीसी के पीछे पार्क में बनाए जाने वालेकृत्रिम तालाब में खड़े होकर 30 अक्टूबर को डूबते हुए सूर्य को पहला अर्घ्य देंगे। रात्रि जागरण करते हुए 31 अक्टूबर को उगते हुए सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के साथ डाला छठ पर्व का समापन होगा।

## बस से फिसलकर गिरे युवक की मौत

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर इलाके में चलती बस से पैर फिसलने से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह परिवार के साथ दीपावली मनाने अपने गांव जा रहा था, इस दौरान हादसा हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस के मुताबिक हादसे में राम मोहन बंजारा (40) निवासी श्योपुर मध्य प्रदेश की मौत हो गई। जो जयपुर में परिवार सहित रहकर वैशाली नगर में मजदूरी करते थे। वह दीपावली मनाने परिवार के सात-आठ सदस्यों के साथ अपने गांव मध्य प्रदेश जा रहा था। जहां कुंभा मार्ग पर चालक को बोल कर बाथरूम करने के लिए उतर गए। राम मोहन के बस में वापस चढ़ते समय चालक ने बस चला दी। इस कारण अनियंत्रित राममोहन गिर गया।

# दीवाली पर आतिशबाजी से 65 लोग घायल हुए

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में दीपावली पर्व पर हादसों और आतिशबाजी के कारण झुलसकर अस्पताल पहुंचने वाले लोगों की संख्या इस बार 65 रही है। इसमें एक मरीज की हालत गंभीर बनी हुई है तथा 5 अन्य अस्पताल में भर्ती है। बाकी बचे हुए मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि दीपावली के मौके पर अस्पताल की इमरजेंसी में विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। इसके लिए राउण्ड द क्लॉक विशेषज्ञ चिकित्सकों को लगाया गया था जिससे हादसों में घायल होकर पहुंचने वाले मरीजों को त्वरित उपचार मिल सके। इस दौरान दीपावली की रात एसएमएस की इमरजेंसी में 65 लोग विभिन्न कारणों से चोटिल होकर अस्पताल पहुंचे। इसमें 24 लोगों के आंख में चोट लगी थी तथा 41 मरीज आतिशबाजी के दौरान झुलसकर अस्पताल पहुंचे थे। इसमें आंख में चोट लगने के कारण घायल हुए 4 मरीजों, एक झुलसकर आए तथा एक अन्य मरीज को अस्पताल में भर्ती किया गया तथा अन्य सभी मरीजों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। इसमें प्लास्टिक सर्जरी विभाग में भर्ती एक मरीज की हालत गंभीर बनी हुई है और उसके इलाज के लिए विशेष टीम बनाई गई है।

# फैक्ट्री के एजेंट से सात लाख रु. लूटने वाले बदमाश पकड़े

**जयपुर** । विश्वकर्मा पुलिस ने श्रीराम स्टील फैक्ट्री के एजेंट से 7 लाख रुपये लूटने के मामले में खुलासा करते हुए 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने रैकी कर वारदात को अंजाम दिया गया था।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि विश्वकर्मा थाना पुलिस ने श्रीराम स्टील फैक्ट्री के एजेंट मुकुन्दरा कालाडेरा निवासी विकास शर्मा से 21 अक्टूबर को 7 लाख रूपये लूट की वारदात हुई थी। पुलिस ने इस लूट का खुलासा करते हुए आरोपित राजपाल सिंह (23) निवासी मण्डेला जिला झुंझुंनू हाल पिथमपुर धार मध्य प्रदेश, बनवारी बांगडी उर्फ विनोद (22) निवासी बूंदी हाल भोपजी की ढाणी हरमाड़ा, राजेश उर्फ राजा (22) निवासी जयराम नगर हरमाड़ा, भवानी सिंह (22) निवासी गौतम नगर बेनाड रोड हरमाड़ा और शुभम (20) निवासी खण्डेला जिला सीकर हाल तिरुपति विहार लोहामंडी रोड हरमाड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को फुटेज के आधार पर चिह्नित कर मुखबिर की सूचना पर पकड़ा है।

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रुपये और वारदात में प्रयुक्त दुपहिया वाहन की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे है। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि वारदात से पहले मास्टर प्लान बना कर तहत रेकी की गई, जिसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। गौरतलब है कि मुकुन्दरा कालाडेरा निवासी विकास शर्मा (31) के साथ वारदात हुई थी और वह रोड नंबर-5 मुरलीपुरा स्थित श्रीराम स्टील फैक्ट्री में अकाउंटेंट का काम करता है। जो 21 अक्टूबर को रोड नंबर-13 विश्वकर्मा स्थित गैस गोदाम से रुपए लेने गया था और दोपहर फैक्ट्री मालिक विमलेश अग्रवाल के सात लाख रुपए लेकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान बिजली ग्रेड के पास रॉयल इनफील्ड पर तीन लड़के और हीरो डीलक्स बाइक पर दो लड़कों ने उसे रोक कर डंडे से उसके साथ मारपीट वार कर सात लाख रुपए रूपये से भरा बैग छीनकर ले गए थे।

## युवती को प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। सोडाला इलाके में 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी से परिचित युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि आरोपित नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर पिछले सात महीने तक दुष्कर्म करता रहा। इस संबंध में पीड़िता की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि सोडाला निवासी 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने मामला दर्ज करवाया है कि आरोपित मोहल्ले का ही रहने वाला है और एक ही जगह रहने के कारण नाबालिग किशोरी और आरोपित युवक एक-दूसरे को जानते है। पीडिता का आरोप है कि बातचीत के दौरान आरोपित ने उसे प्रेम जाल में फंसा कर दुष्कर्म किया। इसके बाद से आरोपित 21 अक्टूबर 2021 से 10 मई 2022 तक लगातार बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करता रहा। परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई। तब उन्होंने थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नौकरी की तलाश में जयपुर आई छत्तीसगढ़ की युवती से गैंगरेप

## प्रताप नगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया

■ **पुलिस दर्ज नामजद रिपोर्ट के आधार पर अन्य बदमाशों को तलाशने में जुटी**

**जयपुर** (कासं)। नौकरी की तलाश में जयपुर आई छत्तीसगढ़ की युवती से गैंगरेप के मामले में प्रताप नगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। परिचित युवक ने होटल में दोस्तों के साथ मिलकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। प्रताप नगर थाना फरार अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि गैंगरेप के मामले में आरोपी मनखुश मीणा (21) पुत्र सावलराम निवासी बोली सवाई माधोपुर हाल श्योपुर रोड सांगानेर को गिरफ्तार किया है। वह जयपुर में रहकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने कोर्ट में पेश कर उसे जेसी भेज दिया है। मामले में फरार आरोपी जीतू, शेखर, अमन, पिंटू, लोकेश और बलराम की तलाश की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें उनके छिपने की संभावित जगहों पर दबिश दे रही है। पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ निवासी 18 साल की युवती ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। करीब 2 महीने पहले वह जॉब की तलाश में जयपुर आई थी। जयपुर रेलवे स्टेशन पर शेखर नाम के लड़के से मुलाकात हुई। शेखर ने बातचीत के दौरान दो दिन उसका ख्याल रखा। ट्रेन के डब्बे में ही उसके साथ संबंध बनाए। इसके बाद वह वापस चली गई। कुछ दिन बाद वापस लौटने पर जीतू से मुलाकात हुई। जयपुर में जीतू ने जॉब दिलाने की बात कही। इसके बाद 21 अक्टूबर को जीतू उसे अपने साथ टोंक रोड स्थित होटल शिवम में लाया। होटल के रुम में आरोपी जीतू ने अपने दोस्त अमन, मनखुश, पिंटू, लोकेश और बलराम के साथ मिलकर गैंगरेप किया। विरोध करने पर मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने जाकर आपबीती सुनाते हुए आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज करवाया।



## Black Cat Awareness Month

A whole host of superstitions surrounding the feline with sable fur have been developed over time, and the one stating that your luck is going to have a downward turn if you have one walk in front of you is the most prevalent. In truth, all it really means when a black cat walks in front of you is that the animal is clearly going somewhere. Pamper your black cat, visit a humane society, and help end the stigma surrounding these sweet little kitties, who are no more unlucky than any other cat.

#LAW

# AI To Protect Teen Privacy

What qualifies as confidential for a given patient is left up to the doctor's interpretation and therein lies a problem.



Natural language processing could help paediatricians draw the fine line between a teen's right to privacy and a parent's right to know.

Two laws, one new, the other on the books since the 1980s, have complicated the lives of paediatricians. The federal government's 21st Century Cures Act, among its many mandates, requires physicians nationwide make available to patients their complete electronic medical records. With the click of a mouse, all personal health information, test results, prescribed medications, and clinical notes must be accessible digitally for patient review.

Meanwhile, a confidentiality law in California simultaneously demands that paediatricians protect the privacy of their adolescent patients. That is, by law they must not divulge to parents certain details about their dependent child's mental health, sexual history, drug use, and other confidential information.

"Most states in the country have some form of confidentiality laws, so there is a conflict between the full disclosure in the federal law and the privacy protections of the state laws," says Keith Morse, a paediatrician who leads the Translational Data Science at Packard (TDaP) program. TDaP is specifically charged with exploring the rapidly emerging applications of machine learning to clinical care at Lucile Packard Children's Hospital.

What qualifies as confidential for a given patient is left up to the doctor's interpretation and therein lies a problem. Doctors often disagree about such matters and now those subtle distinctions are weighted not only with medical consequence but with legal consequence, as well.

Into that maw have leapt Morse and a team of medical doctors, bioinformatics experts, and computer scientists from Stanford University who have tapped artificial intelligence to help paediatrician's flag potentially confidential information in their clinical notes for closer review to ensure compliance with both laws. The authors introduced their algorithm in a peer-reviewed paper that has been submitted for publication, and it is already in use by paediatricians in the Stanford Children's Health community.

The fundamental issue is trust.

"We want the patients, in this case teens, to feel that they can be fully open and honest with their doctors without worrying that their parents might learn personal details they would rather their parents not know," Morse says. "But the parents have an interest in their child's medical history, too."

The algorithm does not redact confidential information from the medical record, but rather uses natural language processing to compare clinical note content against a database to "flag" phrases, sentences, and paragraphs that it thinks might be at risk of violating confidentiality laws. The algorithm then calculates a "risk score" to help physicians make their confidentiality determinations, improve compliance with the applicable laws, and expedite the manual review process.

"It's a very fine needle we have to thread here," adds Naveed Rabbani, an engineer turned paediatrician at Stanford Medicine and lead author of the study. "Artificial intelligence can help make that key determination between what is confidential and what is necessary to provide the patient the very best medical care we can offer."

### Doctor's Note

To build their algorithm and dataset, the researchers enlisted a team of five physicians to evaluate a randomly selected trove of clinical notes from 1,200 adolescent patients ages 12 through 17. The physicians who had been specifically trained in the nuances of California's adolescent confidentiality laws annotated the dataset based on that knowledge. In their analysis the researchers estimate that slightly more than 20% of clinical notes for adolescents contain confidential information, indicating the issue is worthy of concern.

The 1,200 records were disbursed evenly among the five doctors, with some overlap. Not all doctors agree on what constitutes "confidential" information, and the overlap helped the AI research team identify the interpretive gray areas.

The algorithm then evaluated new, never-before-seen clinical notes for potential concerns, where it calculated the risk score and flagged content for the doctor's review.

"The biggest surprise to me in this research was just how hard it is to determine confidentiality," Rabbani says. "The best care and patient disclosure are sometimes contradictory goals. That's where AI really helps."

The researchers anticipate that such an algorithm, if it was to achieve wider use, would work in real time as the doctor is entering notes-flagging content for immediate categorization as the notes are being transcribed.

With potential conflicts flagged and graded by confidentiality risk, the physician can quickly make an informed determination.



"Newcomers to this city like you might be having a storybook idea about a pickpocket's appearance - you know the type of criminal seen in our films, with a leer on his face, a swagger in his gait and a bright red neck-cloth around his throat. Actually, pickpockets are very inconspicuous. Without experience you cannot make them out from the ordinary citizens. I have made a special study of them, so I can. Now, you see that innocent looking chap over there, in a black coat, reading a book. Well take it from me, he is a veteran pickpocket."

# The Pickpocket





N.N. Sachitanand
*Senior journalist*

#STORIES

Cousin Seenu said, in the manner of a guru, "You must be very careful about your purse in Bombay. Pickpockets abound in this metropolis and there is no telling where one might bump into you. In fact, that is one of their standard methods - bumping into people. While you are recovering from the shock of the jostle, the pickpocket will have rifled your pockets."

We were walking along one of the busy streets of the city. Cousin Seenu had his head turned towards me and was emphasising, "So, be very careful while walking along the streets. Steer clear of people who seem to be bent on bumping into you."

At that moment he collided full tilt with a man walking ahead. Since the worthy was clutching a bag full of mangoes, the resultant fraying of tempers can well be imagined. After ten minutes, we managed to escape from the still irascible and voluble gentleman and proceeded on our way with a flustered Seenu muttering, "Was it my fault that the old coot did not have a firmer grip over his blessed mangoes? And how dared he insinuate that I was a pickpocket? "

The suburban train was stuffed to the footboards. Seenu had recovered his equanimity and was again holding forth on his favourite subject.

"Newcomers to this city like you might be having a storybook idea about a pickpocket's appearance - you know the type of criminal seen in our films, with a leer on his face, a swagger in his gait and a bright red neck-cloth around his throat. Actually, pickpockets are very inconspicuous. Without experience you cannot make them out from the ordinary citizens. I have made a special study of them, so I can. Now, you see that innocent looking chap over there, in a black coat, reading a book. Well take it from me, he is a veteran pickpocket."

### Hunting Grounds

Since the gentleman indicated looked like an underpaid schoolteacher, I was a bit sceptical. But Cousin Seenu was quite confident.

"I can tell from experience, dear chap," he insisted smugly. "His book reading is only a front. Those seeming bifocals must be of plain glass. Under cover of reading he is actually sizing up potential victims. Note those long tapering fingers. No chalk pusher would have such fingers."

During all this discussion we had (we thought) been covertly staring at the subject. Suddenly he glanced at us and caught us in the act. From that time on he became fidgety and nervous, often darting glances at us.

"Conductor," shouted Seenu excitedly, "I just caught this fellow in the act of removing a purse from the pant pocket of this old gent in front of him."





"He knows we are on to him," murmured Seenu, with satisfaction.

Soon our station came and we got off. So did our suspect. As we followed him towards the exit, he kept glancing fearfully back at us. Just then a young, hefty man accosted him with the words, "Hello, professor! Where are you going in such a hurry?"

The man gave a cry of relief and exclaimed, "Oh Ravi! I am glad to see you." Pointing to Seenu and me he continued, "These two characters have been following me for a long time. I do not like their intentions. Would you mind escorting me home?"

"Certainly not, sir," replied the burly Ravi. "And as for these two fellows - ", turning to us he growled, "What's the idea? Thinking of robbing the old man?"

It took a harried five minutes for Cousin Seenu to explain to the professor's watchdog that we were perfectly law-abiding citizens headed homewards. Wiping our brows we boarded our bus.

For some time Seenu was subdued. But that period of grace did not last long.

"Buses," he started again, "are the favourite hunting grounds of the pickpocket. Usually they rifle your pockets while you are boarding or disembarking. Occasionally - "

Seenu stopped his lecture midway, gasped and clutched my arm. "Look at that man," he whispered hoarsely. And before I could restrain him, he lunged forward with a cry of, "Stop thief!" and caught hold of a young man standing a couple of feet ahead of us.

Immediately there was a hubbub in the bus. The conductor stopped the vehicle and hurried up to where Seenu was wrestling with the young man.

"Conductor," shouted Seenu excitedly, "I just caught this fellow in the act of removing a purse from the pant pocket of this old gent in front of him."

"Now, just a minute - "expostulated the young man.

"Call the police!", "Give him a beating!" were some of the excited comments from fellow passengers.

Then I noticed the old gentleman who was the supposed victim. He seemed about to have a fit. He burst out, "QUIET!"

He got his silence. With a flushed face he continued, "This young man is not a pickpocket. He is my son. I asked him to remove my purse to pay for the tickets since both my hands were occupied."

Then turning to a crestfallen Seenu he bellowed, "You brainless nincompoop! How dare you -"

### A Lesson For You

I prefer to draw a veil over the next quarter of an hour. As we got down at our stop, a flushed Seenu exclaimed, "How the devil was I to know that the fellow was that old badger's son? Anyhow, it is a lesson for you. You see how easy it is for your pocket to be picked in a bus."

"Yes," I agreed. "That's why I keep my money in a special pocket on the inside of my pants."

Seenu nodded condescendingly and said, "Well, that is all right for newcomers to the city. Now, I carry my purse in my hip pocket. You see, I can always feel the tug if anyone tries to extricate it. See here -"and his hand went to his hip pocket.

A moment later he gasped.

"What's the matter?" I queried.

"My purse!" Wailed Seenu. "It's gone. I have been pick pocketed!"

writetoarbit@rashtradoot.com





#LIFESTYLE

# Your Bathing Habits Can Affect Digestion

Experts suggests that a glass of warm or room temperature water before a shower can help lower blood pressure-related issues in the body.



Our elders often advise us to not take a bath after meals. Turns out, Ayurveda also strongly recommends against it. But, there's more – it is not just taking a bath, experts say that certain other bathing habits, which are extremely common, have the potential to affect the digestive system and overall health. Our body works in complex ways and all our actions have potential consequences; bathing rituals are certainly one of those.

*Three things one must always keep in mind when taking a shower are:*

Ensure to drink a glass of water before taking a shower: Experts suggests that a glass of warm or room temperature water before a shower can help lower blood pressure-related issues in the body. Drinking warm water warms your body from the inside which results in the widening of blood vessels, allowing more blood to flow through them; thus lowering the blood pressure. This results in a similar circulatory system dilation on the skin's surface.

- **Never take a shower after having a full meal:** It weakens the digestive fire, which is a warm energy in your stomach and gut that aids digestion, absorption, and assimilation of nutrients. After eating, the body rushes blood to the digestive system to



help in the digestion process. As such, taking a shower distracts this blood flow from the stomach and rushes it instead to the surface of the skin.
- Considering these effects, it may be ideal to take a bath at least an hour after a meal. In contrast, taking a bath before a meal makes your body rejuvenated and energised.
- **Avoid taking a shower after sunset:** Our body starts to cool down after sunset, which is a signal that it's time for bed. The expert explained that taking a shower before bed can block the skin pores trapping the body heat within. This can cause a rise in body temperature which can actually disrupt this signal and your night's sleep in the process.

#SPACE

# Human Garbage In Space

We're already dumping a ton of trash on Mars-and we haven't even set foot on it yet.



The next time you see a shooting star, there's a small chance it's complete garbage. That's not a knock on any meteors or comets out there. It's the truth. To deal with trash that piles up on the International Space Station, astronauts put them into big cargo bins and jettison them back into Earth's atmosphere where it all burns up in a blaze of glory.

It's not the most eco-friendly system for taking the space trash out, and it raises questions about what kind of impact we're creating by adding waste and gasses into an already strained atmosphere on Earth. But it's the only one we have right now.



That might soon change if Steve Sepka has anything to do with it.

"One of the great ways to deal with trash and waste is to compact it," Sepka, who is NASA's project manager for trash compaction and processing system. "But there's also a lot of problems with space because we've got limited power, volume, and mass. You also want to be able to take the liquids out and process those or reuse it."

One project NASA is working on right now is a compaction system that could turn astronaut garbage into tiles that can then be used for practical applications like radiation shielding. Such an approach hits home at an ethos that's relevant here on Earth but especially important if you're an astronaut who is weeks or even months away from a crucial resupply mission: reduce, reuse, recycle.

Sepka was recently the manager for NASA's Waste to Base Materials Challenge, held this past spring. It was a call to citizen scientists all over the world to come up with new ideas and concepts to turn astronaut garbage on places like the moon or Mars into usable material.

The emphasis was on sustainability. Future astronauts on a place like Mars can't always rely on regular resupply missions. As such, they need to be able to repurpose any and all materials they have at their disposal.

The challenge marked the beginning of answering a question that's becoming more and more relevant as NASA embarks on its bold goal of going back to the moon and, eventually, Mars and beyond: What the hell are we going to do with all our extra-terrestrial garbage? After all, astronauts won't be able to just yeet it back to Earth like those on the ISS.

Undoubtedly, the grossest category of the challenge involved what to do with faecal waste. One example involves fermenting faecal matter in order to break it down. The idea is to "get anaerobic decomposition very similar to what goes on with composting," Sepka said. "We're getting microbes to do it and what to do with leftover materials. It's very similar to what we do on Earth."

Another involved using poop as a natural fertilizer, like Mark Watney growing potatoes in The Martian. As with so much science fiction before, it could have real world use cases once researchers and engineers get behind it.

We can't possibly hope to reuse all of our garbage though. Sometimes trash is trash. There's nothing else to do but get it out of the house. This raises another big set of issues that needs to be solved. That's because one of the biggest challenges when it comes to making a galactic trash system is the fact that we want to address what scientists call "planetary protection," or the practice of preventing our dirty Earth-originated materials from contaminating celestial bodies like planets or moons.

So sure, we could bury the off-Earth garbage, but it could result in contamination.

It certainly doesn't help that we are already trashing places like Mars and the moon. Over the past spring, NASA released a photo of the back shell from the Perseverance rover. Later that summer, the agency released a pic of a thermal blanket that they discovered embedded into a Martian rock.

In fact, we've dumped an estimated 15,694 pounds of trash on Mars from the past 50 years of exploration alone. And even that's tiny in comparison to the whopping 400,000 pounds of garbage including materials, rovers, rocket boosters, and assorted national flags we've left behind on the moon. Imagine how much more it'd be once we actually start colonizing the Red Planet or the lunar surface.

That's why trash compaction is so key. The smaller you can make it, the more easily you can save space aboard a capsule. If it gets too full, said Sepka, crew planners aren't ruling out simply jettisoning it out into the cosmos-though he admits that wouldn't be the ideal solution.

So, when we go to a new planet, it only makes sense that we would want to get off on the right foot. That means doing all the things that we didn't do on Earth and start recycling-one piece of extra-terrestrial trash at a time.



THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# भीलवाड़ा के एमजी अस्पताल में बच्ची की झुलस जाने से मौत

## एक अन्य बालक भी झुलसा, हालत गंभीर

■ नर्सिंग स्टाफ की लापरवाही से एनआईसीयू वार्ड में 21 दिन की बालिका की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के सबसे बड़े महात्मा गांधी ( एमजी) अस्पताल में दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। नर्सिंग स्टाफ की लापरवाही से एनआईसीयू वार्ड में 21 दिन की बालिका की झुलस जाने से मौत हो गई जबकि उसी वोर्मर पर एक और अन्य बालक झुलस गया है जिसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार महात्मा गांधी अस्पताल परिसर स्थित एमसीएच विंग में चित्तौडग़ढ जिले के मरमी ग्राम निवासी पप्पू वैष्णव की 21 दिन की बालिका को कम वेट के कारण एनआईसीयू में भर्ती कराया गया था। जहां बीती रात करीब डेढ बजे स्टाफ की लापरवाही से इस बच्ची की वार्मर में अधिक हिटिंग होने के कारण मौत हो गई जबकि एक अन्य बालक जो की नियम विरुद्ध एक ही वर्मार मशीन में सुलाया गया था वो गंभीर रूप से झुलस गया।

बालक की भुआ सम्पत ने बताया कि रात को 2 बजे जब वह बच्चे को दूध पिलाने गई तो एक बच्चा नहीं था और उनका बच्चा भी तीन चार जगह से झुलसा हुआ था। इस बारे में जब उन्होंने स्टाफ से पूछा तो उन्होंने गंभीरता से जवाब नही दिया। उधर मृतक बालिका के पिता पप्पू वैष्णव ने आरोप लगाया कि रात्रिकालीन अस्पताल के स्टाफ ने लापरवाही बरती, इसके कारण यह हादसा हुआ है और उसे अपनी बेटी से हाथ धोना पड़ा है।

मृत बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया, लेकिन परिजनों को अस्पताल स्टाफ द्वारा समझाने पर वे शव को बिना पोस्टमार्टम के ही ले गये। उप नियंत्रक डॉ देवकिशन सरगरा ने इस संबंध में कहा कि बालिका की जलने से मौत हुई लेकिन यह जांच का विषय है। इसकी जांच करवाई जाएगी। इस संबंध में जब महात्मा गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़ से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि प्रारंभिक दृष्टि से स्टाफ की लापरवाही सामने आई है। रात्रि को दो ठेके के कर्मचारी लगे हुए थे उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई है। वहीं पूरे मामले की जांच के लिए 4 चिकित्सकों की कमेटी का गठन किया गया है जो तीन दिन में रिपोर्ट देंगे। अगर कोई दोषी पाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।



भीलवाड़ा के अस्पताल में मृत बालिका।

# नम आंखों से हजारों लोगों ने शहीद रोहिताश्व खैरवा को अंतिम विदाई दी

## पांच साल की बेटी ऋतिका ने ही अपने पिता को मुखाग्नि देते हुए उन्हें सेल्यूट किया

**गुढ़ागौड़जी, (निसं)।** पोसाना में सोमवार को शहीद रोहिताश्व खैरवा को नम आंखों से गमगीन माहौल के बीच हजारों लोगों ने अंतिम विदाई दी। दो दिन पहले अरुणाचल प्रदेश में हेलीकॉप्टर क्रैश हादसे में पोसाना के रोहिताश्व खैरवा शहीद हो गए थे।

जिसके बाद रविवार देर रात को उनकी पार्थिव देह गुढ़ागौड़जी पहुंची। सोमवार सुबह करीब 10 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा के साथ पार्थिव देह को शहीद के गांव उनके निवास पर ले जाया गया। जहां पर अंतिम रस्मों के बाद सभी ने लाडले के अंतिम दर्शन दिए और अपनी भावभीनी विदाई दी। सेना और पुलिस की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सैनिक कल्याण मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा, सांसद नरेंद्र कुमार, कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी, एसपी मृदुल कच्छावा, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी तथा एडीएम जेपी गौड़ समेत अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने पुष्प चक्र अर्पित किए। इसके बाद सेना के जवानों ने शहीद की पांच साल की बेटी ऋतिका को तिरंगा दिया। वहीं पांच साल की बेटी ऋतिका ने ही अपने पिता को मुखाग्नि देते हुए उन्हें सेल्यूट किया। खुद बेटी भी अंतिम यात्रा में रोहिताश्व खैरवा अमर रहे और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए दिखाई दी। इससे पहले जब शहीद की पार्थिव देह घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। वीरांगना सुभीता देवी बेसुध हो गई।



पांच साल की बेटी ऋतिका ने शहीद पिता की पार्थिव देह को मुखाग्नि दी।

जानकारी के अनुसार पोसाना की खैरवा की ढाणी निवासी रोहिताश्व खैरवा असम में तैनात थे। वे 2010 में सेना में टेक्निकल पद पर भर्ती हुए थे। 26 अक्टूबर 2014 में उनकी शादी जैतपुरा निवासी सुभीता के साथ हुई थी। उनके 5 साल की बेटी ऋतिका है। पिता विद्याधर खैरवा किसान है। रोहिताश्व दो भाइयों में बड़े हैं। छोटे भाई सहीराम खेती किसानी का काम करते हैं। बहन सुनीता की शादी हो चुकी है। माता चुकी देवी व पत्नी सुभीता गृहिणी है। रोहिताश्व कुमार ने शुक्रवार सुबह ही पत्नी सुनीता से फोन पर बातचीत की थी। रोहिताश पिछले महीने ही छुट्टी बिताकर ड्यूटी पर लौटे थे। इस मौके पर मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने बताया कि उन्हें दुख भी है और फक्र भी है। 15 दिनों के दरमियान ही उनके विधानसभा क्षेत्र के तीन लाडलों ने देश सेवा में अपने प्राणों की आहुतियां दी है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीद के परिवार को 50 लाख रूपए की सहायता देती है। लेकिन वे मुख्यमंत्री से बात करेंगे कि शहीद रोहिताश्व खैरवा को भी घरड़ाना के शहीद कुलदीप राव के बराबर पैकेज मिले। जिसके तहत 25 लाख रूपए की सहायता राशि माता-पिता को अलग से दी जाए और 75 लाख रूपए की राशि शहीद वीरांगना और उसके परिवार को मिले।

# गैस सिलेण्डर हादसा : केंद्रीय मंत्री शेखावत पहुंचे पीड़ितों के घर

## परिजनों को गले लगाकर ढांढस बंधाया, 10 लाख की सहायता राशि प्रदान की

**जोधपुर, (कासं)।** सांसद और केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत दीपावली पर कीर्ति नगर गैस सिलेंडर हादसे के पीड़ित परिवारों से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को गले लगाकर ढांढस बंधाया। उनका दुख बांटने का प्रयास किया और दस लाख रुपए की सहयोग राशि प्रदान की।

केन्द्रीय मंत्री शेखावत अपने निज निवास पर दीप प्रज्ज्वलित करने से पहले अपरान्ह बाद लाल सागर के पास स्थित चाणक्य नगर गए और भोमाराम के परिवार से मिले। उनके परिवार के सात सदस्यों ने हादसे में जान गंवाई है। पिता कोजाराम से मिलकर शोक व्यक्त किया। शेखावत ने बच्चों को गले लगाया और परिजनों का उनका दुख बांटने का प्रयास किया। शेखावत ने पीड़ित परिवार को सात लाख रुपए का चेक दिया।

केन्द्रीय मंत्री शेखावत कीर्ति नगर पहुंचे और अशोक जोशी के परिवार के सदस्यों से मिले। जोशी परिवार को भी इस अत्यंत दुर्भाग्यजनक हादसे से गहन शोक हुआ है। शेखावत ने परिवार के सदस्यों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। जोशी परिवार को कुल तीन लाख की सहायता राशि दी। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि शोकमग्न परिजनों को इस आघात से उबारे।

भारतीय जनता पार्टी जोधपुर शहर जिला महामंत्री महेन्द्र मेघवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पालीवाल, सुभाष गहलोत, नगर निगम उत्तर के नेता प्रतिपक्ष लक्ष्मीनारायण सोलंकी, राजस्थान एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष नाथू सिंह राठौड़, मण्डल अध्यक्ष सुरेश भाटी, दीपक माथुर सहित अनेक लोग केन्द्रीय मंत्री शेखावत के साथ मौजूद रहे।

# हॉस्टल में एक साथ 21 कमरों के ताले टूटे

■ तीन कमरों से लेपटॉप, नगदी और हार्ड डिस्क ले गए

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर के रातानाडा स्थित एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉस्टल में एक साथ 21 कमरों के ताले टूट गए। अज्ञात चोरों ने एक कमरे के पीछे की दीवार पर लगी खिडकी को तोड़ा और प्रवेश कर तीन कमरों से लेपटॉप, नगदी और हार्ड डिस्क ले गए। कॉलेज के हॉस्टल के ज्यादातर छात्र-छात्राएं गांव गए हुए है। इस बीच चोरों ने पुलिस गश्त का फायदा उठाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रातानाडा थाने में इस बाबत केस दर्ज करवाया गया है।

एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज में नौकरी करने सपना पत्नी गजराज कोली की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि अभी दीपावली ज्यादातर छात्र छात्राएं अपने अपने गांव गए हुए है। 23-24 की रात में अज्ञात चोरों ने हॉस्टल के कमरा नंबर 38 के पीछे की खिडकी में जाली तोडकर अन्दर प्रवेश किया और हॉस्टल के कमरा नंबर 1, 2, 4, 21, 23, 24, 26, 27, 29, 34, 37, 40, 65,66, 67, 68, 69, 70, 72 एवं 80 के ताले तोड़ दिए। रिपोर्ट के अनुसार चोरों ने रूम संख्या 29 से लेपटाप, 37 से 14 हजार की नगदी, 69 से हार्ड डिस्क लेकर चले गए। चोर रूम संख्या 38 के पीछे दीवार पर लगी जाली को हटाकर घुसे थे। घटना में अब रातानाडा पुलिस की तरफ से चोरों का पता लगाया जा रहा है।

# दहेज प्रताड़ना से परेशान विवाहिता ने आत्महत्या की

## परिजनों ने आरोप लगाया कि महिला का पति नशे का आदि था

**हिण्डौन सिटी, (कासं)।** मंगलवार को सुबह 6 बजे दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर विवाहिता ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद पहुची नई मंडी पुलिस द्वारा शव का पोस्टमॉर्टम कार्रवाई कर पीहर पक्ष की तरफ से दहेज की मांग को लेकर फांसी से लटका कर विवाहिता की मौत का आरोप लगाने का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

नई मंडी थाना अधिकारी बृजेंद्र सिंह ने बताया कि गौशाला निवासी 25 वर्षीय विवाहिता विनीता पत्नी राकेश जाटव ने दहेज की मांग से परेशान होकर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। वहीं मृतका के भाई दान सिंह ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर मृतका की फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया है।

थानाधिकारी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बयाना थाना अंतर्गत चिखरू निवासी विनीता जाटव की दूसरी शादी हिंडौन मंडी थाना अंतर्गत घोंसला निवासी राकेश जाटव के साथ 5 महीना पहले हुई थी। पीहर पक्ष के भाई दान सिंह परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रीता का पति राकेश नशे का आदि था और ससुराल पक्ष लोग विनीता से 5 महीने से दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित कर रहे थे।

कई बार समझाइश करने के बाद भी ससुराल पक्ष के लोगों में कोई सुधार नहीं हुआ और अंत में मृतका विनीता को फांसी लगाकर हत्या कर दी गई। उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए पीहर पक्ष की तरफ से मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी हुई है। वहीं मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव पीहर पक्ष को सुपुर्द कर दिया है।

# जुआरियों के साथ था पति, पत्नी की लाश मिली

## दीपावली के दिन से लापता थी महिला, जिस स्कूटी पर गई वो भी गायब

■ पति को जुआरियों के साथ देखकर नाराज हो गई थी पत्नी

**बीकानेर, (निस)।** दीपावली के दिन पति को जुआरियों के साथ देखा तो पत्नी को गुस्सा आ गया। घर आने पर पति-पत्नी में झगड़ा हुआ। नाराज होकर महिला घर से स्कूटी लेकर निकल गई। घर वाले महिला को ढ़ूंढ ते रहे। आज सुबह महिला की लाश मिली। मामला बीकानेर के नयाशहर का है।

नयाशहर थानाधिकारी वेदपाल ने बताया कि 28 साल की डॉली आचार्य दीपावली के दिन स्कूटी से जा रही थी। रास्ते में उसने अपने पति गिरिराज को नत्थूसर गेट पर जुआ खेल रहे लोगों के पास देख लिया। इसी से वो नाराज हो गई। उसे पता था कि पति जुआ नहीं खेलता, लेकिन दीपावली पर जुआरियों को देखने जाना भी उसे पसंद नहीं आया। फोन कर पति को घर बुलाया और झगड़ा किया। दोनों के बीच विवाद बढ़ा तो स्कूटी लेकर निकल गई।

ससुराल और पीहर वाले शाम तक उसका इंतजार करते रहे, लेकिन वो नहीं आई। इसके बाद ढूंढना शुरू किया। देर रात तक भी नहीं मिली तो सोशल मीडिया पर गुमशुदा होने की सूचना डाली गई।

बुधवार सुबह करीब 7 बजे कोलायत के कपिल सरोवर घाट पर लोग दर्शन करने पहुंचे। महिला का शव पानी में देखकर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर आई पुलिस ने डॉली के परिजनों को फोटो भेजा। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंच गए।

महिला जिस स्कूटी पर गई थी, वो कोलायत में नजर नहीं आई। तालाब के आसपास भी नहीं है। माना जा रहा है कि बीकानेर में ही स्कूटी खड़ी कर महिला कोलायत निकली थी।

डॉली की शादी करीब 8 साल पहले हुई थी। पति बीकानेर में जूनागढ़ के फेमस गणेश मंदिर में पुजारी है। उसके दो बच्चे हैं। इसमें एक लड़का और एक लड़की है। वह दोनों बच्चों को घर पर छोड़कर स्कूटी पर निकली थी। गुमशुदगी की रिपोर्ट बीकानेर के नया शहर थाना में दर्ज करवाई गई थी।

महिला गुस्से में ही घर से निकली थी। ससुराल वालों ने सोचा कि कुछ देर में वापस आ जाएगी या अपने पीहर गई होगी। वहीं पीहर वालों ने सोचा कि वह अपने ससुराल ही है। रविवार शाम को इसे ढ़ूंढ ने का प्रयास तेज हुआ। इसके बाद वह नहीं मिली।

महिला का शव जिस कपिल सरोवर में मिला है। वह बीकानेर से करीब 50 किलोमीटर की दूरी पर है। उसके लापता होने पर परिजनों ने मंगलवार को कोलायत आकर तालाब में छानबीन भी की थी, लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला। बुधवार सुबह उसका शव मिला।

# करंट से किसान की मौत

**हिण्डौनसिटी, (निसं)।** दीपावली के त्यौहार इस बार रीठौली के ग्रामीण को खुशियों को जब ग्रहण लग गया, 24 घंटे के दौरान मंगलवार को सायं 20 वर्षीय युवक की हाईटेंशन लाइन के करंट से मौत हो गयी। गांव के फजलुद्दीन खान एवं इस्लाम खान ने बताया कि मंगलवार को गोवर्धन पूजा के दिन उनका 20 वर्षीय पुत्र चांद मोहम्मद अपने वाहन से खेतों से कड़बी की कुट्टी भरकर गांव लाया।

वाहन से कुट्टी चारा को खाली करते समय हाईटेंशन के ढीले तार के चुम्बकीय करंट से गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे तुरंत फजलुद्दीन, इस्लाम व ग्रामीणों ने राजकीय जिला अस्पताल हिंडौन में भर्ती कराया। जहां आपातकालीन यूनिट के डॉ. राजकुमार ने मृत घोषित कर दिया।

# रेल प्रशासन ने सुपरफास्ट ट्रेन चलाई

■ इस ट्रेन में विभिन्न श्रेणी के कुल 19 कोच होंगे

**कोटा, (निसं)।** रेल प्रशासन द्वारा त्योहार के अवसर पर यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त यातायात भार को क्लीयर करने के उद्देश्य से गोरखपुर से बांद्रा टर्मिनल के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी मंडल के कोटा, गंगापुर सिटी एवं भरतपुर स्टेशन से होकर गन्तव्य को जाएगी। इसमे विभिन्न श्रेणी के कुल 19 कोच होंगे।

गाड़ी संख्या 05053 गोरखपुर से बांद्रा टर्मिनल स्पेशल ट्रेन एक ट्रिप के लिए बुधवार 26 अक्टूबर गोरखपुर से सुबह 04.10 बजे प्रस्थान कर भरतपुर रात 09.20 बजे, गंगापुर सिटी रात 11.05 बजे, कोटा रात 01.45 बजे आगमन होकर अगले दिन शाम 04.00 बजे बांद्रा टर्मिनल को जायेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 05054 बांद्रा टर्मिनल से गोरखपुर स्पेशल ट्रेन एक ट्रिप के लिए गुरूवार दिनांक 27 अक्टूबर बांद्रा टर्मिनल से शाम 07.25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन कोटा सुबह 08.40 बजे, गंगापुर सिटी सुबह 10.55 बजे, भरतपुर दोपहर 01.18 बजे आगमन होकर शनिवार सुबह 06.25 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**झुंझुनूं, (निस)।** शहर के रोड नंबर दो पर सड़क हादसा हुआ है। जिसमें चार महिला सफाईकर्मी घायल हो गई। वहीं एक की मौत हो गई। घायलों में से तीन को राजकीय बीडीके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि एक घायल को जयपुर रैफर किया गया है। मौके पर पहुंचे कोतवाली थाने के हैड कांस्टेबल सज्जन सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रोड नंबर दो पर सड़क हादसा हुआ है। जिस पर पहुंचे तो एक टैंपो पलटा हुआ मिला और महिलाएं घायल थी। जिन्हें बीडीके अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूर्व पार्षद बबलू सारवाण ने बताया कि ये सभी महिलाएं नगर परिषद में ठेके पर लगी सफाईकर्मी है। जो सुबह शहर की सफाई कर टैंपों से अपने घर लौट रही थी। लेकिन अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी। जिससे टैंपों पलट गया।

# शर्मिष्ठा सरोवर से प्राचीन मूर्तियां चोरी



सांभर के मंदिर से मूर्तियां चोरी के बाद खाली पड़ा स्थान।

**सांभरझील, (निसं)।** यहां देवयानी तीर्थ स्थल के नजदीक स्थित शर्मिष्ठा सरोवर से अज्ञात चोर भगवान राम-सीता की प्राचीन अष्टधातु की मूर्ति चुरा कर ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने मंदिर के पीछे स्थित रास्ते से छत पर चढ़कर मंदिर में प्रवेश किया जहां निज मंदिर में रखी भगवान राम सीता की मूर्ति चुरा कर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन अभी तक इस बारे में पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। बता दें कि शर्मिष्ठा सरोवर के सामने स्थित भगवान रघुनाथ मंदिर से भी करीब 2 वर्ष पहले प्राचीन मूर्तियां चोरी चली गई थी जिसका भी आज तक कोई पता नहीं चल सका है।

# दो सड़क हादसों में तीन की मौत

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** दीपावली के दिन क्षेत्र में हुये दो सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत होने से जश्न का माहौल गम में बदल गया।

थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौर के अनुसार तीनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिए हैं। जिन्होंने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली घटना श्रीमाधोपुर- अजीतगढ़ सड़क मार्ग पर रीको एरिया मऊ के पास हुई जहां बाइक सवार घायल ढाणी गढ़ वालों की तन रतनपुरा निवासी सागरमल 33 वर्ष को श्रीमाधोपुर सीएससी में भर्ती कराया जहां ड़ॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

दूसरी घटना दिवाली की रात को पृथ्वीपुरा पेट्रोल पंप के पास दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हुई से हुए घायलों को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर लाया गया जहां खंड़ेला की ढाणी काली खेड़ा निवासी रोनक मीणा 17 वर्ष पुत्र नेमीचंद मीणा की इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं दूसरी वाइक पर सवार घायल हुये हिल्याकाबास निवासी ज्ञानचंद 24 पुत्र प्रभुदयाल मीणा को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। तीनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिए हैं।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नाथद्वारा आए, विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा का किया अवलोकन

## 'विश्वास स्वरूपम' प्रतिमा अद्भुत, अद्वितीय, मनोरम : उपराष्ट्रपति धनखड़

■ विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी और संत कृपा सनातन संस्थान के ट्रस्टी मदन पालीवाल ने किया स्वागत

**उदयपुर/नाथद्वारा, (निसं)।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को सपरिवार नाथद्वारा आए। उन्होंने विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा 'विश्वास स्वरूपम' स्टेच्यू ऑफ बिलीफ का अवलोकन किया। जहां राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष ड़ॉ. सीपी जोशी और संत कृपा सनातन संस्थान के ट्रस्टी मदन पालीवाल और मंत्रराज पालीवाल ने उनका स्वागत अभिनन्दन किया। इस दौरान राज्य सरकार के सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना भी मौजूद थे।

विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा का अवलोकन करने के दौरान उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि वह राज्यपाल रहते हुए यहां आए और धर्मपत्नी के साथ शिव प्रतिमा के शीश पर जाकर पूरा दृश्य देखा कि जो कुछ मदन पालीवाल जी ने सोचा था, वह अब पूरी तरह हकीकत में सामने आने लगा है। यह प्रतिमा अद्भुत, अद्वितीय, मनोरम है यहां में यहाँ दो बार आ गया हूँ। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ड़ॉ. सीपी जोशी ने उप राष्ट्रपति और उनकी धर्मपत्नी का स्वागत किया और उन्हें फिर से नाथद्वारा आने का निमंत्रण दिया। ड़ॉ. जोशी ने उन्हें न्यौता दिया कि वह शिव प्रतिमा के लोकार्पण के लिए यहां पधारें।



नाथद्वारा आए उपराष्ट्रपति जगदीश धनकड़ ( बीच में ) ने विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा का अवलोकन किया। इस दौरान संत कृपा सनातन संस्थान के ट्रस्टी मदन पालीवाल ने उनका स्वागत किया।

पुष्टीमार्गीय वैष्णव संप्रदाय की सबसे बड़ी पीठ श्रीनाथजी की नगरी नाथद्वारा में विश्व की सबसे बड़ी 369 फीट ऊंची शिव प्रतिमा 'विश्वास स्वरूपम' का लोकार्पण महोत्सव 29 अक्टूबर से शुरू होगा। नौ दिवसीय कार्यक्रम के बीच इस प्रतिमा का लोकार्पण समारोह आयोजित होगा, जिसमें देश-विदेश के कई लोग भाग लेंगे।

इस प्रतिमा का लोकार्पण प्रख्यात संत एवं रामकथा वाचक मोरारी बापू करेंगे। इस प्रतिमा का निर्माण संत कृपा सनातन संस्थान के ट्रस्टी मदन पालीवाल ने कराया है। भगवान शिव की अल्हड़ रूप में बनाई प्रतिमा बेहद ही सौम्य है। नाथद्वारा की गणेश टेकरी पर बनी यह प्रतिमा 20 किलोमीटर दूर से ही नजर आने लग जाती है।

## छात्रावास बचाओ संघर्ष समिति का गठन

**अलवर,** (निसं)। प्रजापति छात्रावास के मुख्य द्वार के सामने अलवर जिले के समाज बंधुओं की आम सभा का आयोजन हुआ। छात्रावास के मुख्य द्वार पर अंदर से ताला लगा हुआ था।

यद्यपि आज प्रजापति प्रगतिशील समिति अलवर द्वारा चुनाव कराने की घोषणा की गई थी। लेकिन समिति के द्वारा चुनाव कराने के नाम पर समाज बंधुओं को भ्रमित किया गया। पूर्व में दो सामाजिक बंधु बुद्धा राम प्रजापति एवं ख्याली राम प्रजापति के आवेदन पत्रों को षड्यंत्र पूर्वक निरस्त कर दिया एवं नियत तिथि से पूर्व ही अध्यक्ष का चुनाव कर दिया गया।

इसको लेकर के समाज में भारी आक्रोश व्याप्त था। इसको लेकर आम सभा ने निर्णय लिया कि उक्त चुनाव विधि सम्मत नहीं होने के कारण निरस्त कर दिया तथा इसको लेकर दीपावली के बाद समाज की आमसभा की तिथि घोषित कर विधि सम्मत चुनाव करने का निर्णय लिया जाएगा। इस उद्देश्य को लेकर छात्रावास बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया। इस मौके पर प्रजापति समाज के सैकडों प्रबुद्ध जन व युवा साथी मौजूद रहे। जिसमें सर्वसम्मति से बुद्धा लाल प्रजापति थानागाजी वाले को अध्यक्ष नियुक्त किया गया, मंत्रिमंडल में शिव लाल, करण सिंह बानसूर ,हंसराज लक्ष्मणगढ ,सुरेश अलवर, ख्याली राम अलवर, छाजूराम प्रजापत दुहार, सूर्य प्रकाश बामनवास को नियुक्त किया गया।

# कोटपूतली क्षेत्र में धूमधाम से मनाया दीपावली व गोवर्धन पर्व

**कोटपूतली,** (निसं)। कोटपूतली सहित समूचे उपखण्ड क्षेत्र में दीपावली व गोवरर्धन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के पश्चात अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाने वाला पांच दीवसीय दीपावली पर्व पर जहां समूचा कस्बा दूधिया रोशनी से सजा रहा वहीं लोगों ने दीपावली पर लक्ष्मी, गणेश व भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर भव्य आतिशबाजी करते हुए परम्परा के मुताबिक एक दूसरे को रामा-श्यामा

■ क्षेत्र के सैकड़ों मन्दिरों में हजारों श्रद्धालुओं ने पाई अन्नकुट प्रसादी

कर दीपावली की बधाईयां दी।

वहीं दीपावली के दूसरे रोज मनाया जाने वाला पर्व गोवर्धन सूर्य ग्रहण होने के चलते बुधवार को मनाया गया। इस दौरान घर-घर भगवान गोवर्धन की प्रतिमा बना कर पूजा अर्चना की गई। वहीं क्षेत्र के नागाजी की गौर स्थित नागाजी मन्दिर में पांच हजार लीटर छाछ की कढ़ी, छह क्विंटल बाजरा, दो क्विंटल मूंग,



अवध बिहारी मन्दिर के महंत डॉ. बालेश्वर दास महाराज ने ठाकुरजी को अन्नकुट का भोग लगाया।

डेढ क्विंटल चावल, चार क्विंटल शकर, दस क्विंटल मिक्स सब्जी बना कर ठाकुरजी महाराज को मन्दिर मंहत मक्खन दास महाराज व सीताराम दास महाराज द्वारा भोग लगा कर भंडारा आयोजित किया गया।

इसी तरह यहां के दुर्गा माता मन्दिर, अवध बिहारी मन्दिर, बड़ा महादेव मन्दिर, बड़ाबास मोहल्ला स्थित प्राचीन अखाड़ा वाले ओमकारेश्वर महादेव मन्दिर, कल्याणजी मन्दिर, केशव जी मन्दिर, बिहारी जी मन्दिर, खेड़की स्थित तुलसीदास आश्रम, डुंगावाला हनुमान मन्दिर, तालाब वाले हनुमान मन्दिर सहित सैकड़ों मन्दिरों में मन्दिर मंहतों द्वारा भगवान को कढ़ी बाजरे से विभिन्न व्यंजनों का भोग लगा कर जहां पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया। वहीं बड़ी संख्या में लोगों को प्रसादी वितरीत की गई।

## सरकारी स्कूलों में मिलेगी यूनिफॉर्म

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार सरकारी विद्यालयों में पहली से आठवीं में अध्ययनरत बच्चों को यूनिफॉर्म का कपड़ा उपलब्ध कराया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमाधोपुर विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि विभाग ने निर्णय लिया है कि पहले चरण में 31 अगस्त के नामांकन के आधार पर कपड़ा मिलेगा। इसके बाद शेष रहे बच्चों को भी यूनिफॉर्म मिलेगी। स्कूलों को कहा गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा इस योजना की शुरुआत की जाएगी। उसके तुरंत बाद वितरण प्रारंभ कर दिया जाएगा। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमाधोपुर मालीराम रैगर के अनुसार इस बार बाल दिवस पखवाड़ा मनाया जाएगा।

इस पखवाड़े में कभी भी कपड़ा वितरण की शुरुआत की जा सकती है। ब्लॉक स्तर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और स्कूल स्तर पर कपड़ा वितरण की जिम्मेदारी पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी की रहेगी। विभाग द्वारा प्रेषित कपडे का संग्रहण केंद्र नोडल विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर होगा, जहां से विभागीय निर्देशानुसार पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी को विद्यार्थियों के नामांकन के आधार पर कपडा उपलब्ध कराया जाएगा ।

## सार-समाचार

### पांच दिवसीय दीपोत्सव मनाया

**बोराज,** (निसं)। कस्बे सहित आसपास क्षेत्र में पांच दिवसीय दीपोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को दीपावली पर लक्ष्मी पूजन, बुधवार को गोवर्धन पूजा, भैया दूज व अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर मंदिरों व प्रतिष्ठानों पर रोशनी की सजावट की गई व नए परिधानों में सज धज कर लोगों ने आतिशबाजी का लुफ्त उठाया। अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर कस्बे के राधा मोहन, श्री रघुनाथ जी व श्री सीताराम जी मंदिर में महंत कान दास विष्णु दास के सानिध्य में बुधवार को अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। मन्दिर में ठाकुर जी को भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया ।

### मंत्री जूली खडगे के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए

**अलवर,** (निसं)। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली बुधवार को दिल्ली में आयोजित कांग्रेस के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए । उन्होंने कांग्रेस के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे देश के कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है कि किसान परिवार के बेटे को राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि मजदूरों के प्रभावशाली नेता के रूप में अपनी अलग पहचान रखने वाले खडगे जगजीवन राम के बाद दूसरे बडे दलित नेता है। उन्हें बडी जिम्मेदारी सौपी गई है जो कि बडे सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि खडगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

## छांट भराई पर्व पारंपारिक तरीके से मनाया

**टोंक,** (निसं)। दीपावली के दिन हर वर्ष की भांति जिला मुख्यालय स्थित चतुभुर्ज तालाब पर गुर्जर समाज द्वारा छांट भराई का कार्यक्रम पारंपारिक तरीके से मनाया।

दीपावली की दोपहर को गुर्जर समाज के लोग सदियों से चली आ रही परपंरा के अनुसार एक साथ चतुभूर्ज तालाब पर एकत्रित होकर घर में बनाये पकवान कांसी के थाली में लेकर पहुंचे, जहां समाज के लोग एक कतार में खड़े होकर एक हाथ में कांसी के पकवान की थाली एवं उंडापत्ते की निर्मित बेल को पकड़ मृत आत्माओं को पकवान अर्पित किये। उसके सभी गुर्जर समाज के लोगों ने कांसी की थाली में पवित्र जल लेकर अपने घर, बाडों सहित बरामदों आदि स्थानों पर पानी के छीटे लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। इसी प्रकार बनास नदी वैष्णव माता के मन्दिर के पीछे हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी अपने पूर्वजों की याद में गुर्जर समाज के लोगों ने दीपावली के दिन बनास नदी में छांट भरी।

**आम सूचना** सर्वसाधारण के सूचित किया जाता है कि श्रीमती शाहिदा पत्नी श्री मोहम्मद इस्माईल निवासी-प्लाट नम्बर 5, बरकत कॉलोनी, कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर ने प्लाट नम्बर 5, स्थित आवासीय योजना बरकत कॉलोनी कालवाड़ रोड, झोटवाड़, जयपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 115.69 वर्गगज को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 24 जून, 2019 के द्वारा मोहम्मद रईस पुत्र श्री बाबूद्दीन खरीद किया हुआ है जिसको उज्जीवन स्मॉल फाईनेन्स बैंक के पास ऋण लेने के लिये आवेदन किया है यदि किसी भी व्यक्ति का उक्त सम्पत्ति में उत्तराधिकार विक्रय, रहन, लीज, दान या अन्य किसी प्रकार से कोई अधिकार या हक हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष सात दिवस मे अपना अधिकार या हक मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त सम्पत्ति पर रहन कर लिया जावेगा एवं उसके पश्चात् किसी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा ना ही मेरे मुवक्किल उज्जीवन स्मॉल फाईनेन्स बैंक पर बाध्यकारी होगा।
भुवनेश जैन, एडवोकेट, मो.-9828025372

**NAME CHANGE**

I panne Khan S/o Hussain Khan resident of 37 Vikas Nagar B, Murlipura Jaipur. I have been know as panne Khan & panne Khan Chopdar in government documents. From now I request to use PANNE KHAN in all the official government documents or otherwise.

I JC802251K Nayab Subedar Dayashankar R/o B-23 Mohit Cottage, Hirapura, Ajmer Road, Jaipur Have Changed my wife's Name from sharda devi to Sharda for all future purpose.

मैंने अपना नाम हीरालाल रैगर से बदलकर हीरालाल कुलदीप पुत्र श्री कन्हैयालाल कुलदीप रख लिया है। भविष्य में मुझे हीरालाल कुलदीप के नाम से जाना जावे। पताः प्लॉट नं.47, शिव गोरख कॉलोनी नींदड़ वार्ड नं.1 जयपुर-302013, 8003070030, 9521286664

## आग लगने से दो घरों में रखा सामान जलकर राख

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। दीपावली के दिन श्रीमाधोपुर के सामाजिक संगठनों द्वारा अग्निपीड़ित परिवार राजेन्द्र कुमार शर्मा गढ़ वाले, जोशी परिवार बड़ा कुआं श्रीमाधोपुर को 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तथा खाने पीने की सामग्री प्रदान कर पहल की।

साथ ही पीड़ित परिवार को हर सम्भव सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है की छोटी दीपावली के दिन रात करीब 8 बजे जब परिवार के सभी लोग बाहर थे। बिजली के वोल्टेज कम ज्यादा होते रहने के कारण शॉर्ट सर्किट हो गया जिससे राजेन्द्र शर्मा के मकान की पट्टियां टूट गई तथा घर में रखे गहने, बर्तन,कपडे, बिस्तर तथा लाखों रुपये का घरेलू सामान अग्नि की भेंट चढ़ गया, करीब एक घण्टे बाद परिजनों तथा मोहल्ले वासियों के सहयोग से आग पर काबु पाया गया।

परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है राजेन्द्र शर्मा के दो बेटे एक अविवाहित पुत्री है पुत्र विष्णु उदयपुर सिटी से घटना के दिन ही वेतन लेकर

■ सर्व समाजों के संगठनों द्वारा पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता दी

आया था वो भी आग की भेंट चढ़ गए। परिजनों के अनुसार 40 हजार नकद सहित लगभग 4 लाख का नुकसान हुआ है। सुबह जब घटना की जानकारी मिली तो सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता दिलीप शर्मा राष्ट्रवादी, कन्हैयालाल चौरसिया, महेंद्र खडोलिया, ब्रजेन्द्र शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, एडवोकेट शुभम शर्मा ,दिलीप सिंह शेखावत, धर्मेंद्र कुमार ,डॉक्टर माधव सिंह, तपेन्द्र कुमार शर्मा पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। इन लोगों ने सभी पत्रकारो तथा थानाधिकारी ,पटवारी तथा प्रशासन के लोगों को अग्निकांड की जानकारी दी पटवारी अनिरुध्द सिंह तथा थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड मौके पर पहुंचकर जायजा लिया तथा प्रभावी कार्यवाही कर पीड़ित परिवार को मदद पहुंचाने का आश्ववासन दिया।

# पांच दिवसीय दीपोत्सव का धूमधाम के साथ समापन

**लालसोट/ मंडावरी/ रामगढ़ पचवारा,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र के हर कोने में खुशनुमा रंगीनियत के साथ दीपावली के पावन पर्व के मौके पर पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया।

इस बार पांच दिवसीय दीप महोत्सव के दौरान क्षेत्र को विभिन्न तरह की विशेष आकर्षक रंगीन लाइटों से सजाया गया। इसके कारण लालसोट

■ इस बार विशेष सजावट बनी आकर्षण का केंद्र

विधानसभा क्षेत्र इस बार विशेष सजावट के चलते आकर्षण का केंद्र बना रहा। सभी सरकारी कार्यालयों को विशेष रंगीन रोशनिओं से सजाया गया। इस बार दीपावली के मौके पर लोगों द्वारा भी खुद के घर आदि को भी विशेष आकर्षक रोशनी से सजाया गया। पूरे विधानसभा क्षेत्र में दीपावली के मौके



लालसोट कस्बे में दीपावली के मौके पर आकर्षक सजावट की गई।

पर किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

पुलिस व प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी गई। पांच दिवसीय दीपावली दीप महोत्सव को लेकर स्थानीय विधायक व प्रदेश के चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगह पर पहुंचकर लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही दीपावली के पर्व पर भाईचारे से रहने के लिए प्रेरित किया गया। दीपावली के मौके पर प्रमुख महिला समाज सेवी राजेश्वरी देवी मीणा खुर्रा द्वारा भी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में जाकर लोगों से कुशलक्षेम पूछने के साथ शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस दौरान महिला समाजसेवी द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य एवं सुखी जीवन के लिए प्रेरित करने के साथ भाईचारे से रहने की अपील की गई।

## सूर्यग्रहण के दिन मन्दिरों के पट बंद रहे

**टोंक,** (निसं)। दीपावली पर्व के दूसरे दिन मंगलवार को सूर्यग्रहण होने के कारण तडके से मन्दिरों के पट बंद रहे और कोई भी धार्मिक व त्यौहार कार्यक्रम का आयोजन नहीं हुआ।

जिला मुख्यालय पर मंगलवार को सूर्यग्रहण के कारण तडके से ही सूतक लगने के कारण लोगों ने लक्ष्मी पूजन के बाद ही रात्रि में पूजा अर्चना कर ली और उसके बाद लक्ष्मी पूजन का पाटा हटा लिया। इसके बाद तड़के सवा 4 बजे सूर्यग्रहण का सूतक लगने के कारण मन्दिरों के पट बंद रहे और आरती नहीं हुई। मन्दिरों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी कोई पूजा अर्चना नहीं की और भगवान के दर्शन कर दान-पुण्य किया। शाम सवा 6 बजे बाद सूर्यग्रहण का समय सम्पन्न होने के बाद पूजा पाठ का दौर शुरु हुआ, लेकिन सूर्यग्रहण के कारण अधिकांश मन्दिरों में सुबह व शाम को आरती नहीं हुई। सूर्यग्रहण समाप्ति के बाद मन्दिरों में देर शाम 8 बजे बाद आरती की गई। सूर्य ग्रहण के कारण गोवर्धन पूजा का पर्व दीपावली के दूसरे दिन नहीं मनाया जा सका।

**हैतुक दर्शित करने के लिये सूचना**
(साधारण प्रारुप)
व्यवहार प्रकिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
**न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश रींगस (सीकर)**
मैसर्स आपका अपना बाजार बनाम जाऊदीन आदि
प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा
प्रार्थना पत्र संख्या 46/2022
बनाम् जमील अहमद पुत्र जाऊदीन जाति मुसलमान निवासी वार्ड नम्बर 21, पवन गैस एजेन्सी के पास रींगस जिला सीकर
उक्त प्रार्थी मैसर्स आपका अपना बाजार वगैरह ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आपके विरुद्ध प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा के लिये प्रार्थना पत्र पंजीकृत किया हैं।
अतः आपको चेतावनी दी जाती हैं कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने लिये दिनांक 31 माह 10 सन् 2022 को पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज ता 21 माह 10 सन 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
दिनांक 21.10.22
मोहर अदालत
वरिष्ठ सिविल न्यायालय रींगस (सीकर)

## ओड समाज के नेता ओम माथुर से मिले

**अलवर,** (निसं)। 25 अक्टूबर को राजस्थान के पाली जिले के ओड समाज के प्रतिनिधि मंडल में धर्माराम ओड तथा हीरालाल ओड के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ओम माथुर से उनके निजी निवास गांव में मिला।

समाज के समस्याओं को रखते हुए रामगढ विधानसभा क्षेत्र से ओड समाज की टिकट की मांग की। जिसमें बताया कि रामगढ विधानसभा क्षेत्र में ओड समाज के 50000 से ज्यादा मतदाता हैं। ऐसे में जबकि संपूर्ण राजस्थान प्रांत में औड समाज भाजपा से जुडा हुआ है। तो रामगढ से समाज को एक टिकट मांगने का हक बनता है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग करते हुए कहा की रामगढ विधानसभा क्षेत्र में निर्मल सुरा औड हिंदू अपने समाज के अलावा सभी जातियों में काम कर रहे हैं।

जिन्होंने अपनी राजकीय नौकरी को छोड कर रामगढ क्षेत्र में आने वाले विधानसभा की तैयारी विधानसभा के चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। जिनकी पकड हर समाज में है चाहे राजपूत समाज हो ,जाटव समाज हो अथवा सैनी समाज हो सब जातियों में अपना कार्य कर रहे हैं और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए निर्मल सुरा औड हिंदू उनकी आवाज बन रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा क्षेत्र 2023 के चुनाव में रामगढ विधानसभा क्षेत्र से निर्मल सूरा ओड हिंदू को टिकट देने की मांग रखी। ओम माथुर ने प्रतिनिधिमंडल को यह कहकर आश्वस्त किया कि अलवर जिले के रामगढ विधानसभा क्षेत्र में निर्मल सुरा औड हिंदू की सर्वे रिपोर्ट मंगाई जाकर उस पर विचार किया जाएगा।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनिया के जन्मदिन पर पौधरोपण किया

**कोटपूतली,** (निसं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के जन्मदिन पर भाजपा नेता मुकेश गोयल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण सहित विभिन्न सेवा कार्य किये। कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को ग्राम भूरी भड़ाज स्थित श्री कृष्ण गौशाला में पौधरोपण कर गौशाला परिसर की साफ-सफाई की तथा गौशाला में उपस्थित गौवंशों की सेवा करते हुए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की दीर्घायु की कामना की।

इस अवसर पर इस अवसर पर भाजपा दक्षिण मण्डल अध्यक्ष कैलाश चन्द स्वामी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य हरद्वारी लाल स्वामी, जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह भौनावास, पंचायत समिति सदस्य नरेन्द्र चेलरवाल, पश्चिम मंडल महामंत्री वैद्य सुरेश



कोटपूतली में भाजपाइयों ने पौधा रोपण किया।

चन्द शर्मा, किशन लाल शर्मा, गौशाला सचिव लक्ष्मीनारायण गुरूजी, मनोज नारायण शर्मा, चेतन प्रकाश शर्मा, किसान मोर्चा के रामसिंह गुर्जर, संदीप सिंह, मानसिंह, प्रदीप डीलर, हरवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, मण्डल महामंत्री मनीष शर्मा, कृष्ण शर्मा, राजू शर्मा, मुरारी लाल स्वामी,कृष्ण चौहान, राजेश स्वामी, मुकेश स्वामी, लादूराम मीणा, योगेश सैन, नवल चौहान, मक्खन लाल योगी, नाहरसिंह सहित अनेक ग्रामीणों ने पौधरोपण सहित अनेक सेवा कार्य किये।

## दिवाली मिलन समारोह का आयोजन

**टोंक,** (निसं)। टोंक-सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने सांसद कार्यालय टोंक पर दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये वरिष्ठ नागरिकों को सांसद जौनापुरिया ने मिठाई खिलाकर दिपावली की शुभकामनाएं दी व आभार व्यक्त किया। उसके बाद सूर्य ग्रहण के अवसर पर सांसद निवास टोंक पर सांसद जौनापुरिया ने वाल्मिकी समाज की महिलाओं को अन्न दान किया।

इस अवसर पर सांसद जौनापुरिया के साथ जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गणेश माहुर, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री चन्द्रवीर चौहान, भाजपा जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा, निवाई प्रधान रामावतार लागडी, जयपुर शहर जिला संगठन सह

■ सांसद जौनापुरिया ने दी शुभकामनाएं

प्रभारी नरेश बंसल, निवाई उपप्रधान दयाराम जाट, उनियारा पूर्व प्रधान ममता जाट, ओ.बी.सी. मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सैनी, मण्डल अध्यक्ष रामकिश्सन गुर्जर, दिशा कमेटी सदस्य ओमप्रकाश गुप्ता, सेवानिर्वत डी.एस.पी. बिरधीचन्द गुर्जर, प्रदेश सह संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ निलिमा सिंह आमेरा, जिला कार्य समिति सदस्य राजाराम जाट, बलवंत मराटा, शेलेष सिंह शेखावत, पांचू लाल सैनी, सेण्ट सोल्जर शिक्षण संस्थान के निदेशक बाबू लाल शर्मा, एडवोकेट अशोक कासलीवाल, टोंक शहर मण्डल महामंत्री तरुण टिक्कीवाल, आदि मौजूद थे।

## गरीबों को आर्थिक सहायता प्रदान की

**अलवर,** (निसं)। अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा युवा नेता देशराज खरेरा ने दीपोत्सव का पर्व गरीब असहाय लोगों के साथ मनाया।

भाजपा नेता देशराज खरेरा वह मालाखेडा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा सदस्यों ने मिलकर मालाखेडा क्षेत्र के विभिन्न गांव के गरीब असहाय लोगों को तथा जिन बच्चों के माता-पिता नहीं है उन्हें मिठाइयां नए वस्त्र आर्थिक सहायता प्रदान की तथा लोगों से भी इस तरह की सहायता करने की अपील की देशराज खरेरा द्वारा कच्ची बस्ती के बीच पहुंचकर बुजुर्ग बेसहारा लोगों को अनाज तथा घर का खर्चा उठाया गया।

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिय सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश रींगस (सीकर)
मैसर्स आपका अपना बाजार बनाम जाऊदीन आदि
दावा बाबत स्थाई निषेधाज्ञा मुकदमा नम्बर 45/2022
बनाम्
जमील अहमद पुत्र जाऊदीन जाति मुसलमान निवासी वार्ड नम्बर 21, पवन गैस एजेन्सी के पास रींगस जिला सीकर
वादी मैसर्स आपका अपना बाजार वगैरह ने आपके विरुद्ध दावा बाबत स्थाई निषेधाज्ञा के लिये बाद पंजीकृत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 31.10.2022 को दिन में 10बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर ) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके।
या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके।
आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसी दस्तावेजो को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा अपाकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
यह वाद ता 21 माह 10 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
दिनांक 21.10.22 न्यायाधीश
मोहर अदालत
वरिष्ठ सिविल न्यायालय रींगस सीकर

# दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया, घरों को रोशन किया

**टोंक,** (निसं)। दीपावली का त्यौहार जिलेभर में हर्षोल्लास से छुटपुट मामलों को छोड़कर शांतिपूर्वक मनाया गया। दीपावली के दिन जिला मुख्यालय पर मुख्य बाजार में सुबह से ही गन्नों, फूल-मालाओं, मिठाई, पूजन सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ जमी रही। जिला मुख्यालय पर पुलिस प्रशासन द्वारा इस बार अच्छी व्यवस्था के लिए लोगों ने दीपोत्सव का जमकर आनंद लिया और बाजार में रोशनी को देखने के लिए देर रात तक लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

जिला मुख्यालय पर दीपावली के अवसर पर पूर्व विधायक अजीतसिंह मेहता ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य बाजार में जाकर रोशनी देखने आए आम नागरिकों व दुकानदारों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी।

महिलाओं ने दीपावली के दिन सायं गोधूली बेला में मिट्टी दीपकों से घरों को रोशन किया, वहीं मन्दिरों में



टोंक के बाजारों में दीपावली के दिन लक्ष्मीपूजन की सामग्री खरीदने उमड़ी भीड़।

जाकर दीपक जलाये।

लक्ष्मीपूजन के दिन सभी घरों में पूर्ण विधिविधान व रीति रिवाज से धनधान्य की देवी माता लक्ष्मी की पूजा नये परिधान पहन कर की गई। मिट्टी के दीपकों में तेल भरकर रोशन करने की प्राचीन परंपरा के निर्वहन के साथ-साथ आधुनिक तरीके से रंग बिरंगी लाईटें लगाकर भी घरों को रोशन किया गया। वही लक्ष्मी पूजन के बाद महिला-पुरूष, युवक-युवतियों एवं बच्चो, बुढो सहित लोगों ने मुख्य बाजार घंटाघर से पांच बत्ती तक , पटेल सर्किल, बडा कुंआ, पुरानी टोंक क्षेत्र में सजाई गई दीपावली के अवसर पर विशेष रोशनी को देखने परिवार के साथ आये। दीपोत्सव पर पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने पूर्व प्रधान खेमराज मीणा, जयनारायण वर्मा, रामवतार धाभाई, सीताराम चांवला, विनोद पोरवाल, पुष्कर सैनी, पार्षद अजमद खान, फारुक खान, गुड्डु खटीक, नफीस मंत्री, राजवीर चौधरी, तारिक अजीज आदि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य बाजार में जाकर आमजन को दीपावली की शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात सूर्यग्रहण के चलते बुधवार को गोवर्धन पूजा के दिन की घरों में पशुओं की विधि विधान से पूजा गई, पटाखे चलाये और खुशियां मनाई। इसी दिन शहर के मन्दिरों में नये अन्न का भोग ठाकुर के लगाकर अन्नकूट महोत्सव की शुरूआत की गई। भाई-बहिन के अटूट प्रेम का त्यौहार भैया दूज का पूर्व गुरुवार को मनाया जाएगा और बहने भाईदोज की पूजा अर्चना कर भाई की लम्बी उम्र की कामना करेगी।

**नम्बर मिलाइए 9587884433**
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**
क्रमांक-नपाश्रीमा/2022-23/4138-39 दिनांक-10/10/2022
**आपत्ति आमंत्रण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका श्रीमाधोपुर में निम्न तालिका अनुसार पट्टा नामान्तरण की पत्रावली पर आपत्ति आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | नाम पत्रावली | क्षैत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री केदारमल वार्ड नं.09 श्याम पार्क के पास श्रीमाधोपुर | 87.69 वर्गगज | आवासीय पट्टा नामान्तरण |

जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो 07 दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज स्वयं की आईडी जिस पर स्वयं के मोबाईल नम्बर अंकित हो व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद विचार नहीं किया जावेगा।
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका श्रीमाधोपुर

## संक्षिप्त

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को बधाई दी

**कोटपूतली, (निसं)।** वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के जन्मदिवस पर जयपुर जाकर उन्हें जन्मदिन व दीपावली की शुभकामनायें प्रेषित की। वहीं कसाना ने क्षेत्रीय सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह से भी शिष्टाचार भेंट करते हुए उन्हें दीपोत्सव की बधाई दी। इस दौरान अमाई सरपंच लीलाराम कसाना, जिला पार्षद प्रतिनिधि अमीचंद धानका आदि मौजूद रहे।

### छांट भर पूर्वजों को तर्पण किया

**मालपुरा, (निसं)।** अखिल भारतीय गुर्जर व रघुवंशी नायक समाज द्वारा तालाब की पाल पर सामुहिक रूप से पूजा-अर्चना कर छांट भरने की रस्म अदा कर पूर्वजों को तर्पण किया। सोडा में नायब समाज व मालपुरा में गुर्जर समाज द्वारा बम्ब तालाब की पाल पर मानव श्रंखला बना पवित्र जल को साक्षी मान पूर्वजों की दिव्य आत्माओं को नमन करते हुए खीर का भोग लगा वर्षभर की गलतियों की क्षमा मांग खीर का भोग लगाया।

### सतीश पूनिया को शुभकामनाएं दी

**पावटा, (निसं)।** पंचायत समिति पावटा प्रधान पूजा चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को जयपुर में पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया को दीपोत्सव व उनके जन्मदिवस की शुभकामनायें प्रेषित की। इस दौरान पूर्व राजस्थान विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह शाहपुरा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, शिवपाल राठी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दीपोत्सव महापर्व पर की रामा-श्यामा

**कोटपूतली, (निसं)।** क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने दीपोत्सव महापर्व के अवसर पर कस्बे के मुख्य बाजारों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आमजन व दुकानदारों से दीपोत्सव की रामा-श्यामा करते हुए शुभकामनायें दी। इस दौरान सभापति प्रतिनिधि दुर्गाप्रसाद सैनी, कन्हैयालाल सैनी, बीएल यादव आदि मौजूद रहे।

# घर-घर हुई मां लक्ष्मी व गोर्वधन की पूजा-अर्चना

**मालपुरा, (निसं)।** पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व पर उपखण्ड क्षेत्र में घर-घर मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर सुख स्मृद्धि की कामना की गई।

शुभ मुहुर्त में परिवारजनों ने सामुहिक मां लक्ष्मी, सरस्वती व गणेशजी की पूजा अर्चना की। 27 वर्ष बाद आये सूर्यग्रहण के चलते लोग घरों में ही रहकर पूजा अर्चना करते रहे। बुधवार को घर-घर में महिलाओं ने गाय के गोबर से भगवान गोर्वधन की आकृति बना सामुहिक रूप से पूजा की। बुजुर्ग

■ मंदिरों में हुआ दीपदान, ठाकुरजी को लगाया अन्नकूट का भोग

महिलाओं व परिवार की मुखिया के चरण स्पर्श कर नवदम्पतियों ने सुखी दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद लिया। युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की।

नगरपालिका की ओर से शहर क्षेत्र में भव्य सजावट करवाई गई। हिन्दु समरसत्ता मंच द्वारा मंदिरों में सामूहिक दीपदान व प्रमुख चौराहों पर शहनाई वादन, भजन संध्या, ढोलक अलगोजा व मस्की बाजे से संगीत वादन किया गया। प्रमुख चौराहों पर सामुहिक सुन्दरकाण्ड के पाठ किये गये। बुधवार को डिग्गी कल्याणजी मंदिर, नर्सिंग भगवान मंदिर, मदनमोहनजी, लक्ष्मीनाथजी, चारभुजानाथ, सीतारामजी मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों मे अन्नकुट की प्रसादी तैयार कर छप्पन व्यंजनों का ठाकुरजी को भोग लगाया गया। वहीं शहर के ट्रक स्टैण्ड से कटला बाजार तक घास भैरू की सवारी निकाली गई तो ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने बैल, ट्रैक्टरों की सामुहिक पूजा कर जमकर आतिशबाजी की।



मालपुरा क्षेत्र में महिलाओं ने अपने घरों में गोवर्धन पूजा की।

### 2549 वां निर्वाणोत्सव मनाया

**फागी, (निसं)।** कस्बे में आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मुनि सुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर, त्रिमूर्ति दिगम्बर जैन मंदिर, पार्श्वनाथ जिनालय, चंद्र प्रभु नसियां सहित कस्बे के सभी जिनालयों व फागी परिक्षेत्र के चकवाडा, चोरू, नारेडा, मंडावरी, मेंदवास, नीमेडा तथा लदाना सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में कार्तिक बुदी अमावस्या 25 अक्टूबर 2022 को प्रातः जैन धर्म के चोबीसवें भगवान महावीर स्वामी का 2549 वां निर्वाणोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।

जैन समाज के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि प्रातः श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा बाद अष्टद्रव्यों से पूजा हुई, बाद में निर्वाण काण्ड भाषा के सामूहिक उच्चारण के पश्चात भगवान महावीर के मोक्ष कल्याणक "कार्तिक श्याम अमावस शिविर पावापुरी ते वरना' के उच्चारण के साथ जयकारों के बीच समाज द्वारा सामूहिक रूप से श्री जी के समक्ष निर्वाण का लाडू चढ़ाया गया। कार्यक्रम में फागी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी रतन लाल घाबडधींगा, पूर्व सरपंच ताराचंद जैन, प्यार चंद पीपलू,कैलाश कलवाड़ा, केलास चंद उनियारा, सोहनलाल झंडा, फागी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर , महावीर मांदी, रमेश बावडी, त्रिलोक पीपलू, सुनील मोदी, राजकुमार नला, तथा राजाबाबू गोधा सहित सारा समाज व महिलाओं ने सहभागिता निभाते हुए पुण्यार्जन प्राप्त किया।

## सार-समाचार

### गौरक्षकों को सम्मानित किया



**विराटनगर, (निसं)।** देश भर में जब लम्पी महामारी से गौ माता जूझ रही थी। तब गौवंश को इस संकट से उबारने के लिए बहुत से युवा नौजवान आगे आए और गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर आयुर्वेद चिकित्सा के सहारे गौवंश को बचाने के लिए मुहिम चलाई गयी। इसी कड़ी में विराट नगर विधानसभा के गांवों में गौसेवा का दायित्व निभा रहे गौरक्षकों को ग्राम पंचायत खेलना के राजस्व ग्राम गंगूपुरा में भाजपा नेता हरिप्रसाद बल्लीवाल के आतिथ्य में सम्मानित किया गया। ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए बल्लीवाल ने कहा कि जब तक ऐसी युवा शक्ति सेवा कार्यों के लिये आगे आती रहेंगी तब तक को कोई भी विपत्ति हमें डगमगा नहीं सकती। भले ही फिर वो कोरोना महामारी हो या लम्पी। सेवादारों के आगे मुश्किलें हार जाती हैं। इनका सम्मान समाज में एक नयी प्रेरणा का संचार करता है। इस दौरान गौरक्षकों सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दीपावली स्नेह मिलन समारोह 30 को

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा समाज संस्थान जयपुर के तत्वावधान में 30 अक्टूबर को जयपुर के नन्दपुरी स्थित अग्रसेन ट्रस्ट में दीवापली स्नेह मिलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में समाज से जुड़े परिवारों के लिए विभिन्न खेलकूद, सांस्कृतिक एवं रंगारंग गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष गिरीश शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा काफी समय इस तरह के सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। दीपावली स्नेह मिलन और सांस्कृति कार्यक्रम के दौरान खेलकूद, गायन, डांस तथा अन्य गतिविधीयों का आयोजन होगा तथा प्रतिस्पर्धीयों को पुरस्कृत किया जायेगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में फुलेरा का नाम रोशन करने वाले गणमान्य व्यक्तियों और पत्रकारों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही एजुकेशन और केरियर को लेकर प्रोत्साहित करने तथा मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए फुलेरा के फलाई हाई इंस्टीट्यूट के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में आये लोगों को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया जायेगा तथा सड़क सुरक्षा शिक्षा के बारे में स्लोगन प्रतियोगिता रहेगी। फुलेरा के खेलगुरु स्वर्गीय समय सिंह जी के सम्मान में संतोष स्वामी के साथ स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम रखा जायेगा।

### अन्नकूट प्रसादी में उमड़े लोग

**पावटा, (निसं)।** कस्बे व आसपास के मंदिरों में बुधवार को गोवर्धन के दिन अन्नकूट महोत्सव की धूम रही, लोगों ने उन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। जानकारी के अनुसार कस्बे के गोपाल भैया मंदिर में महंत मोहन दास महाराज, नरसिंगजी के मंदिर में राठा वाली मंदिर में, सीताराम मंदिर, हखडेत हनुमान मंदिर, मुरलीधर मंदिर, मोदी मंदिर में ठाकुर जी को भोग लगाकर अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बाजरा, कढी, मिठाई, मालपुआ आदि प्रसादी पाई। इस दौरान मंदिर परिसरों की भव्य सजावट की गई। इसी प्रकार शहर की मांजूकोट ठाकुर जी का मंदिर, हनुमानजी की बगीची, बावडी वाले शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, नृसिंह मंदिर, तेजाजी महाराज मंदिर, गोपालजी मंदिर, आंतेला के नीलका धाम, दोल्यापुर, जयसिंहपुरा, छींतौली, केरली, बागावास अहिरान के मंदिरों में खासी भीड रही। वहीं श्रद्धालूओं ने आसपास के मंदिरों में जाकर प्रसादी ग्रहण की। वहीं शाम को इस अवसर पर घरों में गोवर्धन की प्रतिमा बनाकर पूजा अर्चना कर रात्रि बछड़े के पैर से गहन करवाया गया। इससे पूर्व सोमवार को दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाम के समय शुभ मुहुर्त में लोगों ने मां लक्ष्मी, गणेशजी की पूजा अर्चना की। लोगों ने एक दूसरे के घरों में जाकर पर्व की शुभकामनाएं दी। युवाओं ने बड़े बुजुर्गों से पैर छूकर आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर लोगों ने पटाखें जलाकर आतिशबाजी की।

### आमजन से की रामा-श्यामा

**पावटा, (निसं)।** दीपावली महापर्व पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर, पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंण्डा व पूर्व प्रदेश महा मंत्री कुलदीप धनकड, पावटा पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने पावटा उपखंड सहित आस पास के क्षेत्रों में आमजन व व्यापारियों से दीपावली की रामा-श्यामा की। वहीं दीपावली के पावन पर्व पर नगरपालिका पावटा प्रागपुरा में कार्यरत संविदा कार्मिकों को विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य एवं वाइस चेयरमैन नरपत सिंह शेखावत, अशोक सैनी की अध्यक्षता में सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल अग्रवाल व विराटनगर सीबीओ रतिराम बुनकर के द्वारा 50 कार्मिकों को मिठाई, कपडे एवं 500 रुपए नगद वितरण किए गए। इस दौरान जगदीश ओला, वार्ड पार्षद राजेंद्र पारीक, राकेश मीणा, संजय सेन, कैलाश गोठवाल, मनीष निमोरिया, राजेश गुप्ता, गिरधारी गुरुजी, कान्हा सोनी, प्रवेश मित्तल, सुनील खारवाल, तेजपाल पहाडीवाल सहित पालिका कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### 13 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने 13 साल से फरार स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है। जयपुर जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल ने बताया कि पुलिस थाना प्रागपुरा में मारपीट के मामले में 15 साल से फरार स्थाई वारंटियों बबलू उर्फ लक्ष्मीनारायण निवासी टोरडा ब्राह्मणान व चोरी के मामले में 13 से फरार कमलेश उर्फ कमल निवासी बिठलौदा को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल ने बताया कि जिले में चल रहे वांछित अपराधियों की धडपकड अभियान व स्थाई वारंटीयों को गिरफ्तार करने के आदेशों की पालना में जिले के समस्त थानाधिकारियों को आदेश की पालना के निर्देश प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्याप्रकाश के सुपरविजन में संजीव चौधरी वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर के निर्देशन में किरण सिंह यादव थाना अधिकारी पुलिस थाना प्रागपुरा के नेतृत्व में टीम गठित कर फरार स्थाई वारंटीयों के विरूद्ध तकनीकी डाटा बेस तैयार कर आसूचना एकत्रित की गयी।

## मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, चार घायल

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा फ्लाईओवर के समीप मंगलवार की सुबह एक कंटेनर के साइड दबाने पर पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में बैठे चार लोग घायल हो गए। मंगलवार की सुबह बडनगर से खेतों में काम करने के लिए मजदूरों को लेकर एक पिकअप प्रागपुरा आ रही थी।

पिकअप में बैठे मजदूरों का कहना है कि प्रागपुरा फ्लाईओवर के समीप एक कंटेनर के साइड दबाने से चालक से पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में पिकअप में बैठे काना देवी पत्नी रामकुमार मीणा (27) निवासी बडनगर, आन्ची देवी पत्नी बालीराम मीणा (30) निवासी बडनगर, ममता देवी पत्नी महावीर योगी (30) निवासी तुलसीपुरा, रेखा पुत्री बालीराम मीणा (17) निवासी बडनगर घायल हो गए। सभी घायलों को प्रागपुरा पुलिस रामकुमार, धर्मेंद्र, धर्मवीर ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस वाहन में पावटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है, जहां काना देवी की हालत गंभीर बनी हुई थी। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद कोटपुतली बी डी एम हॉस्पिटल के लिए रवाना किया।

## सूर्य ग्रहण पर हवन किया

**अलवर, (निसं)।** दौसा जिले में सिकराय उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मरियाडा में इस वर्ष गोवर्धन के दिन सूर्य ग्रहण पड़ने के कारण गोवर्धन पूजा नहीं की गई। सूर्य ग्रहण के कारण लोगों द्वारा हवन यज्ञ किए गये। इसी प्रकार ग्राम मरियाडा में सूर्य ग्रहण पर ग्रामीणों द्वारा मंदिर में एक विशाल हवन यज्ञ किया गया तथा सूर्य भगवान को आहुति दी गई। तथा भगवान से किसी प्रकार की अनहोनी ना होने के लिए प्रार्थना की गई सूर्य ग्रहण पर कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता नहीं किसी देवता की पूजा की जाती है इसी कारण इस वर्ष गोवर्धन की पूजा सूर्य ग्रहण की दूसरे दिन की जाएगी, इस मौके पर मंदिर के मोहन लाल पुजारी, राजेंद्र, महेश बडाली, चरण सिंह, गोपाल, कैलाश भगत, विश्राम प्रजापत, लक्ष्मण,एवं समस्त ग्रामीणों के द्वारा यज्ञ में आहुति दी गई।

# बालाजी मित्र मंडल ने शोभायात्रा निकाली

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम मऊ की पहाड़ी पर स्थिति अतिप्राचीन बजरंगबली मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर बालाजी मित्रमण्डल मऊ ने शोभायात्रा निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक कर प्रस्तावित निर्माण कार्य में ग्रामीणों का सहयोग मांगा है।

बालाजी मित्र मंडल के विकास तिवाड़ी ने बताया कि ग्राम की पहाडी पर स्थित अतिप्राचीन चमत्कारी बजरंगबली महाराज के मंदिर के सामने आरसीसी डलवा कर सभी के सहयोग से छत व अन्य आवश्यक निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इस कार्य में आमजन से सहयोग के लिए डीजे से ग्राम के मुख्य मार्गों से बजरंगबली के जयकारों के साथ शोभायात्रा निकली गयी जिसमें युवाओं ने हाथ में बजरंगबली के निशान ध्वज लेकर धार्मिक भजनों एवं विभिन्न धुनों पर झूमते नाचते गाते ग्राम जनता से अपने सामर्थ्य के अनुसार निर्माण सामग्री, आर्थिक एवं शारीरिक सहयोग कर पुण्यकार्य में भागीदार बनने का आवाह्न किया मित्रमण्डली ने ग्रामीणों से यह भी निवेदन किया कि निर्माण कार्य को लेकर नीचे से पहाडी पर निर्माण सामग्री पहुँचाने का कार्य मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा हर सुबह अनवरत किया जा रहा है। अतः सामूहिक श्रमदान में उपस्थित होकर यथायोग्य सहयोग करें। शोभायात्रा के दौरान ग्रामीणों ने बालाजी मित्र मण्डल को निर्माण कार्य में हर सम्भव सहयोग का विश्वास दिलाया। शोभायात्रा का ग्रामजनता ने जगह जगह स्वागत किया। इस अवसर पर बालाजी मित्र मंडल के सदस्यों के साथ ही अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।



ग्राम मऊ की पहाड़ी पर स्थिति बजरंगबली मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर बालाजी मित्रमण्डल ने शोभायात्रा निकाली।

# 33 वीं क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**मंडावरी, (निसं)।** नगर पालिका स्थित बागेश्वर मंदिर के पास राम सरोवर चैलेंजर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में दीपावली के मौके पर 33 वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए बेहतर स्वास्थ्य संदेश दिया गया।

इस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला परिषद दौसा के अकाउंट ऑफिसर हरकेश मीणा द्वारा किया गया। उन्होंने उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समय निकालकर व्यायाम करना चाहिए क्रिकेट भी एक तरह के व्यायाम में शुमार है।

उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी क्रिकेट खेल को खेल समझकर ही खेले एवं हार जीत के बाद रही कमियों को पूरा कर आगे सफलता की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले खेल प्रतियोगिताओं से स्थानीय प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलता है। क्रिकेट प्रतियोगिता का अतिथियों द्वारा बैठ बल्ले से शॉट लगाकर शुभारंभ किया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में करीब दो दर्जन क्रिकेट टीम में खेल मैदान पर खुद का भाग्य अजमा रही है।

इस क्रिकेट प्रतियोगिता शुभारंभ के दौरान जिला परिषद दौसा के अकाउंट ऑफिसर हरकेश मीणा बीओबी के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक प्रसादी लाल मीणा, रतिराम अध्यापक, पूर्व वार्ड पंच हेमराज मीणा, आयोजन समिति क्रिकेट क्लब के कप्तान भरत लाल मीणा अध्यापक शहीद क्रिकेट टीमों के खिलाड़ी मौजूद रहे।



मंडावरी में जिला परिषद के अकाउंट ऑफिसर हरकेश मीणा ने क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

## गौशाला में गौसेवा कर पौधे लगाए

**बोराज, (निसं)।** कस्बे की सुरपुरा गौशाला में बुधवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर आयोजित गौ सेवा कार्यक्रम में गौमाता सेवा संघ झोटवाड़ा जयपुर की ओर से गौशाला संत बाल बास महाराज के सानिध्य में गोवंश को हरा चारा वह गुड़ खिलाया साथ ही गौशाला प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक गाडी चारा की गौशाला को भेंट की।

कार्यक्रम के दौरान गौ सेवकों ने गोशाला परिसर में बड़, पीपल आदि के पांच पेड लगाए गए। गौशाला संरक्षक पूर्व सरपंच प्रेमचंद टेलर, उपाध्यक्ष भैरूलाल चौधरी, सरपंच सुरेन्द्र सिंह मीणा, शंकर सिंह शेखावत, देवीलाल कुमावत, आत्मा राम प्रजापत ने गौसेवकों का आभार जताया व गौ माता की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। इस मौके गौ सेवक लोकेश प्रजापत, हेमवती नंदन, राम बाबू, रामराज, महेश, दीपक, विनोद कुमावत, सरदार सहित अनेक गोसेवा उपस्थित रहे।

## दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**देवली, (निसं)।** जन सेवा समिति देवली उनियारा के बैनर तले दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन बुधवार को समिति के संयोजक डॉ. विक्रम सिंह गुर्जर के ढिकोलिया स्थित निवास पर किया।

जिसमें देवली उनियारा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने डॉ. विक्रम सिंह गुर्जर को दीपावली की शुभकामनाएं भेंट की इस मौके पर गुर्जर ने पधारे हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त कर सभी को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में डॉ गुर्जर ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि त्यौहार हमारी भारतीय संस्कृति तथा आपसी भाईचारे का प्रतीक हैं इनसे हमारी विरासत तथा हमारे सभी रीति रिवाजों का निर्वहन होता है। त्यौहार हमें सामाजिक एकता तथा सद्भावना से रहने की प्रेरणा भी देते हैं।

इस अवसर पर देवली उनियारा विधानसभा से पहुंचे प्रो. जेपी. देवतवाल, केएल हरसल, शिक्षा नेता मोहर सिंह कुंडेर, सोजी जी लाल हर्षल, सवाई भोज छात्रावास उनियारा के अध्यक्ष बद्री जी गुर्जर, पूर्व सी आर बाबू लाल, शंकर कुकसवाल,राम अवतार ,पूर्व डी आर बद्री सांडिया, पप्पू लाल मीणा, हनुमान गुर्जर, पुखराज ,चेतन ,बुद्धि प्रकाश, खुशीराम ,मुनीम गुर्जर, लादू गुर्जर ,केसर लाल गुर्जर, खुशीराम ,कमलेश बैरवा, बाबूलाल मीणा, शकुर खान, बाबू लाल बेरवा ,राधेश्याम जांगिड़ ,रमजानी खान कन्हेया लाल ,धनपाल , राजू लाल बेरवा सीताराम जाट निजाम मोहम्मद सुरेली, राम रतन जाट, छुट्टन खान सुरेली बाबूलाल , चमन लाल वैष्णव, रमेश पुजारी, प्रीति चौधरी लाला भाई आदि सैकड़ों गांवों से पधारे हुए कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गौसेवा कर पूर्व विधायक को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** जन्मदिन पर मन को सुकून और आशीर्वाद से मिलने वाली ऊर्जा का संचार जो अपनों के बीच जाकर मिलता है वह घर पर बैठकर मिलने वाली बधाई व उपहार से कई गुना अधिक होता है।

यह वाक्य है पूर्व विधायक रामहेत यादव के हैं जो हर वर्ष जन्मदिन की शुरुआत गौशाला मंदिर गुरुद्वारे जाकर देवी-देवताओं का आशीर्वाद लेने के साथ वह अपने क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद और प्यार लेना भी कभी नहीं भूलते हैं।

लगातार 10 साल 2008 से 2018 तक किशनगढ़ बास से विधायक रहे रामहेत यादव जन्मदिन पर जनता के बीच जाकर आशीर्वाद लेने की परंपरा को निरंतर बनाए हुए हैं। यादव का मानना है कि हर कोई उनका अपना कार्यकर्ता मित्र घर पर नहीं आ सकता इसलिए व खुद चलकर उनके बीच पहुंचते हैं। जिससे पिता तुल्य बुजुर्गों वह बड़े साथी भाइयों का आशीर्वाद व अपने से छोटो का प्यार मिल सके।

बुधवार को 62 वें जन्मदिन पर सुबह 10 बजे मंदिरों में दर्शन व क्षेत्र के गांवों से अपने ग्रामीण मतदाताओं व कार्यकर्ताओं से आशीर्वाद लेकर गौशाला पहुंचे पूर्व विधायक का खैरथल कोटकासिम हरसोली तिजारा टपूकड़ा सहित अनेक गांवों व कस्बों से बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की बधाई दी।

इस दौरान पूर्व विधायक यादव के साथ कार्यकर्ताओं ने गायों को गुड खिलाकर यादव की उज्जवल भविष्य व दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर चेयरमैन पति सतीश सिंघल मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी पूर्व सरपंच खुशीराम यादव जनेश भूटानी विश्वास यादव राजेश बटवाड़ा सहित बड़ी संख्या में पार्षद सरपंच एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



किशनगढ़ बास में पूर्व विधायक रामहेत यादव को कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन पर बधाई दी।

■ कार्यकर्ताओं का प्यार और बड़ों का आशीर्वाद मुझे अपनों के बीच खींच लाता है: यादव

## 85 यूनिट रक्तदान एकत्रित

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र के सुंदरी ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में सर्व समाज द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित कर 85 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया।

दीपावली स्नेह मिलन समारोह व रक्तदान शिविर का आयोजन सुंदरी ग्राम के कर्मचारी ग्राम विकास समिति एवं युवा संगठन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने 85 यूनिट रक्तदान कर सुमन ब्लड बैंक जयपुर की टीम को भेंट किया। विकास परिषद के सदस्यों ने सामाजिक, विकास व स्थानीय समस्याओं पर विचार विमर्श किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक इंदिरा मीणा सहित कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इसमें राष्ट्रीय जन समर्थन पार्टी के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरके सुंदरी भाजपा के मेघराज मीणा, रामदास एवं आयोजक समिति के घनश्याम मीणा, मूलचंद मीणा, हरिचरण मीणा, हुकम चंद मीणा, रामस्वरूप, मुकेश, श्यामलाल, सुमेर सिंह सहित अनेकों कर्मचारी जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

# पांच दिवसीय दीपावली पर्व धूमधाम के साथ संपन्न

**फागी, (निसं)।** उपखण्ड मुख्यालय सहित चकवाड़ा, चोरू, माधोराजपुरा, पीपला, रेनवाल मांजी समूचे क्षेत्र में बुधवार को पांच दिवसीय दीपावली पर्व धूमधाम से संपन्न हुआ।

सोमवार को सभी लोगों ने अपने घरों व प्रतिष्ठानों में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। उसके बाद लोग एक दूसरे के घर में आकर बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया तथा दीपावली की हार्दिक बधाई दी। देर रात तक रामा श्यामा का दौर चलता रहा। दूसरे दिन मंगलवार को सूर्य ग्रहण होने के कारण लोग घरों में ही रहे तथा बाजार अधिकतर बंद ही नजर आए। मंगलवार को सूर्य ग्रहण होने के कारण अन्नकूट महोत्सव 26 अक्टूबर बुधवार को मनाया गया।

बुधवार को कस्बे के चार भुजा मंदिर, च्यवन ऋषि मंदिर, सूरज भगवान मंदिर सहित खेड़ापति हनुमान, बोरडी बालाजी, नाड़ी वाले बाबा सहित आस पास के मंदिरों में अन्नकुट महोत्सव मनाया गया। चारभुजा मंदिर पुजारी खेमचन्द ने बताया कि बुधवार को प्रातः चारभुजा की भव्य झांकी सजाई गई थी तथा 1:15 बजे अन्नकूट प्रसादी का भोग लगाकर आरती उतारी गई जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

फागी कस्बे सहित बीची, लदाना,रेनवाल, समेत संपूर्ण क्षेत्र में सोमवार को गुर्जर समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से छांट भरने की रस्म निभाई गई। छांट भरकर अपने पूर्वजों को तर्पण किया। बुधवार को प्रातः महिलाओं ने रंग-बिरंगे वस्त्र धारण कर गोवर्धन भगवान की पूजा अर्चना की।



फागी कस्बे में महिलाओं व युवतियों ने गोवर्धन की पूजा अर्चना की।



''मैंने अलग तरह से अभ्यास करना शुरू किया। मुझे 2018 के बाद एहसास हुआ कि मुझे अपने खेल पर काम करने की जरूरत हैं। मैंने ऑफ साइड की तरफ अधिक शॉट खेलने शुरू किए।''
-सूर्यकुमार यादव

भारतीय बल्लेबाज, अपने खेल में सुधार को लेकर

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶ सेरेना विलियम्स**



अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाडी सेरेना विलियम्स ने सन्यास से जुडी खबरों को नकारते हुए कहा हैं कि उनके टेनिस कोर्ट पर लौटने की संभावनाएं ''बहुत ज्यादा''। सेरेना ने अपनी निवेश कंपनी सेरेना वेंचर्स के प्रचार के दौरान कहा, ''मैंने सन्यास नहीं लिया हैं। मेरे लौटने की संभावनाएं बहुत ज्यादा हैं। आप मेरे घर आकर देख सकते है, वहां एक कोर्ट भी हैं।'' उल्लेखनीय है कि 41 वर्षीय सेरेना ने अगस्त में जारी एक बयान में कहा था कि वह ''टेनिस के बाहर बढ रही है।'' उन्होंने यह नहीं कहा था कि 29 अगस्त से शुरू होने वाला अमेरिकी ओपन 2022 को अपने करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# बारिश में धुल गईं इंग्लैंड की उम्मीदें

## आयरलैंड डकवर्थ लुईस पद्धति से पांच रन से जीता

मेलबर्न, 26 अक्टूबर। आयरलैंड ने एंड्रयू बालबर्नी (62) के अर्द्धशतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड को टी20 विश्व कप 2022 के वर्षाबाधित मैच में बुधवार को पांच रन से मात दी।

आयरलैंड ने देर से शुरू हुए सुपर-12 चरण के मुकाबले में इंग्लैंड को 158 रन का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड ने इसके जवाब में 14.3 ओवर में 105 रन बना लिये, लेकिन बारिश के कारण मैच को यहीं रोक दिया गया। डकवर्थ लुइस पद्धित के अनुसार इंग्लैंड को जीत के लिये 14.3 ओवर में 110 रन के स्कोर तक पहुंचना था। निर्धारित समय तक बारिश न रुकने के बाद मैच को यहीं समाप्त किया गया और आयरलैंड पांच रन से जीत गई।

आयरलैंड ने चिर-प्रतिद्वंदी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप में पहली जीत दर्ज की हैं। इससे पहले दोनों टीमें शीर्ष टूर्नामेंट में सिर्फ एक बार आमने-सामने आई थीं जहां मैच को बारिश के कारण रद्द करना पड़ा था।

इंग्लैंड ने ग्रुप-ए के मुकाबले में टॉस जीतकर आयरलैंड को बल्लेबाजी के लिये बुलाया। पॉल स्टर्लिंग (14) का विकेट जल्दी गिरने के बाद बालबर्नी ने लोर्कान टकर के साथ 82 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। बालबर्नी ने 47 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की बदौलत 62 रन बनाये जबकि टकर ने 27 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्का लगाकर 34 रन की पारी खेली।

बालबर्नी-टकर की साझेदारी ने आयरलैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था लेकिन अन्य बल्लेबाज टीम को बडे स्कोर तक ले जाने में नाकाम रहे।

आयरलैंड का स्कोर 15 ओवर में तीन विकेट पर 127 रन था, लेकिन अगले पांच ओवरों में टीम ने सिर्फ 30 रन जोडकर सात विकेट गंवाए। गैरेथ डेलानी 12 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि आयरलैंड के छह बल्लेबाज दहाई का आंकडा भी नहीं छू सके। इंग्लैंड के लिये क्रिस वोक्स और लायम लिविंग्सटन ने तीन-तीन विकेट लिये, जबकि सैम करन को दो विकेट हासिल हुए। बेन स्टोक्स ने 20वें ओवर की दूसरी गेंद पर जोशुआ लिटिल का विकेट लेकर आयरलैंड की पारी को 157 रन पर समाप्त किया। आयरलैंड ने इस स्कोर की रक्षा करते हुए जॉस बटलर, एलेक्स हेल्स और बेन स्टोक्स को 29 रन पर ही पवेलियन भेज दिया। डेविड मलान और हैरी ब्रूक ने चौथे विकेट के लिये 38 रन की साझेदारी की लेकिन वह रनगति बढ़ाने में असफल रहे। ब्रूक ने 21 गेंदों पर 18 रन बनाये जबकि मलान ने 37 गेंदों की संघर्ष भरी पारी में 35 रन जोड़े। छठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे मोईन अली ने 12 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्का लगाया लेकिन रनगति बढ़ती ही बारिश ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर दस्तक दे दी। डकवर्थ लुइस मेथड के निर्धारित लक्ष्य से पांच रन पीछे रहने के कारण इंग्लैंड यह मैच हार गई और आयरलैंड ने दो बहुमूल्य अंक हासिल कर लिये। आयरलैंड का अगला मुकाबला अफगानिस्तान से हैं जबकि इंग्लैंड को अपने अगले मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करना हैं।



## हमने गलती की और अब हम पर दबाव हैः बटलर

मेलबर्न, 26 अक्टूबर। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि आयरलैंड के खिलाफ उनकी टीम ने गलती की और अब उस पर टी 20 विश्व कप के सेमी फाइनल में जगह बनाने के लिए दबाव बन गया हैं।

इंग्लैंड गुरुवार को बारिश से प्रभावित मैच में आयरलैंड से डकवर्थ लुईस पद्धित से पांच रन से हार गया था। उसने पहले मैच में अफगानिस्तान को हराया था।

अब ग्रुप में आयरलैंड, श्रीलंका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के दो दो अंक हैं और ऐसे में शीर्ष दो स्थान पर रहने के लिए प्रतिस्पर्धा बढ गई हैं।

बटलर ने मैच के बाद कहा,''मुझे लगता है कि हमने पहले 10 ओवरों में खराब खेल दिखाया और उन्हें हावी होने का मौका दिया। हम अपने खेल में निरंतरता नहीं बनाए रख सके और उन्हें हमने क्रीज के दोनों तरफ रन बनाने का मौका दिया। दूसरे 10 ओवर काफी बेहतर थे।''

उन्होंने कहा,''आयरलैंड ने बेहतरीन खेल दिखाया। हम जानते है कि हमने गलती की और स्वयं पर अधिक दबाव बनाया। अब अगर आपको आगे बढने के लिए किसी मैच में बहुत अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है तो वह इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच होगा।''

आयरलैंड के कप्तान एंडी बालबर्नी को खुशी है कि उनकी टीम ने खिताब की प्रबल दावेदार टीम को हराया।

उन्होंने कहा, ''हम सात विकेट गंवाकर निराश थे, लेकिन खिताब की प्रबल दावेदार टीम के खिलाफ जीत दर्ज करना शानदार रहा। हमें दर्शकों का भी समर्थन मिला। यह काफी भावनात्मक हैं।''

## उम्मीद हैं कि भारतीय टीम की भोजन की समस्या सुलझायेगा बीसीसीआई : गांगुली



कोलकाता, 26 अक्टूबर। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बुधवार को भारतीय क्रिकेट टीम के कुछ सदस्यों द्वारा सिडनी में अभ्यास सत्र के बाद टी20 विश्व कप आयोजकों द्वारा परोसा गया भोजन करने से इनकार के मामले को ज्यादा तूल नहीं दिया

भारतीय खिलाडियों को मंगलवार को अभ्यास सत्र के बाद ठंडे सैंडविच और फलाफेल परोसे गए थे जिन्हें खाने से कुछ ने इनकार कर दिया। उन्होंने होटल लौटकर भोजन करना बेहतर समझा।

भारतीय टीम बृहस्पतिवार को नीदरलैंड से खेलेगी।

गांगुली ने यहां कलकत्ता खेल पत्रकार क्लब पर पत्रकारों से बातचीत में कहा ,''मुझे यकीन हैं कि बीसीसीआई इसका हल निकाल लेगा।''

गांगुली ने यहां राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं सौरव घोषाल और अचिंता शेउली सेत बंगाल के अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा ,''यह पुरस्कार खिलाड़ियों की साल भर की मेहनत का नतीजा हैं।

मुझे याद है कि जब मैं युवा था तब सीएसजेसी सालाना पुरस्कारों का इंतजार करता था।''

गांगुली ने प्रदेश का खेल मंत्री बनने के बाद क्रिकेट में शानदार वापसी करने वाले मनोज तिवारी को भी सम्मानित किया।

## पेरिस मास्टर्स में वापसी करेंगे नडाल



मैड्रिड (स्पेन), 26 अक्टूबर। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता राफेल नडाल एटीपी फाइनल खेलने से पहले अगले हफ्ते पैरिस मास्टर्स में हिस्सा लेंगे। नडाल के कोच कार्लोस मोया ने इसकी पुष्टि करते हुए आईबी3 टीवी से कहा, ''ट्ययूरिन (एटीपी फाइनल) पहुंचने से पहले आपको पेरिस में मैच खेलने होंगे। राफा जहां कहीं भी जाते हैं, हम आशावान होते हैं।''

नडाल को इस साल कई चोटों से जूझना पडा हैं। उन्होंने पैर की पुरानी चोट से निपटने के लिए इंजेक्शन लगाकर खेलते हुए अपना 14वां फ्रेंच ओपन खिताब जीता। इसके बाद उन्हें पेट की चोट के कारण विंबलडन सेमीफाइनल से नाम वापस लेना पडा।

अमेरिकी ओपन के शीर्ष-16 राउंड में फ्रांसेस टियाफो से हारने के बाद उन्होंने कहा था कि उन्हें ''चीजों को ठीक करने'' की जरूरत है और वह इस इस बारे में अनिश्चित थे कि वह अगली बार कब खेलेंगे।

नडाल ने पिछले महीने लेवर कप के युगल मैच में रोजर फेडरर के साथ जोड़ी बनाई थी, हालांकि सन्यास की घोषणा कर चुके फेडरर के आखिरी मैच के बाद नडाल ने भी प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने आठ अक्टूबर को पत्नी मेरी पेरेलो के साथ अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए भी समय निकाला। मोया ने पुष्टि की कि नडाल पेरिस मास्टर्स के मंच का इस्तेमाल एटीपी फाइनल की तैयारी के लिये करेंगे। दुनिया के नंबर दो खिलाडी नडाल ने अपने करियर में एक बार भी एटीपी मास्टर्स का खिताब नहीं जीता हैं।

## टाइगर्स और गढ़वाल डायमंड की जीत

नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर। गढ़वाल डायमंड ने बुधवार को फुटबॉल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग के रोमांचक मुकाबले में नेशनल युनाइटेड को 2-1 से मात दी।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर खेले गये दिन के दूसरे मैच में दिल्ली टाइगर्स ने अहबाब एफसी को 6-3 से परास्त किया। टाइगर्स के लिए मुकुल ने दो जबकि अमन, निखिल, अभिषेक और कवींद्र ने एक-एक गोल जमाया। पराजित टीम के लिए जामा ने दो और रिकी घ्रामी ने एक गोल किया। अहबाब ने मैच के शुरुआती हिस्से में शानदार प्रदर्शन की बदौलत 3-1 की बढ़त बना ली थी लेकिन इसके बाद उनका खेल सुस्त हो गया जिसके कारण टाइगर्स ने मैच अपनी मुट्ठी में कर लिया।



राजस्थान पोलो ग्राउण्ड पर खेले गये आरपीसी कप प्रदर्शन मुकाबले में जयगढ़ ने आमेर को साढ़े पांच के मुकाबले आठ गोल से हराया।

## राजस्थान जूनियर शूटिंगबाल चैम्पियनशिप 3 नवम्बर से जोधपुर में

जयपुर, 26 जून। राजस्थान शूटिंगबाल एसोसिएएशन जोधपुर में 3 व 4 नवम्बर को जूनियर बालक बालिका आयोजित की जाएगी। राजस्थान शूटिंगबाल एसोसियेशन के महासचिव दयानंद उपाध्याय के अनुसार इस चैम्पिनयशिप में राज्य संघ से सम्बद्ध लगभग 20 जिला संघों की बालक व बालिकाएं वर्गों में 30 टीमों के भाग लेने की संभावना है। आयोजन सचिव भूराराम चौधरी सचिव जिला संघ इस चैम्पियनशिप में राज्य टमों का चयन भी किया जायेगा।

## आखिरी मिनट के गोल की मदद से भारत ने ऑस्ट्रेलिया से ड्रॉ खेला

जोहोर, 26 अक्टूबर। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने आखिरी मिनट में किये गये गोल की बदौलत सुल्तान जोहोर कप में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के साथ 5-5 से ड्रॉ खेला।

भारत के लिये अमनदीप ने 60वें मिनट में गोल करके मैच को ड्रॉ करवाया। इससे पहले बॉबी सिंह धामी (दूसरा), शारदा नंद तिवारी (आठवां, 35वां) और अरिजीत सिंह हुंडल (18वां मिनट) भारत के लिये गोल कर चुके थे। लायम हार्ट (तीसरा), जैक हॉलैंड (आठवां) जोशुआ ब्रूक्स (20वां, 41वां) और जेक लैम्बेथ (49वां मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से योगदान दिया।

इस मैच के साथ भारत ने टूर्नामेंट की राउंड रॉबिन तालिका में ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरा स्थान हासिल कर लिया हैं।

## टी20 रैंकिंग के शीर्ष 10 में लौटे कोहली



दुबई, 26 अक्टूबर। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पाकिस्तान के खिलाफ 82 रन की अद्वितीय पारी खेलकर आईसीसी टी20 रैंकिंग के शीर्ष-10 बल्लेबाजों में शामिल हो गये हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी रैंकिंग के अनुसार कोहली 635 रेटिंग पॉइंट के साथ पांच पायदान चढ़कर नौंवे स्थान पर आ गये है। कोहली ने टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई 82 रन की करिशमाई पारी में 53 गेंदों पर छह चौके और चार छक्के लगाकर भारत को यादगार जीत दिलाई थी। कोहली से बेहतर रैंकिंग वाले एकमात्र भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव हैं, हालांकि वह एक पायदान फिसलकर तीसरी रैंकिग पर आ गये हैं। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवन कॉनवे ने टी20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में ाॅस्ट्रेलिया के विरुद्ध 58 गेंदों पर नाबाद 92 रन बनाये, जिससे वह तीन पायदान की छलांग लगाकर दूसरी रैंकिंग पर पहुंच गये हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिज़वान 849 रेटिंग पॉइंट के साथ अब भी शीर्ष टी20 बल्लेबाज हैं, लेकिन वह 831 रेटिंग पॉइंट वाले कॉनवे की पहुंच से ज्यादा दूर नहीं हैं।

## उम्मीद है विराट पाकिस्तान जैसी पारी हमारे खिलाफ नहीं खेलेंगेः स्कॉट एडवर्ड्स

सिडनी, 26 अक्टूबर। नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स को उम्मीद है कि भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली गुरुवार को यहां होने वाले टी20 विश्वकप मैच में उनके खिलाफ पाकिस्तान जैसी पारी नहीं खेलेंगे।

एडवर्ड्स मेलबर्न के स्थानीय निवासी है जो बाद में नीदरलैंड बस गए थे। उन्हें अपनी टीम से बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं है लेकिन वह चाहते है कि उनके साथी जितना संभव हो अपनी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलें। एडवर्ड्स ने मैच की पूर्व संध्या पर बुधवार को कहा,'' विराट ने उस दिन जो पारी खेली थी वह अद्भुत थी। उम्मीद है वह हमारे खिलाफ ऐसी पारी नहीं खेलेंगे।'' उन्होंने कहा,'' हमसे बहुत कम लोग जीत की उम्मीद कर रहे है इसलिए हम पर बहुत अधिक दबाव नहीं हैं। हम अपनी क्षमता के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।''

## फ्रेंच ओपन : समीर, प्रणय दूसरे दौर में

पैरिस, 26 अक्टूबर। भारत के समीर वर्मा ने योनेक्स फ्रेंच ओपन 2022 के पहले दौर में बुधवार को इंडोनेशिया के एंथनी जिनटिंग को 2-1 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। समीर के हमवतन एचएस प्रणय अपने पुरुष एकल मैच में मलेशिया के ल्यू डैरेन को 2-1 से हराकर शीर्ष-16 में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बने। विश्व रैंकिंग में 31वें नंबर के खिलाड़ी समीर ने छठवीं रैंकिंग वाले जिनटिंग को करीबी मुकाबले में 21-15, 21-23, 22-20 से मात दी। समीर ने पहले गेम में जीत करके जिनटिंग पर दबाव बनाया, लेकिन मलेशियाई खिलाडी ने दूसरे गेम में शानदार वापसी करते हुए मैच को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। तीसरे गेम में विश्व के नंबर 31 समीर ने इंडोनेशियाई खिलाडी से पिछडने के बाद शानदार वापसी की और 22-20 के साथ मैच जीत लिया। यह समीर की तीन मैचों में जिनटिंग पर पहली जीत हैं। इससे पहले जिनटिंग समीर को स्विस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में मात दे चुके हैं। दूसरी ओर, प्रणय ने तीन गेम के मैच में डैरेन को 21-16, 16-21, 21-16 से हराया। प्रणय ने पहला गेम आसानी से जीतने के बाद दूसरे गेम में शुरुआती बढ़त बना ली थी।

# खिलाड़ियों को आराम देने की कोई योजना नहीं:म्हाम्ब्रे

सिडनी, 26 अक्टूबर। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने नीदरलैंड के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप मैच से पहले बुधवार को कहा कि खिलाड़ियों को आराम देना और संरक्षित करना टीम का इरादा नहीं है।

म्हाम्ब्रे ने यहां संवाददाता सम्मेलन में हार्दिक पांड्या से संबंधित एक सवाल के जवाब में कहा, हार्दिक सभी मैच खेलना चाहते हैं। यह जरूरी है। हम यह नहीं सोच रहे हैं कि किसे आराम दिया जाए। किसी खास खिलाड़ी के बारे में ऐसा कोई विचार नहीं है। हार्दिक हमारे लिए काफी अहम खिलाड़ी हैं। वह एक हरफनमौला होने के नाते टीम में बहुत संतुलन लाते हैं।

म्हाम्ब्रे ने कहा, इसके अलावा मैदान पर उनका रवैया अहम होता है। जैसा कि आपने पिछले मैच में देखा था, उन्होंने अहम पारी खेली थी। हां, विराट (कोहली) ने मैच को समाप्त किया, लेकिन यह समझने के लिए कि मैच को अंत तक ले जाने से विपक्षी टीम पर दबाव बनेगा, आपको अनुभव की आवश्यकता है। विराट के प्रदर्शन का इतना श्रेय हार्दिक को भी दिया जाना चाहिए। आराम की कोई चर्चा नहीं है। हर मैच अहम होता है।

पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में मोहम्मद शमी ने भी अहम भूमिका निभाई, जो चोट से उभर कर करीब एक साल बाद अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे। शमी ने अपने चार ओवरों में सिर्फ 25 रन देकर 51(34) रन बनाने वाले इफ्तिखार अहमद का विकेट लिया था। म्हाम्ब्रे ने कहा, यह तब शुरू हुई जब वह (शमी) राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) गए।हम देखना चाहते थे कि उन्होंने कैसा महसूस किया, वह किस फॉर्म में थे। हमें जो भी प्रतिक्रिया मिली है, हम इसके बारे में बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा,वह एक बहुत अनुभवी गेंदबाज है। ाहत्वपूर्ण बात यह थी कि वह कोविड के बाद कैसे हैं, और हम उनके ठीक होने से बहुत खुश हैं। वह इस टूर्नामेंट की प्रतीक्षा कर रहे थे। वह ऑस्ट्रेलिया में फेंके गये पहले ओवर से ही शानदार लय में दिख रहे थे। इससे हमें यह जानने का विश्वास भी मिला कि आपको शमी से क्या मिलने वाला है। वह एक चैंपियन गेंदबाज है, इसमें कोई शक नहीं है। जब म्हाम्ब्रे से पूछा गया कि क्या हार्दिक की मौजूदगी से उन्हें अतिरिक्त बल्लेबाज खेलने का मौका मिल सकता है, तो उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। यह अच्छा है कि हार्दिक से हमें चार ओवर का विकल्प मिलता है, और यही हम चाहते थे। ऐसा करने के बाद वह टीम में काफी संतुलन लाते हैं। वह हमारे लिए भी बहुत प्रभावी रहे हैं। उन्होंने विकेट लिए हैं और वह हमारे लिये बहुत महत्वपूर्ण है। फिर भी, एक अतिरिक्त बल्लेबाज को टीम में शामिल करना विपक्षी टीम और परिस्थितियों पर भी निर्भर करेगा। म्हाम्ब्रे ने टीम संयोजन पर बात करते हुए कहा कि रविचंद्रन अश्विन की बल्लेबाजी के कारण उन्हें युज़वेंद्र चहल से पहले टीम में चुना जायेगा। उन्होंने कहा, हम स्पष्ट रूप से टीम के संतुलन को देख रहे हैं। आपको यहां स्पिनरों के लिये मददगार पिचें मिलने की उम्मीद नहीं है। हो सकता है कि कुछ विकेट स्पिनरों की थोडी मदद करेंगे। हम कुछ मैचों में ऐसी पिचों पर खेलेंगे जो दिन में हमसे पहले एक मैच के लिये इस्तेमाल हो चुकी होंगी। उन विकेटों पर बहुत अधिक टूट-फूट होगी। जब हमें लगेगा कि अतिरिक्त स्पिनर सहायक होगा तो हम इसके लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, अश्विन के हित में यह चीज काम करती है कि वह बल्ले से योगदान दे सकते हैं। हम इन दोनों चीजों पर ध्यान देंगे। जब आप अश्विन को चुनते हैं, तो आपको देखना होगा कि वह टीम में किस तरह का संतुलन लेकर आते हैं।

## भारतीय मुक्केबाजों के लिये सुनहरा मौका : डून

नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर। नवनियुक्त हाई परफॉर्मेंस निदेशक बर्नार्ड डून ने कहा कि आगामी एशियाई चैम्पियनशिप भारतीय मुक्केबाजों के लिये पेरिस ओलंपिक के मद्देनजर अपनी क्षमता दिखाने का सुनहरा मौका होगी।

राष्ट्रमंडल खेलों में मिली सफलता के बाद भारतीय मुक्केबाज जोर्डन में इस सप्ताह से शुरू हो रही एशियाई चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। डून ने कहा ,'' मुझे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। बात पदकों की नहीं है , प्रदर्शन की है। उन्हें अपनी क्षमता का प्रदर्शन करना होगा कि वे पेरिस ओलंपिक 2024 खेल सकते है।''उन्होंने कहा ,''उनके लिये यह मौका है। मैं देखना चाहता हूं कि टीम कैसा प्रदर्शन करती है।''उन्होंने कहा ,'' हमने कई शिविरों का आयोजन कर लिय।

# प्र.मंत्री ऋषि सुनक ने हाथ में कलावा बांधकर अपना पहला भाषण दिया

## प्रधानमंत्री बनने के बाद ऋषि सुनक ने पहली ही झलक में अपनी हिन्दुत्ववादी सोच को पुख्ता कर दिया

लंदन, 26 अक्टूबर। भारतवंशी ऋषि सुनक ने मंगलवार को ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान उन्होंने अपनी हिंदुत्व वाली छवि को और पुख्ता कर दिया। सुनक जब वह प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अधिकारियों के साथ बैठक करने पहुंचे तो उनके हाथों पर कलावा बंधा हुआ था, जो कि हिंदू धर्म के प्रतीक चिन्हों में से एक है। उनकी यह तस्वीर वायरल हो चुकी है।

गौरतलब है कि, प्रधानमंत्री बनने के बाद ऋषि सुनक ने वादा किया कि वह संकटग्रस्त देश की जरूरतों को राजनीति से ऊपर रखेंगे और अपनी पूर्ववर्ती सरकार द्वारा की गई गलतियों को सुधारेंगे। सुनक को दिवाली के दिन कंजर्वेटिव पार्टी का निर्विरोध नया नेता चुना गया था।

ब्रिटेन के पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक धर्म से हिंदू हैं और वह पिछले 210 साल में ब्रिटेन के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं। पेशे से बैंकर रहे सुनक ने प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर अपने पहले संबोधन में

- भारतवंशी ऋषि सुनक को दिवाली के दिन कंजरवेटिव पार्टी का निर्विरोध नया नेता चुना गया था।

कहा कि उन्होंने ऐसे समय में कार्यभार संभाला है जब ब्रिटेन गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह इन चुनौतियों का सामना करने में सफल होंगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ ने भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक ऋषि सुनक को ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। योगी ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा, ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर ऋषि सुनक जी आपको बधाई और शुभकामनाएं। आपकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर



दुनिया भर के भारतीयों को गर्व की अनुभूति हो रही है। आपके नेतृत्व में भारत ब्रिटेन रिश्तों का एक नया स्वर्णिम युग शुरू होगा।

वहीं, अखिल भारतीय मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएम आईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को कहा कि हिजाब पहनने वाली लड़की भविष्य में भारत की प्रधानमंत्री बनेगी।

ओवैसी ने कहा, "इंशाअल्लाह एक हिजाब पहनने वाली लड़की मेरे जीवित रहते में या मेरे जीवन के बाद भारत की प्रधानमंत्री बनेगी।"

उन्होंने यह टिप्पणी तब की जब उनसे भारत मूल के ऋषि सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने को लेकर उठे विवाद पर सवाल किया गया।

आपको बता दें कि कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम और शशि थरूर ने सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने के बाद उम्मीद जतायी थी कि भारत अल्पसंख्यकों से किसी व्यक्ति को शीर्ष पद पर चुनने के लिए ब्रिटेन का का अनुसरण करेगा। चिदंबरम ने ट्वीट कर कहा था, "पहले कमला हैरिस, अब ऋषि सुनक।

## कबाड़ से 254 करोड़ रु. की आय

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (वार्ता)। केंद्र सरकार के कार्यालयों में गांधी जयंती से शुरू किए गए विशेष स्वच्छता अभियान में अब तक ढाई सौ करोड़ रुपये से अधिक का कबाड़ निकला जा चुका है और 37 लाख वर्ग फुट से अधिक जगह खाली हुई है। यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा।

कार्मिक एवं लोक शिकायत एवं पेंशन मामलों के मंत्रालय की एक

- इतनी बड़ी आय के अतिरिक्त गत तीन सप्ताह में केन्द्र सरकार के दफ्तरों में दबी पुरानी फाइलों को हटाकर करीब 37 लाख वर्ग फुट से अधिक जगह भी खाली हुई है।

विज्ञप्ति के अनुसार तीन सप्ताह की छोटी अवधि के दौरान कबाड़ के निपटान से अब तक 254 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई है। इसके साथ ही कार्यालयों से 37.19 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई है जो कबाड़ और कचरे से घिरी थी।

# सरसों के जैनेटिकली मॉडिफाइड बीज एवं खेती को मंजूरी मिली

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर। जैनिटिकली मॉडिफाइड (जीएम) बीजों एवं फसलों के इस्तेमाल पर देश में शुरु से भारी विवाद की स्थिति रही है। अब सरकारी बायोटेक रेग्युलेटर जेनेटिक इंजिनीयरिंग अप्रेजल कमिटी (जी.ई.ए.सी.) ने सरसों के जेनेटिकली मोडिफाइड बीजों का इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी है। अभी कमर्शियल खेती में ही इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

जीईएसी के तहत जीएम सरसों पर बनी एक्सपर्ट कमिटी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति दीपक पेंटल को वैज्ञानिक शोध को स्वीकार कर लिया। इंडियन काउंसिल ऑफ ऐग्रिकल्चरल रिसर्च (आई.सी.ए.आर.) ने परागण पर अध्ययन की रिपोर्ट जारी होने के बाद इन बीजों को मंजूरी दी है। जीएम सरसों को मंजूरी मिलने का मतलब है कि यह फसल पर्यावरण कि दृष्टि से सही रहेगी। हालांकि अभी केंद्रीय कैबिनेट ने इसकी मंजूरी नहीं दी है।

साल 2009 में यूपीए सरकार में पर्यावरण मंत्री रहे जयराम रमेश ने भारत

- जैनेटिकली इंजिनियरिंग अप्रेजल कमेटी (जे.ई.ए.सी.) ने सरसों की जी.एम. खेती को उचित मानते हुये अपना प्रपोज़ल केन्द्र सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा।

में पहले जीएम फूड बीटी बैंगन को मंजूरी दी थी। वहीं अब भारत को खाने के तेल के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के मकसद से जीएम सरसों को मंजूरी दी गई है। इससे उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है। मामले से जुड़े लोगों ने कहा कि अगर सरकार कोई आपत्ति नहीं करती है तो जीएम सरसों अब एक स्वीकार्य फसल है।

बता दें कि पहले भी जीएम सरसों को लेकर बहस उठी थी।

## राजस्थान को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर राजस्थान में प्रभारी महासचिव के रूप में कोई अन्य नेता आए, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि अजय माकन की ओर से दिए गए फीडबैक और रिपोर्टों के आधार पर आने वाले दिनों में कुछ फैसले होने वाले हैं। उन फैसलों में सबसे बड़ा फैसला तो 25 सितंबर को समानांतर बैठक बुलाने वाले विधायकों और उनका नेतृत्व करने वाले मंत्री शांति धारीवाल, महेश जोशी और आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ को दिए गए नोटिस पर कार्यवाही का होगा। वैसे कहा यह भी जा रहा है कि नए प्रभारी महासचिवों की नियुक्तियों में कुछ समय लग सकता है। अत: राजस्थान को लेकर जो भी फैसले होने हैं, उनमें भी कुछ देरी हो सकती है, लेकिन फैसले होंगे जरूर। इस बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत दिल्ली से लौटने के साथ ही एक बार फिर गुजरात के मुख्य पर्यवेक्षक की भूमिका निभाने जा रहे हैं, तो दूसरी और खड़गे के कार्यभार ग्रहण करने के मौके पर उपस्थिति दर्ज कराने के बाद सचिन पायलट अपने पैतृक गांव वैदपुरा चले गए हैं, जहां वे गोवर्धन पूजा समारोह में शामिल होंगे।

# केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राज्य के वित्त मंत्री को बर्खास्त किया

## केरल के मु.मंत्री ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि, मंत्री को हटाने या नियुक्त करने का अधिकार मुख्यमंत्री का है

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर। केरल के राज्यपाल एवं निर्वाचित सरकार के बीच की लड़ाई अब चरम पर पहुँच गई है। ये दोनों ही संवैधानिक सत्ताएं अपने-अपने अधिकारों पर इतना जोर दे रही हैं कि उनके बीच यह लड़ाई एक कानूनी-राजनैतिक संकट का रूप ले सकती है।

राज्य के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने "केरल के वित्त मंत्री के.एन. बालगोपाल के पद पर बनाये रखने की अपनी सहमति वापस ले ली है। राज्यपाल के इस कदम पर मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने बड़ी उग्र प्रतिक्रिया देते हुये राज्यपाल की माँग को स्वीकार करने से इंकार कर दिया तथा अपने इस अधिकार को दोहराया कि मंत्रियों को नियुक्त करना एवं हटाना उनका (मुख्यमंत्री) स्वयं का संवैधानिक अधिकार है।

मुख्यमंत्री ने सरकारी सूचना तंत्र के माध्यम से अपना यह अधिकार संबंधी संदेश राजभवन तक पहुँचा दिया कि राज्यपाल मुख्यमंत्री की सलाह से बँधे हुये हैं। जहाँ तक निर्वाचित सरकार का संबंध है, केरल सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि राज्यपाल की प्रसन्नता मुख्यमंत्री की सलाह पर निर्भर एवं उससे नियंत्रित है तथा यह अधिकार संविधान-प्रदत्त है।

मुख्यमंत्री की सलाह के बिना, राज्यपाल को यह अधिकार नहीं है कि वह किसी मंत्री या कैबिनेट को बने रहने की सहमति को वापस ले सके, अर्थात उसे पद से हटा सके।

राज्यपाल खान ने वित्त मंत्री के इस कथित बयान पर घोर आपत्ति जताई कि लोग आपस की सामान्य चर्चा में प्राय: ऐसा कहते हैं कि जिस लोकतांत्रिक तरीके से केरल के विश्वविद्यालय काम करते हैं, उसे उत्तर प्रदेश नहीं समझ पायेगा।

दरअसल, राज्यपाल वाइस चांसलरों के काम-काज से भी नाराज चल रहे हैं तथा उन्होंने नौ वाइस चांसलरों को अविलम्ब इस्तीफे देने के आदेश दिये हैं। राज्यपाल खान का कहना है कि वित्त मंत्री ने उन पर अप्रत्यक्ष टिप्पणी की है।

हालाँकि मुख्यमंत्री तो खामोश थे लेकिन राज्यपाल के खिलाफ मंत्रियों ने

- केरल में राज्यपाल और सरकार के बीच की लड़ाई दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। इसकी शुरुआत तब हुई जब राज्यपाल ने राज्य के 9 वाइस चांसलर को हटाने का आदेश जारी किया, और राज्य के वित्त मंत्री के.एल. बालगोपाल ने इसकी खिल्ली उड़ाई।

व्यंग्यपूर्ण टिप्पणियाँ कीं। यह घटना हाल ही में हुये एक समारोह में हुई। जब दो मंत्रियो आर. बिन्दु तथा के.एन. बालगोपाल ने ये टिप्पणियाँ राज्यपाल के नाम या पद का उल्लेख किये बिना कीं। के.एन. बालगोपाल ने कहा था कि "उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के विश्वविद्यालयों के काम-काज की जानकारी रखने वालों के लिये, केरल के विश्वविद्यालयों को समझना मुश्किल होगा।"

राज्यपाल ने मंत्री के खिलाफ अपने "केस" को "प्रमाणित करने" के लिये कई मीडिया रिपोर्ट्स उद्धृत कीं तथा वित्त मंत्री बालगोपाल पर क्षेत्रवाद भड़काने का आरोप लगाया। राज्यपाल ने कहा कि उनकी टिप्पणियाँ केरल एवं अन्य राज्यों के बीच फासला पैदा करने वाली थीं तथा ऐसा प्रभाव एवं संदेश दे रही थीं कि भारत के अलग-अलग राज्यों में उच्च शिक्षा के भिन्न-भिन्न तरीके एवं रीति-नीति है। राज्यपाल ने आगे कहा, "उन्होंने न केवल राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को चुनौती दी है, बल्कि उस संवैधानिक परम्परा को भी चुनौती दी है, जिसके चलते यह आवश्यक है कि प्रत्येक राज्य का राज्यपाल उस राज्य के बाहर का व्यक्ति ही होगा।"

मंत्री के खिलाफ एक अत्यन्त कटु टिप्पणी के अन्तर्गत, राज्यपाल ने कहा, "श्री के.एन. बालगोपाल के कथित बयान उस शपथ का उल्लंघन नहीं है, जो मैंने उन्हें दिलाई थी। एक मंत्री, जो उस शपथ का जानबूझकर उल्लंघन करता है तथा भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करता है, वह मेरी प्रसन्नता को जारी रखे जाने का अपने पद पर बने रहने का हकदार नहीं हो सकता। इन परिस्थितियों में मेरे पास इसके अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है कि मैं (सरकार को) यह संदेश पहुँचा दूँ कि श्री के.एन. बालगोपाल अब मंत्री के रूप में मेरी प्रसन्नता के पात्र नहीं रहे हैं। मैं आशा करता हूँ कि आप (मुख्यमंत्री) इस प्रकरण पर उतनी गंभीरता से विचार करेंगे, जिस गंभीरता लायक यह मामला है तथा संवैधानिक दृष्टि से उचित कार्यवाही करेंगे।"

दूसरी तरफ, केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने राज्यपाल के सुझाव पर विचार तक करने से इंकार कर दिया तथा उन्होंने राज्यपाल को यह स्मरण भी करा दिया कि मंत्रियों को नियुक्त करने तथा बर्खास्त करने का पूरा परमाधिकार निर्वाचित मुख्यमंत्री का होता है तथा राज्यपाल को कैबिनेट की सलाह के अनुरूप ही चलना चाहिये तथा उन्हें व्यक्तिश: ऐसा कोई अधिकार नहीं है कि वे किसी मंत्री या मंत्रिमण्डल को नियुक्त या बर्खास्त कर सकें।

मंत्रियों ने राज्यपाल के पद की निन्दा या अपमान नहीं किया है तथा सच तो यह है कि राज्यपाल वित्त मंत्री बालगोपाल के शब्दों से अनावश्यक अर्थ निकालते तथा जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया देते प्रतीत हो रहे हैं।

सरकार और राज्यपाल के बीच की इस तनातनी का मूल राज्यपाल के उन आदेशों में छिपा है जिनमें 9 वाइस चांसलकरों को इस्तीफे देने के लिये कहा गया है।

आदेशों में यह भी कहा गया है कि उनकी नियुक्ति अरक्षणीय थीं क्योंकि उनकी चयन प्रक्रिया युनिवर्सिटी ग्रान्ट कमीशन के मानदंडों के अनुरूप नहीं थीं। राज्यपाल ने सोमवार (जो जा चुका) तक उनके इस्तीफे माँगे थे, लेकिन केरल उच्च न्यायालयने वाइस चांसलरों को अस्थाई स्थगन दे दिया था। इसके बाद, राज्यपाल ने उनको "कारण बताओ" नोटिस जारी करते हुये, उनसे अपने जवाब 3 नवम्बर से पहले देने को कहा है।

## 'जम्मू-कश्मीर के भारत से संबंध अवैध हैं'

श्रीनगर 26 अक्टूबर (वार्ता) जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने 2019 में तत्कालीन राज्य के विशेष दर्जे को समाप्त किए जाने के बाद देश के बाकी हिस्सों के साथ जम्मू और कश्मीर के संबंध को अवैध करार देते हुए 1947 में आज के ही दिन हस्ताक्षरित विलय पत्र को बहाल करने की मांग की।

- पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि, आर्टिकल 370 के खत्म होने के साथ ही कश्मीर के भारत संघ से संबंध भी समाप्त हो चुके हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने पार्टी मुख्यालय में कहा कि 2019 में तत्कालीन राज्य के विशेष दर्जे को समाप्त किए जाने के बाद देश के बाकी हिस्सों के साथ जम्मू और कश्मीर का संबंध अवैध है। उन्होंने कहा, हमें इस दिन (विलय दिवस) पर छुट्टी की आवश्यकता नहीं है। हमें एक समझौते के पूर्ण कार्यान्वयन की आवश्यकता है जिसका वादा विलय के समय किया गया था और इस पर हस्ताक्षर किए गए थे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का भारत संघ में विलय कुछ शर्तों पर आधारित था।

## एक लाख ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कम-मैरिट स्कॉलरशिप स्कीम की अंतिम तिथि बुधवार को 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी। एन.एस.पी. स्कॉलरशिप का एक एकीकृत प्लेटफार्म है। यह ऑफर उन छात्रों के लिए है जिनके माता-पिता की वार्षिक आय 3.50 लाख रूपए सालाना है और जिनके सातवीं कक्षा में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक आए हैं, उन्हें नवीं, दसवीं और ग्यारहवीं कक्षा में अध्ययन के लिए 12 हजार रूपए वार्षिक छात्रवृत्ति मिलेगी। एस.सी. और एस.टी. वर्ग के छात्रों के लिए सातवीं कक्षा में न्यूनतम अंक सीमा 50 प्रतिशत है। स्कीम का उद्देश्य इकोनॉमिकली वीकर सैक्शन्स (इ.वी.एस.) के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को आठवीं कक्षा में पढ़ाई छोड़ने से रोकना और राज्य सरकार तथा सरकारी सहायता प्राप्त एवं स्थानीय निकाय के स्कूलों में दसवीं कक्षा तक पढ़ाई करवाना है। कुल एक लाख स्कॉलरशिप्स ऑफर की जा रही हैं। इसमें वैरिफिकेशन के दो लैवल हैं। एल.1, इन्स्टीट्यूट नोडल ऑफिसर (आई.एन.ओ.) लैवल है और एल.2 डिस्ट्रिक्ट नोडडल ऑफिसर (डी.एन.ओ.) लैवल है। आई.एन.ओ. लैवल (एल.1) वैरिफिकेशन की अंतिम तिथि 15 नवम्बर है जबकि डी.एन.ओ. लैवल (एल.2) वैरिफिकेशन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर है।

# केजरीवाल का हिन्दुत्व

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की विजय के बाद वे अपने समर्थकों के साथ देवी-देवताओं के दर्शन करने के लिये दिल्ली के हनुमान मन्दिर गये भी थे।

इसके बाद, उनकी सरकार ने तीर्थयात्रियों को नि:शुल्क यात्रा कराने की योजना की घोषणा भी की थी। कुछ खास अवसरों पर, केजरीवाल ने सामूहिक प्रार्थनाों तथा सुन्दरकांड के पाठ भी आयोजित कराये हैं। लक्ष्मी-गणेश को लेकर उनके द्वारा चली गई इस नई चाल का उद्देश्य चुनावाधीन राज्य गुजरात में हिन्दू मतदाताओं को अपनी ओर खींचना है, जहाँ हाल ही के सप्ताहों में वे मन्दिरों के खूब चक्कर लगा रहे हैं।

केजरीवाल की इस माँग से बौखलाकर, भाजपा ने उन्हें "चुनावी हिन्दू" क़हा है, जबकि भाजपा के अनुसार, "उनका

- भाजपा ने कटाक्ष किया, केजरीवाल "चुनावी हिन्दू" हैं। उन्होंने राम मंदिर के निर्माण का तथा फिल्म कश्मीर फाइल्स का काफी विरोध किया था। तथा अब, गुजरात व हिमाचल चुनाव के पहले शुद्ध व पूर्ण हिन्दू होने का अहसास कराना चाहते हैं।

हिन्दू-विरोधी रूख सुविदित रहा है। भाजपा प्रवक्ता सम्बित पात्रा ने कहा, केजरीवाल ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध किया था। तथा दिल्ली विधानसभा में दिये गये एक भाषण में फिल्म "कश्मीर फाइल्स" की हँसी उड़ाई थी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री पूर्वमंत्री राजेन्द्र पाल गौतम के विरूद्ध भी कोई कार्यवाही नहीं की थी, जिन्होंने हाल ही में हिन्दू देवताओं की आलोचना की थी।"

पात्रा ने याद दिलाया कि केजरीवाल ने एक ट्वीट पोस्ट किया था, जिसमें "स्वास्तिक" चुनाव चिन्ह को झाड़ू (आपका चुनाव चिन्ह) द्वारा झाड़ते हुए दिखाया था।

एक अन्य भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने माँग की कि केजरीवाल यह बतायें कि उन्होंने आप नेता राजेन्द्र पाल गौतम तथा गोपाल इटालिया के खिलाफ क्या कार्यवाही की, जिन्होंने हिन्दू-विरोधी टिप्पणियाँ की थीं। केजरीवाल की इक लक्ष्मी-गणेश से सम्बन्धित इस ताजातरीन माँग की कांग्रेस नेताओं ने भी आलोचना की है। कांग्रेस-प्रवक्ता अनीस सोज ने कहा कि केजरीवाल के तर्क के आधार पर तो, अल्लाह, जीसस, गुरू नानक, गौत बुद्ध तथा भगवान महावीर के चित्र भी करेंसी नोटों पर छापे जाने चाहिये।

गुजरात एवं हिमाचल विधानसभा चुनावों की तैयारियों के इस दौर में आप हिन्दुत्व को लेकर बड़ा खेल खेलने की कोशिश कर रही है।

पार्टी सांसद संजय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से स्पष्टीकरण माँगा है कि वे लक्ष्मी-गणेश से सम्बन्धित केजरीवाल के सुझाव से सहमत हैं अथवा नहीं। आप नेता आतिशी मारलेना ने भाजपा से कहा है कि वह केजरीवाल के प्रस्ताव का विरोध न करें क्योंकि यह 130 करोड़ भारतीयों की आस्था का मामला है।

# सोनिया व राहुल गांधी ने "स्ट्राँग...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करने की कोशिश की। पर दो बार राहुल ने उनकी अनदेखी व उपेक्षित किया।

गांधी परिवार का संदेश स्पष्ट था और उसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। इससे संकेत मिलता है कि आगामी दिनों

- सी.डब्ल्यु.सी. को भंग कर दिया गया है, और एक "स्टिअरिंग कमेटी" का गठन किया गया है, जो कांग्रेस के अधिवेशन तक सी.डब्ल्यु.सी. का काम देखेगी तथा, अधिवेशन में नयी सी.डब्ल्यु.सी. के गठन के लिये चुनाव होंगे।
- मैसेज है, गहलोत, सोनिया गांधी के "हिट लिस्ट" में हैं तथा, जो सोनिया गांधी की हिट लिस्ट में होता है, उसका अस्तित्व जल्दी ही समाप्त हो जाता है।

में क्या हो सकता है। बाद में ए.आई.सी. का कार्यक्रम खत्म होने के बाद सभी मुख्यमंत्री व ए.आई.सी. पदाधिकारी खड़गे के निवास पर एकत्रित हुए जहां खड़गे ने सभी को दोपहर का भोज दिया। अशोक गहलोत भी खड़गे के आवास पर गए। पवन बंसल व कई अन्य नेताओं से मुलाकात की।

जहां गहलोत की उपेक्षा हुई लेकिन अजय माकन जो राजस्थान के प्रभारी हैं और इस बार सीधे गहलोत से टकराए हैं, को सुबह के कार्यक्रम में काफी महत्व दिया गया, उन्होंने ही पार्टी की तरफ से सोनिया के लिए धन्यवाद संदेश पढ़ा। चर्चा है कि उन्हें बड़ा पद मिल सकता है।

नए अध्यक्ष के आगमन के बाद कांग्रेस कार्य समिति के सभी सदस्यों, महासचिवों, ए.आई.सी. राज्य प्रभारियों और पदाधिकारियों ने नए कांग्रेस अध्यक्ष को इस्तीफे सौंप दिए। सी. डब्ल्यू.सी. भंग कर दी गई है तथा उसके स्थान पर एक 'स्टीअरिंग कमेटी' गठित कर दी गई है। यह कमेटी पार्टी के अधिवेशन तक काम करेगी। पार्टी अधिवेशन में सी.डब्ल्यू.सी. के चुनाव होने की उम्मीद है। नई सी.डब्ल्यू.सी. का गठन तब होगा, जब पार्टी अधिवेशन में मल्लिकार्जुन खड़गे के चुनाव की अभिपुष्टि (रेटिफिकेशन) हो जायेगी। आशा की जा रही है कि आगामी दिनों में पार्टी तंत्र का एक बड़ा सुधार या कायाकल्प होगा तथा खड़गे गांधी परिवार तथा उनके प्रिय लोगों की पसंद का खयाल रखेंगे। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि आज के बाद, यह स्पष्ट है कि अशोक गहलोत सोनिया गांधी की "हिट लिस्ट" में है तथा जो भी उनकी हिट लिस्ट में है, उसका चलना असंभव होगा।

## खड़गे ने 47....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कुमारी शैलजा, के.सी. वेणु गोपाल, जितेन्द्र सिंह, लाथनवाला, मुकुल वासनिक, ओमान चाण्डू, प्रियंका गांधी वाड्रा, पी. चिदम्बरम, रणदीप सिंह सुरजेवाला, रघुवीर मीना, तारिक अनवर, डा. ए. चेला कुमार, डा. अजोय कुमार, अधीर रंजन चौधरी, भक्त चरण दास, देवेन्द्र यादव और दिग्विजय सिंह।

अन्य सदस्य हैं: दिनेश गुण्डूराव, बी. मनिकम टैगोर, मनीष चत्रथ, मीरा कुमार, पी.एल. पूनिया, पवन कुमार बंसल, प्रमोद तिवारी, रजनी पाटिल, डा. रघु शर्मा, राजीव शुक्ला, सलमान खुर्शीद, टी. सुभीरामी रेड्डी, तारिक हामिद कर्रा, हरीश चौधरी, जय प्रकाश अग्रवाल और के.एच. मुनियप्पा।

## खड़गे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चुनौती का सामना कर रही है। गत दो दशकों में वे पहले गैर गांधी अध्यक्ष और निंजलिंगप्पा (1968) के बाद कर्नाटक के दूसरे नेता हैं जो अध्यक्ष बने।

खड़गे गत सप्ताह भारी बहुमत से चुनाव जीते थे, उन्होंने शपथ ली है कि वे देश में व्याप्त झूठ और नफरत के चक्रव्यूह को तोड़ देंगे। उन्होंने वायदा किया कि इस वर्ष के आरंभ में हुई उदयपुर घोषणा का वे क्रियान्वयन करेंगे और 50 प्रतिशत पद 50 वर्ष से कम उम्र के नेताओं को देंगे।

सोनिया गांधी ने कहा "खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष के रुप में प्रेरक व्यक्तित्व हैं मैं नवनिर्वाचित अध्यक्ष खड़गे को हार्दिक बधाई देती हूँ। परिवर्तन संसार का नियम है।

कांग्रेस ने बहुत मुश्किलों का सामना किया है पर मुझे यकीन है कि हम इन समस्याओं से पार पा लेंगे।"

खड़गे ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की प्रशंसा की और कहा कि यह यात्रा देश भर में लोगों को कांग्रेस से जोड़ रही है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908